# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, 15 जून 2025 रविवार • वर्ष : 09 • अंक : 29 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1947 :** अखिल भारतीय कांग्रेस ने नयी दिल्ली में भारत के विभाजन के लिए ब्रिटिश योजना स्वीकार की।

**1988 :** नासा ने स्पेस व्हीकल एस-213 लॉन्च किया।

**1994 :** इस्त्रायल और वैटीकन सिटी में राजनयिक संबंध स्थापित।

**2006 :** भारत और चीन ने पुराना सिल्क रूट खोलने का निर्णय लिया।

**2006 :** भारत और चीन ने पुराना सिल्क रूट खोलने का निर्णय लिया।

**2008 :** आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार अल्ट्रावायलेट प्रकाश का विस्फोट कर बड़े सितारों की स्थिति देखी।

## नीट यूजी 2025 परीक्षा में झारखंड के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

### राजस्थान के महेश कुमार बने ऑल इंडिया टॉपर, हिमांशु बने झारखंड अव्वल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 4 मई को आयोजित हुई देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 का परिणाम आज जारी कर दिया है। नतीजों के साथ टॉपर्स की सूची भी जारी कर दी गई है। इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल कर नीट यूजी 2025 के टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरी रैंक मिली है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं और देशभर में अव्वल रहीं। टॉपर्स की इस सूची में दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र के कई छात्रों ने भी जगह बनाई है। हालांकि इस बार बीते साल से कठिन प्रश्नपत्र होने के चलते कटऑफ मार्क्स काफी नीचे गिर गए हैं। कैंडिडेट अपने स्कोर कार्ड को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और नीट यूजी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा में कैंडिडेट को मिले परसेंटाइल अंक और ऑल इंडिया रैंक भी जारी की गई है। इसके अलावा उनकी कैटिगरी रैंक भी उन्हें दी गई है। नीट यूजी 2025 के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर जारी कर दिए हैं। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच तय किया गया है। वहीं, सामान्य / ईडब्ल्यूएस-पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ 143 से 127 के बीच रहा। इसके अलावा ओबीसी, एससी और एसटी श्रेणियों के लिए नीट यूजी 2025 का कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित किया गया है।

## मुश्किल हालातों में हिमांशु ने लक्ष्य से नहीं किया समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



अपने परिवार के साथ झारखंड टॉपर हिमांशु

**रांची।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित इस प्रवेश परीक्षा के जरिए देश के सभी मेडिकल संस्थानों में स्नातक चिकित्सा शिक्षा में दाखिला होगा। नीट 2025 के घोषित रिजल्ट में रांची समेत झारखंड से बड़ी संख्या में छात्रों ने सफलता हासिल की है। गिरिडीह के हिमांशु कुमार ने परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 134 हासिल कर झारखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। हिमांशु का यह सफर केवल मेहनत का नहीं, बल्कि हौसले और परिवार के लिए कुछ कर गुजरने की जिद का परिणाम है। मुश्किल हालातों में भी उन्होंने अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। उनके पिता एक छोटी-सी दुकान में मोबाइल और टीवी रिपेयरिंग का काम करते हैं। बीते वर्ष उनके पिताजी को बड़ी आंत में ट्यूमर की गंभीर बीमारी हुई, जिसके इलाज के लिए उन्हें हैदराबाद तक जाना पड़ा। आज भी वे पूरी तरह स्वस्थ नहीं हैं। हिमांशु कहते हैं, ''मैंने यह परीक्षा सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि अपने परिवार की स्थिति को बदलने के लिए दी थी। यह रैंक मेरे संघर्ष और माता-पिता के बलिदान की पहचान है।'' इस साल नीट परीक्षा में झारखंड से 35,397 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 19,203 सफल रहे। राज्य का कुल सफलता प्रतिशत करीब 54% रहा, जो संतोषजनक माना जा रहा है। देशभर में इस वर्ष 22.09 लाख परीक्षार्थी नीट में शामिल हुए।

## चतरा में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर 44 लाख 57 हजार 350 रुपये नकद, 11.172 किलोग्राम अवैध अफीम और 0.287 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया है। इस अभियान में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पत्थलगड़ा निवासी अरुण कुमार दांगी का पुत्र रौशन दांगी उर्फ भागीरथ अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। इस टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सिमरिया) शुभम खंडेलवाल, चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा, पुलिस निरीक्षक सनोज कुमार चौधरी, अनिल उरांव, राकेश कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, संदीप कुमार, कुमार गौतम, सोनी खलखो, विजय कुमार, सोनू कुमार दास और दुखीराम महतो शामिल थे। टीम ने छापेमारी कर रौशन दांगी उर्फ भागीरथ और राजपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ीगढ़ा गांव की रहने वाली रूबी देवी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक आसमानी नीले रंग की मोटरसाइकिल, मोटरसाइकिल की चाबी और एक पुरानी लोहे की ब्राउन शुगर बनाने वाली मशीन भी बरामद की है। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने तस्करों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वे मुख्यधारा में लौट आएं, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बटाने नदी के पुनर्जीवन को लेकर तकनीकी टीम ने किया स्थल भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** बटाने नदी के पुनर्जीवन की दिशा में एक ठोस पहल करते हुए शनिवार को जिला स्तर पर गठित तकनीकी टीम ने नदी तट एवं बटाने डेम क्षेत्र का संयुक्त स्थल भ्रमण किया। इस महत्वपूर्ण दौरे का उद्देश्य नदी की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक संरचनात्मक और पारिस्थितिकीय जरूरतों की पहचान करना था, ताकि एक व्यापक और व्यावहारिक विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया जा सके। भ्रमण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि नदी के संरक्षण, जलप्रबंधन और इसके आसपास के पर्यावरणीय संतुलन को बहाल करने के लिए बहु-विभागीय समन्वय जरूरी है। नदी के दोनों किनारों पर भूमि संरक्षण कार्यों की योजना भूमि संरक्षण विभाग द्वारा तैयार की जाएगी, जबकि वाटरशेड विकास की योजना महिला एवं वाटरशेड विकास एजेंसी के माध्यम से प्रस्तावित की गई है। नदी में डैम जैसी संरचनाओं का निर्माण और उनका डीपीआर लघु सिंचाई विभाग द्वारा तैयार किया जाएगा। भूमि उपचार और संबद्ध कार्यों को मनरेगा योजना के तहत लागू किया जाएगा। स्थल निरीक्षण में वन प्रमंडली पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी छत्तरपुर एवं नावडीहा, अंचलाधिकारी हरीहरगंज, डीएमएफटी परियोजना पदाधिकारी, लघु सिंचाई विभाग और मनरेगा के अभियंताओं समेत संबंधित प्रखंडों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने माना कि बटाने नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन से न केवल जल संकट के समाधान में मदद मिलेगी, बल्कि इससे क्षेत्रीय आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे। टीम की ओर से आगामी दिनों में एक ठोस और व्यवहारिक डीपीआर तैयार कर राज्य और केंद्र सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। यह संयुक्त प्रयास बटाने नदी के दीर्घकालिक संरक्षण, पर्यावरणीय पुनर्स्थापन और स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है।

## धरती आबा जन भागीदारी अभियान 15 से 30 जून तक : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जनजातिय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा धरती आबा जन भागीदारी अभियान के लिए जागरुकता हेतु 15 से 30 जून 2025 तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पलामू उपायुक्त समीरा एस0 ने कहा कि यह अभियान पलामू के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में चलाया जायेगा। राष्ट्रव्यापी जागरूकता और लाभ अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति/ पीवीटीजी लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी/ लाभकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में पूर्वाह्न 10:30 बजे से शिविर का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत पीवीटीजी पंचायत में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजना से जोड़ना एवं उसकी जानकारी प्रत्येक लाभुकों तक पहुंचाया जाना है। उपायुक्त ने इसके लिए नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करते हुए शिविर आयोजन की पंचायतवार तिथि निर्धारित की है। उन्होंने लाभुकों को शिविर के आयोजन का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है। वहीं पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर शिविर का आयोजन कर संबंधित लोगों को लाभकारी योजनाओं से जोड़ने का का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रखंडों के संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को योजनाओं का देखरेख करने एवं शिविरों का सक्रियता से आयोजन करने का निदेश दिया है। उन्होंने नोडल पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शिविर में अनुसूचित जनजाति/ पीवीटीजी समुदायों को योजनाओं का लाभ देने हेतु शिविरों में लाना सुनिश्चित करने का निदेश दिया है।

## सभी मतदान केंद्रों पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर होगी सुव्यवस्थित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश प्राप्त है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा हेतु अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर ही सुव्यवस्थित करनी है। इसके कारण राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि होगी। जिसके लिए नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे साथ ही उक्त मतदान केंद्रों हेतु नए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर भी नियुक्त किए जायेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त एवं उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ ऑनलाईन माध्यम से बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा है कि मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध करें। इस हेतु पदाधिकारी अपने जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए नजरी-नक्शा, गुगल अर्थ व्यू मैप एवं की-मैप भी तैयार करा लें। उन्होंने कहा कि आगामी मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व संशोधन गतिविधि के लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने स्तर पर तैयारी कर लें। त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन करें। इस अवसर पर सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सभी उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्यालय से उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनिल कुमार सहीत सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## अपराधियों ने दो लोगों को गोलियों से भून डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में बेखौफ बदमाशों ने दो लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना से इलाके में सनसनी मच गई है। यह घटना हिलसा अनुमंडल के नगरनौसा और हिलसा थाना क्षेत्र की है। पहली घटना में नगरनौसा थाना क्षेत्र के पुरानी थाना के पास बदमाशों ने 26 वर्षीय युवक कुंदन कुमार उर्फ कैलू को गोली मार दी। आनन-फानन में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक डिबरापर गांव निवासी शैलेंद्र प्रसाद का पुत्र था। मृतक की पत्नी मधु देवी ने पुलिस को बताया कि कुछ महीने पहले उसके चचेरे देवर का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी, जिसका मामला कोर्ट में लंबित है। मृतक की पत्नी मधु देवी ने कहा कि पुरानी रंजिश में पति की हत्या की गई है। वहीं थानाध्यक्ष पंकज कुमार पवन ने बताया कि मृतक की पत्नी के बयान पर छह नामजद समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## झारखंड राजद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदारों ने भरे पर्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया आज संपन्न हुई। पूर्व घोषित शेड्यूल के अनुसार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन का समय निर्धारित था। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में राजनीतिक सरगर्मी के बीच हुसैनाबाद विधायक व निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह और निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष सदाकत हुसैन अंसारी ने राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान अभय कुमार सिंह से नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मांगे जाने पर कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप पर पक्षपात का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी संविधान में एनओसी को अनिवार्य नहीं किया गया है, फिर भी इसे उठाकर उनके नामांकन को रोकने की कोशिश की गई। वहीं, गिरधारी गोप ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी पद पर विराजमान व्यक्ति के चुनाव लड़ने की स्थिति में एनओसी मांगना सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि 15 जून को तीनों उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन दाखिल करने वाले निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष सदाकत हुसैन अंसारी ने अपनी जीत का दावा किया। उन्होंने कहा, 'मैं 1989 में छात्र जनता दल से राजनीति में आया और 13 वर्षों से झारखंड राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में पूरे समर्पण से पार्टी की सेवा की है। अब प्रदेश अध्यक्ष बनकर पार्टी को और मजबूत करना चाहता हूं। हुसैनाबाद विधायक और निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निर्देश और आशीर्वाद से नामांकन दाखिल किया है। उनके प्रस्तावकों में पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक दल के नेता सुरेश पासवान और कई अन्य वरिष्ठ सदस्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'अब सब कुछ राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के हाथ में है।'





| Entry | Air Force Common Admission Test (AFCAT) Entry | NCC Special Entry |
|---|---|---|
| Branches | Flying/ Technical/ Weapon Systems/ Administration/ Logistics/ Accounts/ Education/ Meteorology | Flying (NCC Air Wing 'C' certificate is mandatory) |

- AFCAT Entry: Registration and online exam mandatory; NCC Special Entry: Registration mandatory but no online exam
- Registrations are open from 2 June 2025 till 1 July 2025
- Aadhaar card is mandatory for online registration
- For more details, visit: careerairforce.gov.in and afcat.cdac.in

# ट्रायल के बाद भी ओपन डबल डेकर बस शुरू नहीं : पटना में टूरिस्टों के लिए चलेंगी




**पटना, एजेंसी।** पटना के पर्यटकों के लिए बिहार सरकार ओपन डबल डेकर बस चलाने वाली है। महाराष्ट्र की तर्ज पर बिहार में पहली बार इसकी शुरुआत होगी। इन बसों की टेस्टिंग तो हो गई है, लेकिन परिवहन विभाग की ओर से अब तक क्लीयरेंस नहीं मिला है। यही कारण है कि ट्रायल के लगभग के बाद बाद भी ये बसें अब तक पटना की सड़कों पर दौड़नी शुरू नहीं हुई है। पर्यटन विभाग ने परिवहन विभाग के पास क्लीयरेंस के लिए पत्र भेजा है। परिवहन विभाग के पीआरओ रविशंकर उपाध्याय ने बताया कि- डबल डेकर

## परिवहन विभाग से नहीं मिल रहा क्लीयरेंस इसलिए रुकी बसें

बस योजना पूरी तरह तैयार है। परिवहन विभाग का क्लीयरेंस मिलते ही शुरू हो जाएगी। यह बस दीघा से लेकर कंगन घाट तक चलेगी। इस सुविधा की अगर रिस्पॉन्स अच्छा रहेगा। तो इसे दीदारगंज तक बढ़ाया भी जा सकता है।

**ट्रायल के बाद भी शुरू नहीं हो रही बसें :** डबल डेकर बस सेवा पूरी तरह तैयार है, लेकिन विभागों के बीच काम की खस्ताहाल व्यवस्था के कारण यह योजना ट्रायल के बाद भी शुरू नहीं हो पा रही है। इस सुविधा के शुरू होने में सबसे बड़ी समस्या परिवहन विभाग का क्लीयरेंस नहीं मिलना है। अभी तक परिवहन विभाग ने डबल डेकर बस को क्लीयरेंस नहीं दिया है जिसके कारण अधर में लटका हुआ है।

**डबल डेकर बस योजना क्या है :** राज्य पर्यटन निगम की पहल से जेपी गंगा पथ, मरीन ड्राइव पर डबल-डेकर बस शुरू होने जा रही है। डबल डेकर बस का ट्रायल रन पूरा हो चुका है। पिछले महीने ही डबल डेकर बस का ट्रायल किया गया जिसमें जेपी गंगा पथ पर कंगन घट तक चलाया गया।

**पटना में आने वाले पर्यटकों की संख्या :** साल 2024 में लगभग 4.99 करोड़ पर्यटकों में 11.55प्रतिशत यानी करीब 57.4 लाख घरेलू और लगभग 21 हजार विदेशी पर्यटक पटना आए। 2023 के पहले चार महीनों में अकेले पटना में लगभग 28.17 लाख घरेलू और 4,340 विदेशी पर्यटक पहुंचे थे। डबल डेकर बस की क्षमता 40 सीटों की है। बस के निचले डेक में 20 सीट जबकि खुले हुए ऊपरी डेक पर 20 लोगों की बैठने की क्षमता है। अगर ऊपर की सीटों पर बैठकर भ्रमण करते है, तो गंगा का मनोरम दृश्य देखने को मिलता है। डबल डेकर बस की शुरुआत होते ही पहले चरण में बसों को जेपी गंगा पथ पर दौड़ाया जाएगा। पर्यटन विकास निगम द्वारा शुरू किए जा रहे योजना में बस को दीघा रोटरी से कंगन घाट तक चलाया जाएगा। बस दीघा रोटरी से सभी पर्यटकों को लेकर पटना सिटी स्थित कंगन घाट तक जाएगी। फिर वहां से पर्यटकों को लेकर दीघा रोटरी तक आयेगी। पटना के यात्रियों के लिए मॉडर्न सुविधाएं दी जाएगी। बस में जीपीएस सिस्टम लगा होगा, लोगों के लिए फ्री वाईफाई, एसी, ठंडा पानी पीने के लिए फ्रिज और लाइव-गाइड सिस्टम की सुविधा दी गई है।

**डबल डेकर बस का क्या होगा किराया :** पटना में जेपी गंगा पथ पर रोटरी से कंगन घाट तक चलने वाले एक राउंड ट्रिप के लिए 100रु किराया तय किया गया है। हर व्यक्ति के लिए 100रु किराया लगेगा। व्यक्ति बीच रास्ते में कही भी उतरे, सभी के लिए 100रु ही लगेगा।

**डबल डेकर से क्या होगा फायदा :** पटना में शुरू हो रहे डबल डेकर बस के शुरू होने से गंगा किनारे के दृश्य, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की जानकारी लाइव-गाइड के माध्यम से मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही लोगों को रोजगार मिल सकेगा। बस की शुरुआत होने से नई आकर्षण-भरा अनुभव, जिससे घरेलू और विदेशी पर्यटकों को जोड़ने में मदद मिलेगी।

# भीषण गर्मी में फीडरों पर बढ़ा लोड, जवाब दे रहे पुराने तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भीषण गर्मी में फीडरों पर लोड बढ़ते ही पुराने तार जवाब देने लगे हैं। इससे ट्रिपिंग से लेकर घंटों बिजली गुल हो जा रही है। दरअसल, गर्मी बढ़ने के साथ लोग ताबड़तोड़ एसी-कूलर खरीद रहे हैं। इससे बिजली लोड के साथ खपत भी बढ़ी है। एक फीडर पर करीब दो-चार मेगावाट बिजली का लोड बढ़ा है। जिले में तकरीबन 30 फीडर हैं, जिससे घरों तक आपूर्ति की जा रही है। बीते सप्ताह पटना में हुई विभागीय समीक्षा में अभियंताओं ने कूलर-एसी की संख्या बढ़ने और पुराने संसाधन होने से व्यवस्था धड़ाम होने की बात रखी। इसमें बताया कि कूलर-एसी की संख्या बीते साल की अपेक्षा दो से तीन गुना बढ़ गई है। इससे खपत तो बढ़ी है, लेकिन डीटी मीटर पर वहीं पुराना लोड है। बताया गया कि अतिरिक्त लोड से ट्रांसफॉर्मर हांफने लगे हैं। हाईटेंशन से लो टेंशन लाइन गर्म होकर जलने लगे हैं। आपस में दो तार सटकर करंट प्रवाह को सीरिज कर रहे हैं। इससे लो वोल्टेज की समस्या हो रही है। टेललैस फ्यूज जलने की वजह से बिजली की आवाजाही से भी लोग परेशान हैं। शहरी क्षेत्र के एमआईटी, सिकंदरपुर, एसकेएमसीएच, रामदयालुनगर, बेला, चंदवारा, बैरिया, दामोदरपुर के अलावा ग्रामीण इलाकों के कुढ़नी, मड़वन, कांटी, कटरा इलाके में बिजली की समस्या अधिक है। इन इलाकों के फीडरों पर लोड अधिक और संसाधन पुराने है। इस वजह से तार टूटने, कंडक्टर और इश्यूलेटर ब्लास्ट, फ्यूज उड़ने की समस्या है। मालूम हो कि बीते सप्ताह लोड अधिक होने से सिकंदरपुर 33 केवीए लाइन में कई जगहों पर फॉल्ट आया था। इससे 16 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही थी।

**लोड अधिक होने से बिलिंग भी ज्यादा :** विभिन्न फीडरों के जेई ने बताया कि लोड अधिक होने से बिजली कंपनी को नुकसान नहीं है। संसाधन सही नहीं होने से निचले स्तर पर परेशानी होती है। कूलर-एसी के बढ़ने से एक कनेक्शन पर लोड भी बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### किशनगंज में ट्रेन से कटकर महिला की मौत

■ **रेलवे ट्रैक पारकर पड़ोस से गई थी पानी लाने, वापस लौटने के दौरान हादसा**

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में शुक्रवार रात रेलवे ट्रैक पार कर रही महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना कुर्लीकोर्ट थाना क्षेत्र के कनकपुर पंचायत के जामनीगुरी गांव स्थित रेलवे फाटक संख्या 255 की है। मृतका की पहचान जामनीगुरी गांव निवासी आसिफा बेगम के रूप में हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका पानी लाने रेलवे ट्रैक के दूसरे पार पास के घर में गई थी। सूचना मिलते ही कुर्लीकोर्ट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि मृतका की मृत्यु ट्रेन से कटकर हुई है। मामला रेल प्रशासन से जुड़ा होने के वजह से मृतका के शव को पुलिस ने रेल प्रशासन को सौंप दिया है। फिलहाल ठाकुरगंज की रेल प्रशासन मामले पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तेज आंधी में बेकाबू होकर गड्ढे में गिरी बाइक

■ **गोपालगंज में पेड़ से टकराकर युवक की मौत, पिता के पास मां को आया था छोड़ने**

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज में तेज आंधी में बेकाबू होकर बाइक गड्ढे में गिरी और पेड़ से टकरा गई। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। शुक्रवार की रात वे अपनी मां को किराए के मकान में छोड़ने आया था। उसके पिता गोपालगंज समाहरणालय में सरकारी कर्मचारी हैं। घटना धतिवना गांव के लोहरपटी और धतिवना मुख्य मार्ग पर हुई। मृतक की पहचान सीवान जिले के बड़हरिया थाना क्षेत्र निवासी संजय कुमार(21) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना थावे पुलिस को दी। थानाध्यक्ष हरेराम कुमार और एसआई पवन कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### कहलगांव अमृत भारत स्टेशन का काम 20 दिनों में होगा पूरा : डीआरएम

**भागलपुर, एजेंसी।** पूर्व रेलवे मालदा मंडल के डीआरएम मनीष गुप्ता ने शुक्रवार को अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कहलगांव स्टेशन के विकास कार्यों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। डीआरएम ने रेलवे अधिकारियों के संग स्टेशन परिसर स्थित वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, बाहरी परिक्षेत्र में बन रहे कार्यों का ड्राइंग के साथ एक-एक चीज का बारिकी से मुआयाना किया। मुआयाना के क्रम में बिछाए गए टाइल्स और मार्बल का साइज छोटा-बड़ा पाया गया। जिसके लिए साथ चल रहे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्टेशन परिसर स्थित पुराने शौचालय भवन को तोड़कर हटाने का निर्देश दिया। प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि कहलगांव रेलवे स्टेशन पर लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे पहले फेज का काम 15 से 20 दिनो में पूरा करा लिया जाएगा। इसको लेकर संवेदक को कड़ी हिदायत दी गई है। देरी होने पर कहा कि कुछ काम में विलंब हुआ है, मैटैरियल को लेकर परेशानी थी। लेकिन अब सब ठीक हो गया है। बचे काम को तीन सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। दूसरे फेज में कुछ काम होगा, जिसमें टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म, सीढ़ी, गार्डनिंग आदि के काम कराए जाएंगे। इस मौके पर डीईएन नीरज कुमार वर्मा, डीओएम मालदा अमरेन्द्र कुमार मौर्य, डीसीएम अंजन के अलावा राजेन्द्र कुमार, चंद्रा कुमार पटेल, प्रदीप दास भी मौजूद थे।

# 40 अपराधियों की संपत्ति जब्ती का प्रस्ताव कोर्ट में : मोतिहारी में एसपी के नेतृत्व में तैयार हुई पहली सूची

## मुखिया और मेयर के पति शामिल



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस ने अपराध, शराब तस्करी और जमीन माफियागिरी से संपत्ति बनाने वालों पर कार्रवाई शुरू की है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के तहत 40 अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव कोर्ट में भेजा है। एसपी स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में तैयार की गई पहली सूची में जमीन माफिया चूमन पटेल, मुखिया राहुल सिंह और मोतिहारी नगर निगम मेयर के पति देवा गुप्ता शामिल हैं। जिला परिषद सदस्य के पति रंजीत गुप्ता का नाम भी इस सूची में है। इन सभी ने शराब तस्करी और जमीन कब्जे से करोड़ों की संपत्ति बनाई है।

## कोर्ट से आदेश पर होगी कार्रवाई

एसपी ने बताया कि कोर्ट से अनुमति मिलते ही संपत्ति जब्ती शुरू होगी। धारा 107 के तहत उन लोगों पर कार्रवाई की जा रही है जो समाज में डर फैलाते हैं। पुलिस दूसरी सूची भी तैयार कर रही है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपराधियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मोतिहारी में अब अपराध से पैसा नहीं कमाया जा सकेगा। अपराधियों को या तो सही रास्ता चुनना होगा या फिर जेल जाना होगा।

# बेगूसराय में सेहरा बंधने से पहली उठी अर्थी :सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत

## एक की नवंबर में होनी थी शादी; समस्तीपुर बारात गए थे

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के तीन युवकों की सड़क हादसे में गुरुवार देर रात समस्तीपुर में मौत हो गई। तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे। बाइक से बारात जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद पूरे गांव में गम का माहौल है। परिजन बदहवास हैं। किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा है, क्या से क्या हो गया। शादी की खुशियां एक क्षण में मातम में बदल गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया। शव देखते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में बूढ़ी गंडक नदी किनारे अंतिम संस्कार किया गया।

## सेहरा बंधने से पहले उठी अर्थी

मृतकों की पहचान अनोज कुमार (30), शेर बहादुर उर्फ पूल्लू(20) और सुजीत कुमार उर्फ दिलखुश(15) के तौर पर हुई है। सभी खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के फफौत गांव के रहने वाले थे। अनोज दिल्ली में पारा मेडिकल की पढ़ाई करता था। इस साल नवंबर में शादी होनी थी। शेर बहादुर का भी रिश्ता पक्का हो चुका था। तारीख तय नहीं हुई थी। देवोत्थान एकादशी के बाद तारीख तय होता। घर में शादी की तैयारियां अभी से ही शुरू हो चुकी थी, लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। जिस घर में शादी का सेहरा बंधने की तैयारी थी, वहां से दोनों की अर्थी उठी।

**खुशी-खुशी बारात जाने के लिए निकले थे :** परिजनों ने बताया, सुजीत के फुफेरे भाई गोलू की शादी थी। तीनों युवक खुशी-खुशी घर से बारात जाने के लिए निकले थे। उस समय किसी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि ये अब लौटकर नहीं आएंगे। मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार को सबसे पहले हादसे की सूचना मिली। जिसके बाद समस्तीपुर के रोसड़ा थाना पहुंचे।



**परिवार के सदस्यों के बीच मचा कोहराम :** अनोज के पिता नहीं है। घर में मां इंदु देवी, भाई राज कुमार राय, भाभी पूजा देवी, बहन कविता कुमारी और बबिता कुमारी हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। शेर बहादुर पांच भाई-बहन में सबसे छोटा था। मां प्रेमा देवी, पिता बुधन महतो, भाई बिरजू, राहुल, राजीव और बहन मंजू के आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं, दिलखुश कुमार दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में मां ममता देवी, पिता महेश्वर दास, दादा बलदेव दास, भाई मनखुश और बहन शिवानी हैं।

# राजगीर खेल अकादमी से निकलने वाले गंदे पानी से डायरिया-डेंगू के केस बढ़े



**नालंदा, एजेंसी।** बिहार के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजगीर में निर्माणाधीन खेल अकादमी एक गंभीर पर्यावरणीय संकट का कारण बनती जा रही है। खेल अकादमी से निकलने वाला अनुपचारित दूषित जल स्थानीय समुदाय के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन गया है। राजगीर नगर परिषद के वार्ड संख्या-14 के अंतर्गत आने वाले ठेरा और हिंदूपुर गांव की लगभग 3000 की आबादी इस समस्या से सीधे प्रभावित हो रही है। निर्माणाधीन स्टेडियम से निकलने वाला गंदा पानी गांव के मुख्य तालाब में एकत्रित हो रहा है, जिसके लिए कोई उचित निकासी व्यवस्था नहीं है। दूषित जल से निकलने वाली तीव्र दुर्गंध के कारण स्थानीय निवासियों में डायरिया और डेंगू जैसी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। तालाब के निकट खड़ा होना भी एक चुनौती बन गया है। गंदे पानी का प्रभाव केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है - पशुओं के स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

## डायरिया की शिकायतें बढ़ी

ग्रामीण राकेश कुमार, रोहित कुमार, विकास कुमार, प्रमिला देवी और सुशीला देवी सहित अन्य स्थानीय निवासियों ने बताया की निर्माणाधीन स्टेडियम से निकलने वाला गंदा पानी हमारे गांव के तालाब में आकर गिर रहा है। डायरिया की शिकायतें बढ़ गई हैं और तालाब के पास खड़ा रहना भी मुश्किल हो गया है। समस्या का दायरा मनुष्यों से कहीं व्यापक है। दूषित पानी पीने से मवेशी भी बीमार पड़ रहे हैं। पहले जो तालाब मवेशियों को नहलाने के काम आता था, अब वह संक्रमण का स्त्रोत बन गया है। किसानों के लिए यह आर्थिक नुकसान का भी कारण बन रहा है।

## अब तक कोई ठोस पहल नहीं

वार्ड-14 के वार्ड पार्षद आजाद कुमार ने इस मुद्दे पर प्रशासनिक उदासीनता की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि जिले के बड़े अधिकारियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने आगे कहा कि पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण के लिए नापी भी कराई गई थी। 3 करोड़ रुपए का टेंडर भी पास हो चुका है, लेकिन यह परियोजना अभी तक धरातल पर नहीं उतरी है। इसके कारण स्पष्ट नहीं हैं। गंभीर मुद्दे पर राजगीर एसडीओ आशीष नारायण ने आश्वासन दिया है कि ग्रामीणों की समस्या को जल्द ही हल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। गंदगी को साफ कर तालाब को स्वच्छ किया जाएगा। स्टेडियम से निकलने वाले पानी की भी उचित व्यवस्था की जाएगी।



# गया जी में भिड़े दो विदेशी यूट्यूबर, जमकर चले लात घूंसे, चाकूबाजी में एक घायल

**गया जी, एजेंसी।** बिहार के बोधगया में दो विदेशी यूट्यूबर्स के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। जानकारी के मुताबिक घटना में वियतनामी यूट्यूबर को चाकू मारकर घायल कर दिया है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है, रील बनाने कोई विवाद हुआ था। बोधगया के कालचक्र मैदान के पास में बीती रात्रि को यह घटना हुई। घायल वियतनामी यूट्यूबर का नाम युगेन वान दोउ है। इसका इलाज बोधगया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इससे पहले 29 मई को भी विदेशी यूट्यूबरों के बीच मारपीट का मामला सामने आया था। जानकारी के मुताबिक बोधगया अंतर्गत चिल्ड्रेन पार्क के समीप विदेशी यूट्यूबरों के बीच आपस में विवाद हो गया, ये विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक पहुंच गई। और भी लात-घूंसों से बात होने लगी। युगेन वान दोउ नाम के वियतनामी यूट्यूबर को चाकू मार दिया गया। जिसके बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। वियतनामी साधु मेन श्यो के कार्यों को लेकर वियतनामी यूट्यूबर के दो गुटों में मतभेद हैं। एक गुट इन्हें आध्यात्मिक गुरु बताता है, तो दूसरा गुट इन्हें प्रचारबाज कहता है। इसी को लेकर विवाद हुआ था। वहीं इस मामले पर बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# वैभव के दोस्त ने 134 गेंद में बनाए 327 रन : इंडिया के लिए खेलना है

## 13 साल के अयान ने कहा- पढ़ाई में मन नहीं लगता है



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के बचपन के दोस्त अयान राज(13) ने रिकॉर्ड बनाया है। जिला क्रिकेट लीग में संस्कृति क्रिकेट एकेडमी की ओर से खेलते हुए गुरुवार को सिर्फ 134 गेंद में 327 रन बना दिए। 30 ओवर के मैच में 244 के स्ट्राइक रेट से 41 चौक और 22 छक्के लगाए। नॉट आउट रहे। अयान ने कहा, पढ़ाई में मन नहीं लगता है। बचपन में वैभव सूर्यवंशी के साथ खेलता था। बीते पांच छह साल से क्रिकेट में इंटरेस्ट बढ़ा है। बड़ा होकर एक अच्छा क्रिकेटर बनना है। इंडिया के लिए खेलना है। वैभव सूर्यवंशी के पास पहुंचकर उनके साथ खेलना है। सुबह शाम प्रैक्टिस करता हूं। घर पर भी इंडोर ग्राउंड बना हुआ है। परिवार के सभी लोग सपोर्ट करते हैं।

## 2019 से प्रैक्टिस शुरू किया

बचपन में अपने पिता को क्रिकेट खेलते देखता था। सात साल की उम्र में सितंबर 2019 से प्रैक्टिस शुरू कर दिया। दिन-रात क्रिकेट खेलते रहता था। उसके जुनून को देखकर पिता ने घर पर ही इंडोर ग्राउंड बना दिया। उसके बाद वो वहीं प्रैक्टिस करने लगा। कुछ दिनों के बाद क्रिकेट अकादमी में रजिस्ट्रेशन करवा दिया। जहां निशांत रणजी प्लेयर कोच अतुल प्रियंकर के अंदर ट्रेनिंग ले रहा है। पिता दिनेश कुमार ने बताया- अयान कि शुरुआती पढ़ाई रांची में हुई। वहां उसके नाना-नानी रहते हैं। उसके बाद वो मुजफ्फरपुर आ गया। यहां सेंट जेवियर्स केंद्र गार्डन स्कूल में पढ़ा। पांचवीं कक्षा में विंध्याचल एरा स्कूल में नामांकन करवा दिया गया। अभी आठवीं कक्षा में पढ़ता है। पिछले साल जिला लीग अंडर-14 का बेस्ट बैट्समैन रहा था। इस साल शुरुआत में ही 134 गेंदों में 327 रन बनाकर नोट आउट रहकर रिकॉर्ड बना दिया है। वहीं, अयान के कोच अतुल प्रियंकर ने बताया- अकादमी में कुल 80 बच्चों का रजिस्ट्रेशन है। 45 बच्चे ही रेगुलर आते हैं। अयान पिछले पांच साल से उनके पास आ रहा है। धीरे-धीरे उसमें काफी मैच्योरिटी आई है। गुरुवार को पताही के शुभंकरपुर में काफी अच्छा परफॉर्मेंस रहा। वो 134 गेंदों में 327 रन बनाया। पिछले एक साल में 12 से 14 सेंचुरी लगा चुका है। पिछले सात मैचों में डबल सेंचुरी भी लगा चुका है। उसका भविष्य काफी उज्ज्वल है।

## वैभव और अयान के पिता दोस्त हैं

शहर के सातपुरा नीमचौक निवासी दिनेश कुमार के पुत्र अयान 8वीं क्लास में पढ़ते हैं। बचपन में अयान और वैभव सूर्यवंशी एक साथ क्रिकेट खेलते थे। दोनों की काफी अच्छी दोस्ती थी। अयान के पिता दिनेश और वैभव के पिता संजीव अच्छे मित्र हैं। दोनों समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में एक साथ क्रिकेट खेलते थे। उसी दौरान दोस्ती हुई। एक-दूसरे के घर आना-जाना लगा रहता था। अब पारिवारिक संबंध बन गया है। मां मिडिल स्कूल में सरकारी शिक्षिका हैं। बड़ी बहन 11वीं क्लास में पढ़ती हैं।

# छह अपराधी गिरफ्तार, हथियार और लूट का माल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र में हुए ज्वेलरी लूटकांड का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए छह लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से दो देसी पिस्टल, दो मोटरसाइकिल और लूटे गए जेवरात व नकदी बरामद किए गए हैं। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने शनिवार को पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। घटना 22 मई 2025 की है। विशाल ज्वेलर्स के मालिक विशाल कुमार सोनी, ग्राम पोबी (जमुआ), अपनी दुकान बंद कर द्वारपहाड़ी चौक के पास सुनसान जगह से घर लौट रहे थे। तभी वाइट अपाचे बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने ओवरटेक कर पिस्टल दिखाते हुए उन्हें रोका और बैग छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर फायरिंग कर उन्हें घायल कर दिया गया और जेवरात व 5000 नकद से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (खोरीमहुआ) राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में संलिप्त छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने पूछताछ में पिछली कई घटनाओं में भी शामिल होने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो देसी पिस्टल, दो मोटरसाइकिल और लूटा गया माल बरामद कर लिया गया है।

## उपायुक्त ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बच्चों को मिले गुणवतापूर्ण शिक्षा शिक्षण कार्य की गुणवत्ता और अनुशासन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं आज जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने गिरिडीह प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, महेशलुंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षण गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, साफ-सफाई तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में कमी पाए जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई तथा विद्यालय प्रधान को स्पष्ट निर्देश दिया कि शिक्षण कार्य की गुणवत्ता और अनुशासन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# समाहरणालय परिसर से बाल मित्र ग्राम कारवां को दिखायी गई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** देवरी, तिसरी और गांवा प्रखंड के 60 गांवों में एक माह तक चलेगा जागरूकता अभियान बाल अधिकारों और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जन-जागरूकता के उद्देश्य से करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां का शुभारंभ आज गिरिडीह जिला समाहरणालय परिसर से किया गया। बाल अधिकारों के लिए कार्यरत संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन के द्वारा इस जागरूकता अभियान को चलाया जा रहा है। महाराष्ट्र से चलकर अब झारखंड तथा यहां के बाद राजस्थान में जागरूकता संदेश फैलाने का कार्य करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां के तहत किया जा रहा है करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां को उपायुक्त रामनिवास यादव, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, जिला उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेहा कश्यप एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो अगले एक माह तक देवरी, तिसरी और गांवा प्रखंड के 60 से अधिक गांवों में भ्रमण कर बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार, नशा, घरेलू हिंसा तथा अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनजागरूकता फैलाएगा। शुभारंभ समारोह के दौरान नाटकशाला की टीम ने नाटक का मंचन भी किया। विदित हो कि, नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित, भारत के गौरव कैलाश सत्यार्थी जी नेतृत्व में करुणामय समाज निर्माण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। यह करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां गिरिडीह जिला पहुंची है जहां यह तिसरी, देवरी तथा गांवा प्रखंड में कुल 30 दिनों में 60 से अधिक अति सुदूरवर्ती गावों में भी जागरूकता फैलाने का कार्य करेगी,यह कारवां भ्रमण कर जागरूकता के माध्यम से बच्चों, महिलाओं, पंचायत प्रतिनिधियों, युवा मंडलों एवं महिला मंडलों के सहयोग से सामुदायिक भागीदारी को सशक्त बनाएगा। यह अभियान गांव-गांव जाकर बाल अधिकारों और सामाजिक परिवर्तन के प्रति चेतना जागृत करेगा, समुदायों को सशक्त बनाएगा और हर बच्चे के सुरक्षित, शिक्षित और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प को मजबूत करेगा इस अभियान के दौरान नुक्कड़ नाटक, बाल चौपाल, जन संवाद, दीवार लेखन, स्कूल एवं ग्रामसभा स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# उपायुक्त ने किया प्रेरित, 15 रक्तवीरों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में सदर अस्पताल सभागार में रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जिले के उन सभी व्यक्तियों, संस्थाओं एवं प्रेरकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त रामनिवास यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने संबोधन में रक्तदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गिरिडीह जिले के नागरिकों में मानवीय संवेदनाएं और नैतिक मूल्य गहराई से निहित हैं। यहां की जनता स्वेच्छा से रक्तदान कर यह सिद्ध करती है कि जीवन की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम किया जा सकता है। रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक और सहयोगी वातावरण का निर्माण करता है उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर प्रखंड एवं जिला स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिनका मुख्य उद्देश्य आवश्यकता के समय रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। समाहरणालय सभागार में भी निर्धारित समय पर नियमित रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें और समाज में जीवनदायी संदेश का प्रचार-प्रसार करें।उन्होंने रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही सभी संस्थाओं और वैसे सभी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। रक्तदान से बड़ा कोई मानव सेवा का कार्य नहीं हो सकता। रक्तदान करने वाला व्यक्ति वास्तव में समाज का नायक होता है, क्योंकि वह निःस्वार्थ भाव से किसी अनजान व्यक्ति को जीवनदान देता है साथ ही उन्होंने रक्तदान व रक्त की सुलभ उपलब्धता को लेकर ब्लड बैंक की पूरी टीम की सराहना करते हुए लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। इसके पूर्व स्वागत भाषण देते हुए सिविल सर्जन ने थैलीसीमिया, सिकल सेल एनीमिया व हीमोफीलिया पीड़ितों की संख्या व प्रत्येक माह रक्त की जरूरत पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान रक्तदान के क्षेत्र में अहम योगदान देने वाले पंद्रह से अधिक लोगों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अनुमंडल व प्रखंड स्तर पर शिविर लगाने को लेकर उपायुक्त को व बेहतर मोनेटरिंग के लिए सिविल सर्जन को भी सम्मानित किया गया।

# 'स्कूल तोड़ो, मगर सपना नहीं' – नया भवन बने बिना तोड़े जा रहे विद्यालय पर ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग )।** हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड स्थित पचड़ा पंचायत का उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरदाग इन दिनों विवाद का केंद्र बन गया है। करीब 500 से अधिक छात्र-छात्राओं वाले इस विद्यालय को खनन परियोजना के चलते हटाया जा रहा है क्योंकि यह ऋत्विक कंपनी की कोल माइनिंग साइट से महज 100 मीटर की दूरी पर है। सुरक्षा कारणों से भवन हटाने की बात मानी जा रही है, लेकिन ग्रामीणों का बड़ा सवाल है – बिना नया स्कूल बनाए, पुराना क्यों तोड़ा जा रहा है? ग्रामीणों ने बताया कि अधिग्रहण के समय कंपनी के अधिकारियों ने वादा किया था कि पहले नया स्कूल बनेगा, उसके बाद ही पुराना तोड़ा जाएगा। लेकिन अब जबरन बेंच-डेस्क हटाए जा रहे हैं। शनिवार को स्थिति और तनावपूर्ण हो गई जब विद्यालय से सामग्री हटाई जाने लगी।

प्रशासन की ओर से यह प्रस्ताव रखा गया है कि बच्चों को चंद्रगुप्त विद्यालय में स्थानांतरित किया जाए, पर वहां पहले से ही छात्रों की संख्या अधिक है और नई सीटों




की कोई गुंजाइश नहीं है। ग्रामीणों जय नारायण महतो, प्रमोद साव, राजकुमार पासवान और भवानी महतो ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक नया स्कूल पूरी तरह बन कर तैयार नहीं हो जाता, एक भी ईंट हटाने नहीं दी जाएगी वहीं ऋत्विक कंपनी के अधिकारी मनोज सिन्हा का कहना है कि सरकार का निर्देश है और छह महीने में नया भवन तैयार हो जाएगा। लेकिन सवाल यह है कि क्या शिक्षा के अधिकार की बात करने वाली सरकारें सिर्फ कागज़ी वादे करती हैं? अगर इस तरह विकास के नाम पर स्कूल तोड़े जाएंगे और बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होगी, तो यह विकास भविष्य रौंदने वाला बुलडोजर बन जाएगा।

## कल्याण गुरुकुल गिरिडीह में 26 युवाओं को मिला पुणे (महाराष्ट्र) में रोजगार का अवसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कल्याण गुरुकुल, गिरिडीह के बैच नंबर-33 (इलेक्ट्रीशियन ट्रेड) के लिए 'नियुक्ति पत्र वितरण समारोह' उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर 26 प्रशिक्षणार्थियों को पुणे, महाराष्ट्र स्थित प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए, जो न केवल उनके लिए बल्कि उनके परिवारों के लिए भी गर्व का क्षण था समारोह के मुख्य अतिथि जय प्रकाश मेहरा (डीडब्लूओ, गिरीडीह) रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कुमार मरांडी (बीडीओ, पीरटांड़ ब्लॉक) एवं गिरिजानंद किस्कू (सीओ, पीरटांड़ ब्लॉक) उपस्थित रहे। इन सभी गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने छात्रों में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार किया। मेहरा ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को इमानदारी, मेहनत और अनुशासन के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सही दिशा में सही शिक्षा लेकर, सही स्थान पर कार्य करें और नशापान जैसी बुराइयों से सदैव दूरी बनाए रखें। उनकी प्रेरणादायक बातें सुनकर छात्र अत्यंत उत्साहित हुए। समारोह की शुरुआत और प्रमुख उपस्थितगण कार्यक्रम की शुरुआत कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य श्रीराम साह द्वारा मुख्य अतिथियों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर एमडी सैफ अहमद (एरिया मैनेजर), बीणाधर कुमार बेदिया (ट्रेनर), अमरजीत कुमार (ट्रेनर), गौतम प्रसाद (एम.ई.), नारायण पंडित (एम.ई.), पियुष मिश्रा (एम.आई.एस.), पिन्टु कुमार भकत, श्री राहुल गुप्ता (एम.ई.), रणधीर जायसवाल (एम. ई.), तुलसी दास (रसोईया) समेत अन्य स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।

## एनटीपीसी कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ 30 श्रमिकों को मिलेगा तकनीकी ज्ञान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग (बड़कागांव)।** एनटीपीसी के प्रतिष्ठित आईटीआई पीबीसीएमपी कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 30 परियोजना प्रभावित अकुशल श्रमिकों के लिए लघु अवधि तकनीकी प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत शुक्रवार को की गई। यह प्रशिक्षण एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन एनटीपीसी के महाप्रबंधक संजय कुमार दुबे ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य मिथलेश उपाध्याय ने की। उन्होंने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।




अपने संबोधन में श्री दुबे ने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल श्रमिकों की आजीविका के नए अवसर सृजित करेगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट और सुरक्षा सामग्री भी वितरित की और नियमित रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम का उत्साही संचालन एनटीपीसी मैती के प्रशिक्षु डब्लू कुमार पासवान, अर्पिता और ईशा ने किया, जिन्होंने अपने जीवंत प्रस्तुति से मंच को ऊर्जावान बनाए रखा।

इस प्रशिक्षण पहल को एनटीपीसी द्वारा स्थानीय समुदाय के समावेशी विकास और कौशल सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम माना जा रहा है। एनटीपीसी मैती द्वारा संचालित यह प्रयास न केवल तकनीकी दक्षता को बढ़ाएगा, बल्कि श्रमिकों को रोजगार के नए द्वार खोलने में सहायक सिद्ध होगा।

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR
Invites applications for admission to
the Two-year MBA - Executive (MBA-Ex) Program, Batch of 2025-2027
Synchronous Classes on Saturdays & Sundays

The MBA-Ex program offered by Vinod Gupta School of Management, IIT Kharagpur, is a two-year Master's degree program aimed at grooming professionals for leadership and managerial roles. The program will be delivered in hybrid mode via synchronous classes on Saturdays and Sundays and campus in-person immersion every alternate term.

**Course Delivery:** Synchronous classes on weekends and four in-person campus immersions.
**Mode of Admission:** Written Test followed by Personal Interview across five centers.

Admission of reserved-category candidates will be done as per Government of India notification.

**Last Date for Submission of Online Applications: July 10, 2025**

**Details about eligibility criteria, application fee and mode of application are available at** https://som.iitkgp.ac.in/executive-mba.php. Please follow this link for updates.
For any queries, please contact: executivemba@vgsom.iitkgp.ac.in **Tel: 03222-282295/282297.**

cbc21255/12/0004/2526

# जमीन अतिक्रमण करने पर चला बुलडोजर, सीओ सख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** प्रखण्ड के चलंगा में खाता-50,प्लॉट-02 में आदिम जनजाति बिरहोर की जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ शनिवार को अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया। बिरहोर के जमीन को अतिक्रमण कर दो तल्ला मकान बना लिया गया था, मामला अंचल अधिकारी के संज्ञान में आने पर जांच टीम गठित कर जांच किये जाने पर मामला सही पाया गया।



उक्त भूमि त्वरित कार्यवाई करते हुए विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने टीम गठित कर अपने नेतृत्व में बिरहोर जनजाति की कब्जाई भूमि पर बने दो मकान को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर बुलडोजर कार्यवाई करते हुए ध्वस्तीकरण किया गया।

इस सम्बन्ध में विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कहा कि चलंगा मौजा के खाता संख्या 50, प्लॉट 2 में बिरहोर को कुल 3.70 एकड़ भूमि सरकार के द्वारा बंदोबस्त किया गया था। जिसमें कुछ भू माफिया अवैध तरीके से फर्जी कागजात बनवा कर बिरहोर को सरकार के द्वारा दी गई भूमि को हड़प कर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया है। ये खेल पूर्व में लगभग एक दशक से भी पूर्व से चल रहा था, जिसमें उक्त तथाकथित भू माफिया के द्वारा अंचल अधिकारी एवं कर्मियों को पूर्व में सब्जी फल एवं अन्य जरूरत की चीजें पहुंचाया करता था। इसलिए ये फर्जीवाड़ा करने में सफल होता रहा और लगभग एक दशक से कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी।चूंकि मामला बिरहोर आदिम जनजाति से जुड़ा हुआ था,उस पर संज्ञान लेते हुए सख्त कदम उठाया गया। अंचल अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमणकारियो के विरुद्ध मामला दर्ज करने की कार्रवाई जारी है तथा विरहोर के जमीन को चाहर दीवारी के लिए उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखा गया है।

# बिजली आपूर्ति और शिकायत निवारण को लेकर उपायुक्त सख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** जनहित से जुड़ी सेवाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त। इसी सोच के साथ उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को होम गार्ड चौक स्थित बिजली कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और बिजली आपूर्ति तथा शिकायत निवारण की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान हजारीबाग और बरही के कार्यपालक अभियंता समेत विभागीय कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने लाइनमैन की कार्यशैली, शिकायत पंजी, रिस्पॉन्स टाइम और सुरक्षात्मक उपायों की जानकारी ली और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि विद्युत कार्य इनहेरिन्टली जोखिमपूर्ण है, ऐसे में सभी सुरक्षात्मक प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति एवं समस्या निवारण में संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का प्रयोगः ट्रांसफार्मर, केबल आदि टिकाऊ व मानक के अनुरूप हों। डिजिटल शिकायत निवारण प्रणालीः शिकायत पंजी का डिजिटलीकरण (जैसे गूगल शीट/एक्सेल) करें ताकि रियल टाइम ट्रैकिंग संभव हो। नियमित निरीक्षण और रखरखावः खराबी से बचाव के लिए समय-समय पर उपकरणों की जांच और सफाई आवश्यक है। बिजली आपूर्ति की निरंतर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वचालित फॉल्ट डिटेक्शन सिस्टमः फॉल्ट की जगह और कारण की त्वरित जानकारी के लिए तकनीकी प्रणाली विकसित करें।

## नशा के विरुद्ध जागरुकता का व्यापक प्रचार-प्रसार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नशे के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरुकता अभियान के तहत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के साथ अपने कार्यालय अध्यक्ष में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूपसे जिला स्तरीय कार्यशाला, गृह भ्रमण कर नशे के विरुद्ध जन जागरुकता, प्रखंड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाल आयोजित कर जागरूकता कार्यक्रम करना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के हाट / बाजार /मेला/ भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जागरुकता कार्यक्रम का संचालन, आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषक क्षेत्र में चौपाल का आयोजन कर जन-जन तक नशे के विरुद्ध जागरूकता का व्यापक प्रचार प्रसार करना है।

सी डैक CDAC | ॲक्टस acts
**प्रवेश प्रारंभ:** अगस्त 2025 बैच
**ICT क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम**
टेक इंडस्ट्री में कदम रखें C-DAC के करियर-उन्मुख 24 सप्ताहीय पूर्णकालिक पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों के साथ इंजीनियरिंग स्नातकों, विज्ञान स्नातकोत्तरों (चयनित शाखाएं) और एमसीए डिग्रीधारकों के लिए उपयुक्त

**C-DAC क्यों चुनें?**
- शानदार प्लेसमेंट रिकॉर्ड वाले प्रमाणित कार्यक्रम
- C-DAC और उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ संकाय द्वारा संचालित
- सभी केंद्रों पर एक समान केंद्रीकृत अंतिम परीक्षा
- 900+ घंटे की थ्योरी, लैब और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण
- ICT विशेषज्ञों, उद्योग पेशेवरों और शिक्षाविदों द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रम
- एप्टीट्यूड, कम्युनिकेशन और साक्षात्कार कौशल में प्रशिक्षण
- निरंतर लैब सेशंस, असेसमेंट्स, ट्यूटोरियल्स और प्रोजेक्ट्स

**उपलब्ध कोर्सेस**

| | | | |
|---|---|---|---|
| PG-DAC<br>एडवांस्ड कंप्यूटिंग | PG-DAI<br>आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस | PG-DUASP<br>मानव रहित विमान प्रणाली प्रोग्रामिंग | PG-DBDA<br>बिग डेटा एनालिटिक्स |
| PG-DITISS<br>आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर, सिस्टम्स और सुरक्षा | PG-DHPCSA<br>HPC सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन | PG-DMC<br>मोबाइल कंप्यूटिंग | PG-DFBD<br>फिनटेक और ब्लॉकचेन डेवलपमेंट |
| PG-DASSD<br>एडवांस्ड सिक्योर सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट | PG-DRAT<br>रोबोटिक्स और संबद्ध तकनीकें | PG-DESD<br>एम्बेडेड सिस्टम्स डिज़ाइन | PG-DVLSI<br>वीएलएसआई डिज़ाइन |
| PG-DCSF<br>साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक्स | | | |

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:** ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: **25 जून 2025** | C-CAT परीक्षा तिथियाँ: **5 और 6 जुलाई 2025** | बैच प्रारंभ: **21 अगस्त 2025**

**भारत के 30+ C-DAC केंद्रों पर प्रदान किए जाने वाले पाठ्यक्रम**
(बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, चेन्नई, गौहाटी, नागपुर, नासिक, नई दिल्ली, नोएडा, पटना, सिलचर, तिरुवनंतपुरम कोलकाता, हैदराबाद, कोच्चि, जयपुर, भुवनेश्वर सहित)

**PG-DUASP चुनिंदा NIELIT सेंटर्स पर भी उपलब्ध औरंगाबाद, भुवनेश्वर, कालीकट, इम्फाल, श्रीनगर**

**वेबसाइट पर जाएं: www.cdac.in/ acts.cdac.in**
भारत के सबसे विश्वसनीय ICT ट्रेनिंग संस्थान के साथ अपना करियर शुरू करें
020-25503134 / 9373731598 **अभी आवेदन करें!**
cbc06132/12/0011/2526

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 14-06-2025 21:35 Page 1



# भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हंगामा

## भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने उठाया चप्पल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों के कार्यकाल को लेकर बिहारशरीफ स्थित भाजपा कार्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाढ़ के पूर्व जिलाध्यक्ष सह बुडको निदेशक डॉ. सियाराम सिंह उपस्थित रहे। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान एक अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई जब भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा भारती ने पार्टी के ही एक कार्यकर्ता से बहस के दौरान चप्पल उठा लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान किसी मामूली बात को लेकर महिला जिलाध्यक्ष और एक कार्यकर्ता के बीच बहस हो गई। कार्यकर्ता दो कुर्सी पीछे बैठा था। बहस इस कदर बढ़ गई कि प्रज्ञा भारती ने गुस्से में चप्पल उठाकर मारने की कोशिश की।

हालात बिगड़ते देख स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और महिला ने अपना चप्पल नीचे रखा। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने नालंदा जिला भाजपा की आंतरिक स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस पूरे प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि पंखे को लेकर विवाद हुआ था। स्थिति को तत्काल संभाल लिया गया। लेकिन जो भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी इस मामले में प्रदेश नेतृत्व से मार्गदर्शन ले रही है। इस घटना ने पार्टी की कार्यशैली और अनुशासन पर गंभीर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं, खासकर जब यह सब कुछ पार्टी के भीतरी कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से हुआ हो।

# जिला कल्याण पदाधिकारी किये गये निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग ने दरभंगा के जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई 15 मई को दरभंगा के अंबेडकर छात्रावास सभागार में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर हुई है।

कहा गया है कि जिला कल्याण पदाधिकारी विभागीय मार्गदर्शिका के उल्लंघन को रोकने में विफल रहे। पत्र के अनुसार, कल्याण विभाग द्वारा संचालित किसी भी छात्रावास परिसर में राजनीतिक परिचर्चा, सभा या सार्वजनिक राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

बावजूद इसके आंबेडकर छात्रावास परिसर में राहुल गांधी का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अनुमति नहीं ली गई थी। घटना के बाद दरभंगा के जिला पदाधिकारी ने 15 मई को आलोक कुमार के विरुद्ध आरोप पत्र गठित कर अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग ने प्रारंभिक जांच के बाद कार्यवाही की प्रक्रिया आरंभ की। समाज कल्याण विभाग ने बिहार सरकारी सेवक नियमावली 2005 के नियम-17 के तहत आलोक कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया है।

साथ ही उन्हें नियम-9(1)(क) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह आदेश विभाग के अपर सचिव द्वारा जारी किया गया।

निलंबन अवधि के दौरान आलोक कुमार का कार्यस्थल (मुख्यालय) बदलकर जिला कल्याण कार्यालय कैमूर निर्धारित किया गया है। उन्हें वहां से नियमित रूप से विभागीय जांच से संबंधित समस्त पत्राचार और सहयोग करना होगा।

# बंद कमरे में मिली नव दंपत्ति की लाश

### आत्महत्या की आशंका, लग रहे तरह-तरह के कयास

## लव मैरेज से हुई थी शादी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कंप्यूटर शिक्षक और उसकी नई नवेली पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दोनों के शव शनिवार को नवादा गांव स्थित एक कमरे से बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने आत्महत्या कर ली।

मृतकों की पहचान हाजीपुर के नवादा गांव निवासी पप्पू कुमार (पुत्र नरेश दास) और समस्तीपुर जिले के पटोरी निवासी प्रिया गुप्ता (पुत्री सुबोध कुमार गुप्ता) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, पप्पू कुमार कंप्यूटर शिक्षक था और पटोरी में कोचिंग क्लास के दौरान वह छात्रा प्रिया गुप्ता के संपर्क में आया। दोनों के बीच प्रेम संबंध हुआ और वे घर से फरार होकर कोर्ट मैरिज कर लिए।

शादी के बाद पप्पू अपनी बहन के पास लालगंज गया, जहां बहन और जीजा ने उसे एक दोस्त के घर ठहराया। वहीं, शनिवार को जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजन अंदर पहुंचे और दोनों को संदिग्ध अवस्था में बेहोश पाया। तुरंत दोनों को हाजीपुर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस को शक है कि दोनों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मृतक की बहन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गंगा ब्रिज थाना प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# दो समुदाय के आपसी झड़प में एक की मौत

## घटना से क्षेत्र में तनाव की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सारण।** जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के कराह दरगाही टोला में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना के बाद जिलाधिकारी अमन समीर और एसपी डॉ कुमार आशीष ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के कराह दरगाही टोला में दो समुदायों के बीच आपसी विवाद के बाद हिंसक झड़प हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल छपरा में चल रहा है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया है।

झड़प की जानकारी मिलते ही सारण के जिलाधिकारी अमन समीर और वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने संयुक्त रूप से घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सदर एसडीओ नीतीश कुमार और एकमा एसडीपीओ राज कुमार के साथ पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। झड़प में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए बनियापुर पीएचसी में भर्ती कराया गया। इनमें से एक की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है और वरिष्ठ अधिकारी लगातार कैंप कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सेक्स रैकेट मामले में होटल के अलावा दो घरों को किया गया सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** देह व्यापार मामले में पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। मजिस्ट्रेट की तैनाती में अघोरिया बाजार स्थित होटल सेंट्रल पार्क, छाता बाजार परती टोला स्थित सुभद्रा होटल व छोटी कल्याणी के जिस मकान से बंधक बनीं लड़कियों को मुक्त कराया गया था उसे सील कर दिया गया।

पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई है। होटलों व मकान को सील करने के बाद नोटिस भी चस्पा किया गया है। नगर एसडीपीओ वन सीमा देवी ने बताया कि मजिस्ट्रेट की तैनाती में दो होटलों व एक मकान को सील किया गया है।

होटल सेंट्रल पार्क के मालिक बसंत कुमार, सुभद्रा के मालिक अभिषेक कुमार और जिस मकान से लड़कियों को मुक्त कराया गया था, उसके मालिक राहुल पटेल को प्राथमिकी में आरोपित किया गया है। इन सभी की गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है। घटना सामने आने के बाद से सभी आरोपित दूसरी जगहों पर फरार हो गए हैं। इसके लिए विशेष टीम वैज्ञानिक जांच के तहत पटना व दिल्ली समेत कई जगहों पर छापेमारी कर रही है।

बता दें कि दो दिनों पूर्व देह व्यापार के धंधे का पदार्फाश करने के बाद मामले में गिरफ्तार महिला समेत पांच आरोपितों को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया था। इसका सरगना हम पार्टी से जुड़ा नेता दिलीप कुशवाहा और उसकी पत्नी किरण कुमारी, होटल सेंट्रल पार्क का मैनेजर अंकित कुमार उर्फ छोटू, सुभद्रा होटल का मैनेजर पवन कुमार भंगेरिया और आटो चालक लक्ष्मण पासवान शामिल है।

## अधेड़ की हत्या

**बक्सर।** राजपुर के अहियापुर में हुए तिहरे हत्याकांड से अभी पुलिस उबरी भी नहीं थी कि थाना क्षेत्र के खरगपुरा में एक और अधेड़ व्यक्ति की अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार की रात हुई, जानकारी शनिवार की सुबह हुई। मृतक की पहचान खरगपुरा गांव निवासी विमलेश्वर तिवारी पिता स्वर्गीय राजकिशोर तिवारी के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सदर एसडीपीओ के साथ राजपुर पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गई है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किसान विमलेश्वर तिवारी अपने दरवाजे पर सो रहे थे। तभी अज्ञात अपराधियों ने इन पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें यह खून से लथपथ होकर गिर पड़े। घर में किसी अन्य के नहीं होने से किसी को इसकी जानकारी नहीं मिली।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपलगंज।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खजुहटी गांव निवासी एक 22 वर्षीय युवक की शनिवार को दिघवा दुबौली स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेंद्र सिंह के पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अंकित कुमार ट्रेन संख्या 15110 छपरा कचहरी-थावे सवारी गाड़ी से अपने घर लौट रहा था। यात्रा के दौरान वह गेट के पास बैठा हुआ था, जहां से वह अचानक नीचे गिर पड़ा। दिघवा दुबौली स्टेशन के पहले ही उसकी कटकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

एसआई विजय कुमार चौधरी व राकेश ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसके बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। घटना की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया।

# उपमुख्यमंत्री के खिलाफ लगाया नारा, किया पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** बड़हिया नगर में राजनीतिक माहौल उस समय गर्मा गया जब नगर परिषद सभापति डेजी कुमारी के नेतृत्व में वार्ड पार्षदों ने बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक विजय कुमार सिन्हा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लौहिया चौक पर हुए इस प्रदर्शन के दौरान सिन्हा का पुतला दहन किया गया और जोरदार नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने ₹विजय कुमार सिन्हा घातक हैं₹ और ₹बड़हिया के विकास में बाधक हैं₹ जैसे नारों के साथ अपनी नाराजगी जाहिर की। सभापति डेजी कुमारी ने उपमुख्यमंत्री पर नगर परिषद के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने और विकास कार्यों को रोकने के गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि सिन्हा बार बार कार्यपालक पदाधिकारी पर दबाव बना रहे हैं, जिससे कई जरूरी योजनाएं ठप हो गई हैं। इनमें सड़क निर्माण, जल निकासी, सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सेवाओं से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। डेजी कुमारी ने आरोप लगाया कि जनता की उम्मीदों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और इसका सीधा असर नगर की जीवनशैली, यातायात और स्वच्छता पर पड़ रहा है।

पार्षदों ने राज्य सरकार और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि विकास कार्यों में हस्तक्षेप बंद नहीं हुआ, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

इस विरोध ने बड़हिया की स्थानीय राजनीति में हलचल मचा दी है और प्रशासनिक स्तर पर भी इसे लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि नगर के विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों और उच्च नेतृत्व के बीच गहराता मतभेद आगे और बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर सकता है। जनता की नजर अब सरकार की अगली प्रतिक्रिया पर टिकी है।

# जिले के मुक्केबाजों ने कटिहार में जीते 12 मेडल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** कटिहार में आयोजित 16वें राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले के मुक्केबाजों ने अपना जलवा दिखा 12 मेडल जीतकर नाम रोशन किया।

यहां के खिलाड़ियों ने दो गोल्ड, तीन सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। जूनियर बालक वर्ग में गौरव कुमार ने 57-60 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जबकि सुधांशु कुमार अंशु कुमार सिंह और विनायक विमल ने ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं।

जूनियर बालिका वर्ग में अर्पिता कुमारी ने 63-66 किलोग्राम में गोल्ड व सलोनी कुमारी ने सिल्वर मेडल जीता।

सब जूनियर बालक वर्ग में अभिनव कुमार और शिवम कुमार ने सिल्वर मेडल जीते, जबकि हर्षित राज और आयुष कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। सब जूनियर बालिका वर्ग में खुशी कुमारी और सलोनी कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। रोहतास जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि खिलाड़ियों को वापस लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

उन्होंने बताया कि कोच और मैनेजर का भी कार्य सराहनीय रहा, जिनकी कड़ी मेहनत से खिलाड़ियों ने मेडल हासिल किए। उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा विनय प्रताप जिन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर वरीय बॉक्सिंग खिलाड़ी संदीप कुमार, अमन कुमार सिंह, राहुल कुमार, माधव कुमार मिश्रा, निखिल कुमार, अमित कुमार, सुजीत कुमार मिश्रा, नीरज कुमार, अरविंद कुमार, कुमार उज्जवल, रितेश कुमार, हर्ष राज, आनंद, नवल कुमार सिंह, अंकित कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# अब गंभीर मरीज रेड जोन में होंगे शिफ्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आए गंभीर मरीजों को अब रेड जोन में शिफ्ट कर एक मिनट के अंदर इलाज आरंभ कर दिया जाएगा।

आने वाले समय में मरीजों की रोग कितना गंभीर है इसको देखते हुए श्रेणी तय होने जा रहा है। गुरुवार के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक समेत सूबे के सभी अधीक्षकों के साथ हुई बैठक में स्वास्थ्य पदाधिकारियों ने यह निर्देश जारी किया है। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन इसकी तैयारी में लग गया है।

जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अभी तीन जगह इमरजेंसी सेवा मरीजों को दी जा रही है। फैब्रिकेटेड हास्पिटल में इमरजेंसी मेडिसिन, पुरानी इमरजेंसी में सर्जरी, ट्रामा व शिशु वार्ड तो प्रसव एवं महिला रोगों के लिए स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग में इमरजेंसी महिला वार्ड संचालित हो रहा है।

अब नए आदेश के बाद इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तीन जोन क्रमशः रेड, येलो व ग्रीन जोन में बांट दिया जाएगा। मुख्य इमरजेंसी के ट्राएज एरिया रेड जोन हो जाएगा। जिसमें सड़क हादसा, गोली, बम से घायल मरीज, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट समेत दूसरे गंभीर मरीजों को रखा जाएगा। इन मरीजों का इलाज एक मिनट के अंदर डाक्टर करना आरंभ कर देंगे। रेड जोन में इमरजेंसी में जांच समेत सभी सुविधा होगी।

अस्थमा अटैक, हाइपरटेंशन, शुगर, निमोनिया जैसी बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए येलो जोन होगा। यहां 15 मिनट के अंदर इलाज आरंभ होगा।

ऐसे मरीज जिनका तुरंत इलाज करना जरूरी नहीं है उनको ग्रिन जोन में रखा जाएगा। यहां मरीजों का इलाज 30 मिनट के अंदर आरंभ होगा।

# भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फारबिसगंज (अररिया)।** अररिया फारबिसगंज मुख्य मार्ग एनएच 27 फोरलेन सड़क पर सिमराहा थाना क्षेत्र के पोठिया पुल के पास भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर अररिया से फारबिसगंज की ओर अपने सही लेन पर जा रहा था कि अचानक पोठिया पुल के पास मांस फैक्ट्री से मवेशी को अनलोड कर उल्टी दिशा से तेज गति से आ रही टाटा 407 गाड़ी ने बाइक सवार को कुचल दिया।जिनसे मौके पर ही तीनों की मौत हो गई।

मृतकों में दो उत्तरप्रदेश का और एक बगल के जिला पूर्णिया का रहने वाला तारिक अनवर है। मृतक फारबिसगंज में हाइवे के किनारे बिरयानी की दुकान चलाता था।

सूचना के बाद मौके पर ट्रैफिक डीएसपी दीवान इकराम, फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, सिमराहा थानाध्यक्ष प्रेम कुमार भारती सहित भारी संख्या में पुलिस अधिकारी और बल मौके पर पहुंचे और तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भिजवाया।इस दौरान हादसे को लेकर सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने छुड़ाकर आवागमन को शुरू करवाया।

## मृतकों में दो उत्तरप्रदेश के

स्थानीय प्रत्यदर्शी इकराम ने बताया कि बाइक पर तीनों युवक अपनी दिशा में सही जा रहे थे, इसी क्रम में मांस फैक्ट्री से मवेशियों को अनलोड कर लौट रही टाटा चार सौ सात गाड़ी तेज गति से उल्टी दिशा से लौट रही थी। इसी क्रम में तेज आवाज के साथ धमाका हुआ।धमाका के बाद मौके पर पहुंचने पर पाया कि बाइक की परखच्चे उड़ गए थे और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक टक्कर के बाद उल्टी दिशा वाली लेन में आ गई थी।हादसे के बाद ट्रक को खड़ा कर चालक और उसके सहयोगी फरार हो गए।सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची।जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेजा गया।

मौके पर पहुंचे ट्रैफिक डीएसपी दीवान इकराम ने बताया कि हादसे में मौके पर ही तीनों की मौत हो गई है।मृतक में से एक के जेब से आधार कार्ड निकला है, जो पूर्णिया का रहने वाला तारिक है।

जबकि दो उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं और ये फारबिसगंज में बिरयानी की दुकान चलाकर अपना जीवन यापन करते थे।उत्तरप्रदेश के मृतक का नाम पता लगाया जा रहा है।

# किस्त नहीं जमा करने वाले 450 लोगों पर नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं में ऋण लेकर किस्त नहीं चुकाने वाले 450 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि जिले में 61 लोगों पर सर्टिफिकेट केस करने की तैयारी विभाग ने कर ली है, जबकि सात लोगों पर नीलाम पत्रवाद की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिसके तहत कुल परियोजना राशि 12 प्रतिशत ब्याज समेत वसूल किया जाएगा।

उद्योग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत कल परियोजना राशि का 50 प्रतिशत ऋण एवं 50 प्रतिशत अनुदान है। ऋण भुगतान में पूरे राज्य में कैमूर का स्थान संतोषजनक नहीं है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का ऋण लेकर किस्त नहीं चुकाने वाले लोगों पर सरकार नीलाम पत्र वाद करने जा रही है।

जिन उद्यमियों को नोटिस दिया जा चुका है उन पर नीलाम पत्र वाद की कार्रवाई की जाएगी। ऋण लेने वाले लोगों की संपत्ति को नीलाम कर सरकार राशि वसूल करेगी। इसके पूर्व भी लाभुकों को नोटिस दी जा चुकी है। एक सप्ताह के अंदर जो लोग अपना ऋण चुका देंगे उन पर नीलाम पत्र वाद नहीं किया जाएगा। जिले में वित्तीय वर्ष 2018-19 के सात लाभुकों पर नीलाम पत्र वाद की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिसके तहत कुल परियोजना राशि 12 प्रतिशत ब्याज समेत वसूल किया जाएगा।

कैमूर जिले में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से 695 लोगों ने अपना व्यवसाय शुरू किया है। बता दें कि उद्योग विभाग से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिसमें मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति जनजाति उद्यमी योजना में 541 से लोगों का चयन किया गया है। जिसमें 541 लाभुकों को प्रथम किस्त 430 को दूसरी किस्त और 348 को तीसरी किस्त दी जा चुकी है, जबकि 406 लाभुकों ने योजना के तहत दी गई

# बेकाबू हाइवा ने किसान को रौंदा, गुस्साये लोगों ने सड़क पर काटा बवाल

## मृतक सड़क किनारे पेड़ के पास चरा रहा था भैंस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तरारी- बिहटा पथ पर धर्मपुरा गांव के समीप शनिवार की शाम एक बेकाबू हाईवा ट्रक ने पहले बुजुर्ग रौंद दिया।

इसके बाद भागने के क्रम में हाईवा ट्रक सडक किनारे गड्ढे में पलट गया। जिसमें एक किशोर दब गया। हादसे में बुजुर्ग किसान समेत दोनों लोगों की मौत हो गई।

मृतक 70 वर्षीय दूधनाथ सिंह इमादपुर थाना के बिहटा गांव के निवासी थे। पेशे से किसान थे। दूसरा मृतक 14 वर्षीय अमीत राम बिहटा गांव निवासी लाल बाबू पासवान का पुत्र था। दुर्घटना में दो लोगों की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने बिहटा चौक के पास बिहिया- बिहटा स्टेट हाईवे को जाम कर काफी देर हो-हंगामा मचाया।

बाद में पीरो एसडीओ कृष्णा उपाध्याय एवं एएसपी केके सिंह के आश्वासन पर जाम हट सका। हादसे का कारण अनियंत्रित परिचालन बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दूधनाथ सिंह अपने गांव के बगल के बधार में भैंस चराने के क्रम सड़क किनारे आम के पेड़ के पास खड़े थे, तभी हाईवा ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। भागने के क्रम में हाईवा सड़क किनारे पलट गया।

जिसमें आम चून रहे बिहटा गांव निवासी लालबाबू पासवान के अमीत राम की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। हादसे के बाद भीड़ जमा हो गई। इसके बाद बिहटा चौक को जाम कर दिया गया।

काफी मशक्कत के बाद सड़क जाम हटवाया गया। करीब एक घंटे तक बिहिया- बिहटा स्टेट हाइवे जाम रहा। एसडीओ पीड़ित परिवार को नियमानुसार जल्द ही मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। दूधनाथ सिंह व अमित राम के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल था। अमित सात भाई व बहन में सबसे छोटा था। मां की दो साल पहले मौत हो गई थी। ग्रामीणों की मांग थी कि चौक-चौराहों पर तेज रफ्तार वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई जाए।

# दागियों पर दबिश के साथ चुनावी मोड में आयी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** विधि-व्यवस्था की बेहतरी और कानून-व्यवस्था को पूरी तरह पटरी पर लाने की दिशा में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कई सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है।

अब वैसे दागियों की अकूत संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी जो उन दागियों ने अपराध से अर्जित कर रखी है।

डीजीपी के निर्देश पर भागलपुर जिले में भी सक्रिय दागियों, भू-माफिया, रेत-बालू माफिया और सफेदपोशों की वैसी संपत्तियों को जब्त करने की पुलिस शीघ्र कार्रवाई करेगी जो उनके अपराध से अर्जित की गई है। एसएसपी हृदय कांत ने अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने के लिए सभी थानाध्यक्षों को प्रस्ताव देने को कहा है। ताकि प्रत्येक थानाक्षेत्र में सक्रिय वैसे दागियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जा सके जो आपराधिक कृत्य से अकूत संपत्ति अर्जित कर रखे हैं।

एसएसपी ने थानेदारों को ऐसे दागियों की बाकायदा सूची तैयार कर उनकी संपत्तियों का ब्यौरा शीघ्र समर्पित करने को कहा है ताकि जल्द ऐसे दागियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जा सके।

भागलपुर पुलिस आगामी विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।पुलिस फरार अपराधियों, हथियार तस्करों, नशीला पदार्थ की तस्करी, खरीद-बिक्री, भंडारण करने वालों और वारंटियों की गिरफ्तारी में जुट गई है। एसएसपी हृदय कांत ने आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी थानों के थानाध्यक्ष को सभी लंबित वारंट और कुर्की-जब्ती के मामले समय से निष्पादित करने का निर्देश दिया है। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में कमर कस चुकी भागलपुर पुलिस अब थानावार ऐसे अपराधियों की सूची बना रही है जो हाल में जेल से मुक्त हुए हैं।

CMYK

# आतंकवाद के खिलाफ भारत ने कड़ा रुख किया जाहिर : रविशंकर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश यात्रा से लौटने पर शनिवार को पटना महानगर कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवी वर्ग ने अभिनंदन किया। रविशंकर प्रसाद ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, ब्रुसेल्स और जर्मनी में जाकर पाकिस्तान की आतंकी करतूतों को बेनकाब किया तथा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में भारत की आवाज को बुलंदी से उठाया था। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत ने कड़ा रुख जाहिर किया है। इसके लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का अभिनंदन है। दुनियाभर में सभी दलों का डेलिगेशन भेजना एक बड़ी सोच है। हम 140 करोड़ लोगों की पीड़ा लेकर गए थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी आतंकी घटना हो, चाहे न्यूयॉर्क, लंदन और जर्मनी हो, उसमें शामिल या पाकिस्तानी या पाकिस्तानी मूल का ही होता है। वहां लोकतंत्र नहीं है, वहां जनरल देश चलाते हैं। पाकिस्तान में एक टेरर मशीन है जो वहां के जनरल चलाते हैं। पाकिस्तान में सेना और आतंकवाद के बीच साठगांठ भारत और पाकिस्तान के बीच शांति स्थापना में मुख्य बाधा है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत की तरक्की को दुनिया सराह रही है। यूरोप के देश भारत से अच्छे रिश्ते रखना चाहते हैं। एक आम भारतीय का जीवन भी यूरोप या अमेरिका के नागरिक से कम नहीं है इसीलिए ऑपरेशन सिंदूर किया गया। भारतीय सेना ने केवल आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। एक भी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया। हमने कहा कि आप गोली चलाओगे तो हम गोला चलाएंगे। हमारी यात्रा अपने उद्देश्यों में पूर्णतः सफल रही। इस यात्रा का मकसद पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की 'न्यू नॉर्मल' नीति और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में उक्त देशों को सही तथ्यों से अवगत कराना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सभी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर वैश्विक मंच पर भारत की बुलंद आवाज उठाने के लिए सराहा और विभिन्न देशों के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल से उनके अनुभव के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मृतकों के प्रति 1 मिनट मौन रख कर संवेदना प्रकट की गई। कार्यक्रम में भाजपा विधायक अरुण कुमार सिन्हा, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, रूप नारायण मेहता जिला अध्यक्ष, पटना महानगर सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी एवं अधिवक्ता मौजूद थे। पटना महानगर कार्यकर्ताओं ने रविशंकर प्रसाद का स्वागत करते हुए बताया कि हमारे लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने वैश्विक मंच पर जाकर भारत की बात मजबूती से रखी और भारत का मान सम्मान बढ़ाया। हम सभी गौरवान्वित हैं कि हमारे सांसद निरंतर देश के प्रमुख मुद्दे पर अपनी बात मजबूती से रखते हैं और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रहते हैं।

# एनआइएफटी छात्रों ने किया समकालीन शिल्प साहित्य का अध्ययन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, पटना के तृतीय वर्ष (5वें सेमेस्टर) के छात्रों के दूसरे समूह ने आर्ट्स एंड डिजाइन एस्थेटिक्स विषय के अंतर्गत आज उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक भारतीय शिल्पकला की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और डिजाइन संबंधी गहराइयों से अवगत कराना था। छात्रों ने संस्थान के संग्रहालय में क्यूरेटर के मार्गदर्शन में विशेष रूप से सुजनी कला शिल्प की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और उसकी सौंदर्यात्मक अभिव्यक्ति को नजदीक से समझा। पुस्तकालय का लाभ लेते हुए छात्रों ने पारंपरिक और समकालीन शिल्प साहित्य का अध्ययन किया जिसमें डिजाइन प्रक्रिया, रंग संयोजन, रूप रचना और बुनावट की बारीकियों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान छात्रों ने सुजनी कला शाखा के प्रशिक्षकों और डिजाइनरों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर शिल्प निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया को देखा और समझा। यह अनुभव उनके लिए एक जीवंत कार्यशाला की तरह रहा जिसमें रचनात्मकता और व्यवहारिकता का प्रभावशाली समन्वय दिखाई दिया। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट अनुभव बना, बल्कि उन्हें बिहार की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा से भी गहरे स्तर पर जोड़ा गया। छात्रों ने इसे एक भावनात्मक, सांस्कृतिक और रचनात्मक यात्रा के रूप में अनुभव किया। यूएमएसएएस द्वारा संचालित ऐसे अनुभवात्मक शैक्षणिक प्रयास भावी डिजाइन पेशेवरों को न केवल एक रचनात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, बल्कि भारतीय शिल्प विरासत को आधुनिक डिजाइन शिक्षा से जोड़ने में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

# लंबित मामलों का निपटारा तेजी से करने पर फोकस करें : अपर मुख्य सचिव


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने कहा कि जिला स्तर पर लंबित मामलों का निपटारा तेजी से कराएं। लंबे समय से लंबित मामलों का निपटारा प्राथमिकता के स्तर पर करें। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पटना और पूर्णिया प्रमंडल के सभी जिलों की जिलावार समीक्षा की। प्रमंडलवार अभियोजन कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा की गई। इस दौरान यह बात सामने आई कि मई में संबंधित जिलों में समन के 13652 मामले किए गए। इसके अलावा 6540 जमानतीय वारंट, 8753 गैर-जमानतीय वारंट, 2078 इश्तेहार और 1328 कुर्की का तामिला किया गया। विभिन्न मामलों में जिले के न्यायालयों में 6033 साक्षियों की गवाही कराई गई। सीसीटीएनएस पर मई महीने 8 हजार 911 कांड दर्ज किए गए। हालांकि इसे समाहित करते हुए पहले के मामलों को मिलाकर 12 हजार 362 कांडों का निष्पादन कराया गया। बैठक में गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर विद्यार्थी, उत्पाद मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग के आयुक्त सह महानिरीक्षक रजनीश सिंह, अभियोजन निदेशालय के निदेशक सुधांशु कुमार चौबे, विधि कोषांग प्रभारी रंजीत शंकर, विधि विभाग के अवर सचिव सह विधि परामर्शी राजीव कुमार के अतिरिक्त अभियोजन निदेशालय के सभी पदाधिकारी तथा सभी जिलों को वरीय पुलिस अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक, वरीय उप-समाहर्ता (विधि), पीपी, डीपीओ, विशेष लोक अभियोजक और उत्पाद अधीक्षक शामिल थे।

# गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने नीट में लहराया परचम, 5400 छात्रों ने पाई सफलता

## 527 छात्रों के सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की उम्मीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




शुभजीत राज
630 अंक
ऑल इंडिया जेनरल रैंक



साबिर अंसारी
627 अंक
79 ऑल इंडिया ओ.बी.सी. रैंक



साक्षी सिन्हा
615 अंक
171 ऑल इंडिया ओ.बी.सी. रैंक



गोसिया फिरदौस
612 अंक
702 ऑल इंडिया जेनरल रैंक



नफिसा निगार
610 अंक
822 ऑल इंडिया जेनरल रैंक



आदित्य धनराज
601 अंक
1301 ऑल इंडिया जेनरल रैंक

पटना। गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने नीट 2025 के परिणाम में एक बार फिर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रौशन किया है। परिणाम घोषित होते ही गोल के छात्रों में उत्सव और जश्न का माहौल है। इस वर्ष गोल इंस्टीट्यूट के 5400 से अधिक छात्रों ने नीट में क्वालिफाई किया है जिनमें से लगभग 527 छात्रों के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चयन की संभावना जताई जा रही है। शुभजीत राज ने 630 अंक प्राप्त कर जेनरल केटेगरी से 236वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और गोल परिवार को दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें गोल में पढ़ाई के साथ-साथ परिवार जैसा माहौल मिला जिससे उनका आत्मविश्वास हमेशा ऊंचा रहा। गोल का टेस्ट एवं मार्गदर्शन हमारे सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। साबिर अंसारी ने 627 अंक प्राप्त कर जेनरल से 301वीं ऑल इंडिया रैंक एवं ओ. बी. सी. में 79 वीं रैंक हासिल की। उन्होंने कहा कि गोल इंस्टीट्यूट में उन्हें नवीनतम प्रतिस्पर्धात्मक पैटर्न पर आधारित पढ़ाई, अनेक टेस्टों के माध्यम से अभ्यास और सेमिनार, वेबिनार व व्यक्तिगत काउंसलिंग द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जो उनके सफलता की कुंजी बना।

साक्षी सिन्हा ने 615 अंक प्राप्त कर 632वीं ऑल इंडिया जेनरल रैंक एवं ओ. बी. सी. में 171 वीं रैंक हासिल की। उन्होंने कहा कि गोल एजुकेशन विलेज का एकेडमिक वातावरण और बोर्ड व प्रतियोगिता दोनों की संयुक्त तैयारी की रणनीति उनके लिए बेहद कारगर रही।

इसके अलावा गोसिआ फिरदौस 612 अंक लाकर ऑल इंडिया ओ. बी. सी. में 87 रैंक प्राप्त की, नफीसा निगार 615 अंक के साथ ऑल इंडिया ओ. बी. सी. केटेगरी से 235 रैंक प्राप्त की एवं आदित्य धनराज 601 अंक के साथ ऑल इंडिया जेनरल रैंक 1301 प्राप्त किया एवं इसके साथ सैकड़ों अन्य गोल के छात्र सफलता प्राप्त किये। इस अवसर पर गोल इंस्टिट्यूट के संस्थापक और प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और इस शानदार परिणाम पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का सफल होना गोल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्र-केन्द्रित रणनीति का परिणाम है। संस्थान के सह-निदेशक रंजय सिंह ने कहा कि इस बार नीट में कठिन प्रश्न पूछे गए थे, इसके बावजूद गोल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कुल 5432 छात्रों ने नीट क्वालिफाई किया है जिनमें से 527 छात्रों के सरकारी मेडिकल कॉलेज में चयन की उम्मीद है। आर. एंड डी. हेड आनंद वत्स ने बताया कि नए सत्र के लिए एडमिशन प्रारंभ हो चुका है। छात्र टारगेट, फाउंडेशन और एचीवर कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

# मंगनी लाल मंडल होंगे राजद के नये प्रदेश अध्यक्ष, नामांकन का भरा पर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल ने शनिवार को राजद के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन किया। उन्होंने राजद के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ तनवीर हसन के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और सांसद मीसा भारती के अलावे राजद के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

पटना के ज्ञान भवन में 19 जून को राजद के राज्य परिषद की बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा और उसी दिन परिणाम की घोषणा होगी। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने नए प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मंगनी लाल मंडल के नाम पर मुहर लगा दी है। इसलिए उनका निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। नामांकन के बाद तेजस्वी यादव ने मंगनी लाल मंडल की खुलकर तारीफ करते हुए कहा कि बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि आज नामांकन की प्रक्रिया पूरी की गई है। बहुत खुशी की बात रही है कि हम भी मंगनी लाल मंडल के प्रस्तावक रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए इन्होंने नामांकन किया है। सभी लोग जानते हैं कि मंगनी लाल मंडल एक अनुभवी नेता रहे हैं। बिहार के मंत्री के रूप में हों या केंद्र में सांसद के रूप में रहे, इन्होंने जनता की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने कहा कि मंडल जी ने हमारे पिता जी के साथ लंबे समय तक काम किया। मंगनी लाल मंडल समाजवादी विचारधारा को मानने वाले कर्पूरी ठाकुर के करीबी और सहयोगी हैं। सामाजिक राजनीति को बढ़ाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी पार्टी जनता की बात करती है। सबको लेकर आगे चलती है। उन्होंने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने के बाद मंगनी लाल मंडल ने कहा कि मैंने आज प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। हमें बड़ी जिम्मेदारी मिली है। यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने राजद प्रमुख लालू यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बड़ी चुनौती है और मैं इस चुनौती को पूरा करने के लिए चुनावी वर्ष में पूरी शक्ति लगा दूंगा। उल्लेखनीय है कि मंगनी लाल पार्टी के सातवें प्रदेश अध्यक्ष और ईबीसी से आने वाले पहले नेता बनेंगे। मंगनी लाल के सामने कई तरह की चुनौती भी है। मंगनी लाल मंडल का चयन राजद की सामाजिक समीकरण साधने की सोची-समझी रणनीति मानी जा रही है। वह धानुक जाति से आते हैं, जो अति पिछड़ा वर्ग में आती है। इस वर्ग की पकड़ उत्तर बिहार के मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर जिलों में खास मानी जाती है। यह क्षेत्र 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के लिए कमजोर साबित हुआ था जहां 41 में से सिर्फ 13 सीटें ही जीत पाई थीं। मंगनी लाल मंडल की लोकप्रियता खासकर झंझारपुर, फुलपरास और आसपास के क्षेत्रों में है।

# निषाद समाज को आबादी अनुरूप राजनीतिक भागीदारी मिले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना।निषाद समाज को आबादी के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी मिले। ये बातें बिहार निषाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद निषाद ने कहीं। बिहार निषाद संघ ने रवीन्द्र भवन में शनिवार को राज्य स्तरीय निषाद जागरूकता महासम्मेलन किया जिसमें राज्य भर से बड़ी संख्या में निषाद समाज की लोग पहुंचे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद निषाद ने की। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष लालबहादुर बिंद ने कहा निषाद की सभी उपजातियों को अनुसूचित जाति शामिल करने के लिए बिहार निषाद संघ जोरदार पहल शुरू की है। बंगाल और दिल्ली में मल्लाह अनुसूचित का लाभ ले रहे हैं तो बिहार के मल्लाह इससे क्यों वंचित हैं? प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर सहनी और डॉ. सतीश कुमार बिंद और रामजी चौधरी ने निषाद के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक विकास पर निषाद समाज को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत बताया।

# लालू यादव पर लगा आंबेडकर का अपमान करने का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। दरअसल, लालू प्रसाद ने 11 जून को अपना 78वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया था। उसी दौरान एक वायरल वीडियो में एक व्यक्ति लालू के पैरों के पास बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर छुआकर हटाता दिख रहा है। इस दौरान लालू यादव राजा-महाराजा की तरह राबड़ी आवास में सिंहासन लगाकर बैठे थे। तभी पार्टी का एक नेता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लेकर लालू के दरबार में पहुंचा। बाबा साहेब की तस्वीर लालू के पैरों के पास रखी गई थी। लालू यादव ने अपना पैर हटाना तक मुनासिब नहीं समझा और मर्यादा को भूल गए। जाने-अनजाने में उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब का घोर अपमान कर दिया। जन्मदिन के तीन दिन बीत जाने के बाद अब इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ऐसे में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान को लेकर बिहार की राजनीति में एक बार फिर तीखी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। भाजपा के बिहार प्रदेश इकाई की तरफ से लालू यादव पर अंबेडकर के अपमान का गंभीर आरोप लगाने के बाद जदयू और कंग्रेस भी इस बहस में कूद पडी है। भाजपा ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि लालू प्रसाद जी और उनके परिवार का अहंकारी आचरण तो सब जानते हैं। मगर अहंकार में चूर होकर लालू जी पूज्य बाबा साहब अंबेडकर का ऐसा अपमान करेंगे? शर्मनाक। शर्म करो लालू परिवार! इस घटना को लेकर बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि लालू यादव के जन्मदिन के दिन बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान हुआ। राजनीति तौर पर राजद का यह काला अध्याय है। लालू यादव को माफी मांगना चाहिए। दलित पिछड़ों का अपमान करना लालू यादव के डीएनए में है। लालू यादव के जीवन में किसी के लिए सम्मान है? आज तक लालू यादव ने किसी नेता और किसी बिहारी का सम्मान नहीं किया। यह प्रमाण है कि लालू यादव दलित समाज से घृणा करते हैं। हम पार्टी के अध्यक्ष और राज्य के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने लालू यादव पर बाबा साहेब का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने दलित समाज का अपमान किया है।

# एचएमएसआई ने किया पर्यावरण सप्ताह पर राष्ट्रव्यापी गतिविधियों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने पर्यावरण सप्ताह 2025 के तहत 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से देशभर में अपनी डीलरशिप नेटवर्क पर कई पर्यावरण जागरूकता और सस्टेनेबिलिटी-केंद्रित गतिविधियां आयोजित कीं। इस पहल का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। यह अभियान गाजियाबाद स्थित हिंदन होंडा डीलरशिप पर एक विशेष कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ जिसमें एचएमएसआई के वरिष्ठ अधिकारियों शशांक रजदान (जनरल मैनेजर, रीजनल बिजनेस-सेंट्रल) और रविकुमार अन्नासाहेब फिरगण्णावर (जनरल मैनेजर, रीजनल बिजनेस - सेंट्रल कस्टमर सर्विस) ने भाग लिया। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ' ने एचएमएसआई की जमीनी गतिविधियों की दिशा तय की। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान के तहत एचएमएसआई की डीलरशिप्स और सर्विस आउटलेट्स ने देश भर में ग्राहकों और स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय भागीदारी की। मुख्य गतिविधियों में डीलरशिप पर आने वाले सभी ग्राहकों को पौधों का वितरण, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों पर जागरूकता अभियान और देश के कई शहरों और कस्बों में 1,25,000 से अधिक पौधारोपण शामिल रहे।

# छह महीने में 1. 29 लाख से अधिक जमीनों का हुआ इ-निबंधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य में पेपरलेस तरीके से जमीनों के निबंधन ने रफ्तार पकड़ ली है। दिसंबर 2024 से लागू इ-निबंधन सुविधा के तहत बीते छह महीनों में कुल एक लाख 55 हजार 239 आवेदन आए हैं जिनमें से एक लाख 29 हजार 949 आवेदनों का इ-निबंधन किया गया। इसके साथ ही 29,07,336 से अधिक लोगों ने ई-निबंधन सॉफ्टवेयर के जरिए इ-केवाईसी कराया है। गौरतलब है कि बीते वर्ष जुलाई में पांच कार्यालयों में इ-निबंधन सॉफ्टवेयर की शुरुआत हुई थी जिसके बाद में दिसंबर से प्रदेश के सभी निबंधन कार्यालयों में लागू है। इ-निबंधन सुविधा शुरू होने से दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन, घर बैठे शुल्क जमा, पारदर्शिता होने से धोखाधड़ी की कम आशंका और निबंधन संबंधी कामों का तुरंत निपटारा हो रहा है। इसके अलावा शादी के निबंधन, निबंधित दस्तावेजों की खोज, सच्ची प्रतिलिपि और ऋण अवभार प्रमाण पत्र की ऑनलाईन सुविधाएं भी मिल रहीं हैं। लोग ऑनलाइन समय बुकिंग के जरिए भी निबंधन करा सकते हैं।

# टीसीएच एडुसर्व ने शुरू की नई बैच, सरकारी नौकरी की तैयारी अब और आसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार की प्रमुख कोचिंग संस्था टीसीएच एडुसर्व ने आगामी सी-टेट, बीपीएससी टी आर ई 4.0, एस एस सी, रेलवे एवं बैंकिंग परीक्षाओं के लिए नई बैचों की घोषणा की है। संस्था के डायरेक्टर सौरव झा ने जानकारी दी कि सभी कोर्स ऑफलाइन मोड में संचालित किए जाएंगे और इनकी शुरुआत 17 जून से होगी। इस संस्थान ने पिछले कई परीक्षा में अपने शानदार परिणाम देकर विद्यार्थियों का भविष्य बना चुके हैं। संस्था की एक खास पहल यह भी है कि एस एस सी, रेलवे, बैंकिंग की शुल्क जितने प्रतिशत अंक, उतनी प्रतिशत फीस में छूट जिससे होनहार छात्रों को आर्थिक सहायता भी मिल सके तथा सी-टेट बैच का शुल्क मात्र 999/- एवं बीपीएससी टी आर ई 4.0 का शुल्क मात्र 1999/- में होगा। यह ऑफर फी 20 जून तक मान्य रहेगी। बैच से सम्बंधित अधिक जानकारी के लिए 9835813365 पर संपर्क करें।

गौरतलब हो कि टीसीएच एडुसर्व पटना में बीपीएससी टीआइ, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, सी टेट और एस टेट के लिए अग्रणी प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग है। यदि आप पटना में हैं और बीपीएससी टीआइ, एसएससी, बैंकिंग या रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने की इच्छा रखते हैं तो टीसीएच एडुसर्व एक ऐसा नाम है जो सबसे अलग है। अपने असाधारण कोचिंग मानकों, अनुभवी संकाय और व्यापक अध्ययन सामग्री के लिए जाना जाता है, टीसीएच एडुसर्व ने खुद को प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी के लिए जाने वाले संस्थान के रूप में स्थापित किया है।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी का वृहद मेगा हेल्थ कैम्प आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 में रविवार 15 जून को निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक होगा। अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि यह शिविर राजेश कुमार कमलिया एवं विकास कमलिया के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के 20 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। मरीज प्रातः आठ बजे से 10 बजे तक जांच हेतु अपना नम्बर लगा सकेंगे। सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, जेनेरल फिजिशियन पूनम नंदन, कान, नाक एवं गला विशेषज्ञ डॉ वंदना शर्मा, सहित अन्य डाक्टर मरीजों की जांच करेंगे। कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सभी तरह की पैथोलॉजिकल जांच तथा इसीजी, एक्स रे, शुगर एवं बीपी की जांच उसी दिन निःशुल्क किये जायेंगे।

# हिमालया बेबीकेयर ने फादर्स डे पर डिजिटल फिल्म लांच की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत का नंबर 1 डॉक्टर द्वारा अनुशंसित बेबी केयर ब्रांड हिमालया बेबीकेयर ने फादर्स डे के अवसर पर एक दिल को छू लेने वाली डिजिटल फिल्म (डीवीसी) लॉन्च की है। लोकप्रिय कन्नड़ गीत 'आई लव यू अप्पा' से प्रेरित, हैसटैग जेंटलएजडैड शीर्षक वाला यह अभियान एक पिता और उसकी बेटी के बीच भावनात्मक बंधन को खूबसूरती से दर्शाता है जब वह एक नवजात से एक युवा महिला बनती है। क्षेत्रीय दर्शकों से गहराई से जुड़ने के लिए इस प्रिय गीत का अनुवाद छह भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, मराठी और बंगाली में किया गया है जिससे क्षेत्रीय गूंज और गहरा भावनात्मक जुड़ाव सुनिश्चित हुआ है जिससे क्षेत्रीय प्रतिध्वनि और भावनात्मक जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। इस कहानी के केंद्र में हिमालया बेबीकेयर की विज्ञान-समर्थित रेंज है - बेबी मसाज ऑयल, बेबी सोप और बेबी लोशन, जो पिता और बच्चे के बीच साझा अनुभवों के हिस्से के रूप में सहजता से प्रस्तुत होते हैं। हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर डायरेक्टर, चक्रवर्ती एन.वी. ने अभियान पर टिप्पणी करते हुए कहा पिता अक्सर बच्चे के जीवन के मूक स्तंभ होते हैं - सौम्य, स्थिर और हमेशा पृष्ठभूमि में मौजूद, जो अपने प्यार और सुरक्षा के माध्यम से अपने बच्चे की दुनिया को आकार देते हैं। यह अभियान यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर हैशटैगजेंटलएजडैड हैशटैग के साथ लॉन्च किया जाएगा और दर्शकों को अपने पिता के साथ जुड़ी भावनात्मक यादों को साझा करने के लिए प्रेरित करेगा।

# रोटरी क्लब पाटलिपुत्रा ने 16 छात्राओं को दी साइकिल

## महिला को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिलाकर बनाया आत्मनिर्भर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। रोटरी क्लब पाटलिपुत्रा ने राजेन्द्र नगर स्थित हरिलाल सभागार में आयोजित वार्षिक क्लब असेंबली में समाजसेवा की प्रेरक मिसाल पेश की। इस अवसर पर 16 छात्राओं को स्कूल जाने के लिए साइकिलें दी गईं ताकि उनकी शिक्षा की राह आसान हो सके। साथ ही एक महिला को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिलाकर उसे आत्मनिर्भर बनाने की पहल की गई। कार्यक्रम में रोटरी गवर्नर बिपिन चाचान और फर्स्ट लेडी शिल्पी चाचान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब सदस्यों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की और रोटरी मूल्यों को समाज तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब प्रेसिडेंट आरटीएन स्वाति मोदी ने की तथा संचालन क्लब सचिव आरटीएन ऋषि जयसवाल ने किया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, रविवार 15 जून 2025

## संपादकीय

# एअर कंडीशनर का नया नियम

भारत के शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भी यह पहल महत्त्वपूर्ण साबित हो सकती है। अपने घर या कार्यालय को मनमर्जी के मुताबिक वातानुकूलित करने की प्रवृति अब लोगों को बदलनी होगी। क्योंकि, आने वाले दिनों में एसी (एअर कंडीशनर) की हवा को ज्यादा ठंडा करने का विकल्प ही मौजूद नहीं होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि केंद्र सरकार एअर कंडीशनर के तापमान का मानकीकरण करने वाली है। नए नियमों के तहत इसके तापमान को न्यूनतम 20 डिग्री और अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में ही रखा जाएगा।इससे न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है। कई देशों में इस तरह के नियम पहले से लागू हैं। भारत में भी इसको लेकर काफी पहले से विचार किया जा रहा था, लेकिन कुछ तकनीकी पहलू और सरकारी स्तर पर इच्छाशक्ति का अभाव इसमें रोड़ा बना हुआ था, पर अब सरकार ने इस दिशा में पहल करते हुए नए नियमों के मसविदे को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। देश में वातानुकूलन के लिए तापमान का मानकीकरण इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि गर्मियों के दिनों में बिजली की मांग चरम पर पहुंच जाती है। इसमें सबसे ज्यादा योगदान एअरकंडीशनर और हवा को ठंडा करने वाले अन्य उपकरणों का होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर वातानुकूलन के समय तापमान तय सीमा में रखा जाए तो देशभर में सालाना हजारों करोड़ यूनिट बिजली की बचत हो सकती है। इससे कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्रों पर भी दबाव कम होगा और कार्बन उत्सर्जन में भी खासी कमी आएगी। भारत के शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भी यह पहल महत्त्वपूर्ण साबित हो सकती है। वैसे भी अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाना जरूरी हो गया था। जापान, इटली, स्पेन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में एअर कंडीशनर के तापमान को लेकर पहले से ही सख्त नियम लागू हैं। जापान में तापमान की सीमा 26 डिग्री, जबकि इटली और स्पेन में 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रखी गई है। ऐसा बताया गया है कि नया नियम फिलहाल सभी नए एअर कंडीशनर पर लागू होगा। यानी आने वाले दिनों में बाजार में उपलब्ध एअर कंडीशनर में तापमान 20 डिग्री से नीचे और 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं रखा जा सकेगा। इसका एक फायदा यह भी होगा कि बिजली की खपत कम होने से बिल की राशि भी कम होगी। यानी समाज के मध्यम वर्ग के लिए सरकार का यह कदम राहत भरा होगा। घरों के अलावा सार्वजनिक भवनों, होटलों, माल, कार्यालयों, विपणन केंद्रों और कारों में लगे वातानुकूलन उपकरणों पर भी ये नियम लागू होंगे। हालांकि, घरों में लगे पुराने एअरकंडीशनर को लेकर सरकार की ओर से अभी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। दूसरे पहलू से देखा जाए तो कमरे में बहुत कम तापमान रखना स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदेह है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि 20 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान पर रहने से सांस संबंधी समस्याएं, सर्दी-खांसी, जोड़ों में दर्द और त्वचा संबंधी दिक्कतें बढ़ जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए 24-26 डिग्री का तापमान आदर्श होता है।

**भारत का सदाबहार दोस्त रूस मन ही मन गदगद है, क्योंकि अमेरिका और नाटो देशों के खिलाफ जो चक्रब्यूह 15 देशों का समूह सोवियत संघ या उसका बचा हुआ सर्वाधिक शक्तिशाली धड़ा रूस आज तक नहीं रच पाया, उसे भारत ने महाभारत कालीन चक्रब्यूह विधा की तर्ज पर ऐसा रचा की, उसमें फंसकर अमेरिका और यूरोपीय संघ दोनों चिग्घाड़ मार मार कर बचाओ बचाओ की आवाज लगा रहे हैं। इधर, भारत के लिए परेशानियों का सबब बनते जा रहे चीन के खिलाफ भी भारत ने ऐसा चक्रब्यूह रचा है कि देर सबेर उसमें उलझकर वह बर्बाद हो जाएगा। इसके लिए भारत ताइवान, तिब्बत और उन मध्य एशियाई देशों जो सोवियत संघ से जुड़े थे, के साथ समझदारी भरे आतंकवाद विरोधी रिश्ते प्रगाढ़ कर रहा है।**

# आर्थिक सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा, और बुनियादी ढांचे के प्रगति पथ पर नया भारत 2047 की नई उड़ान पर

## मोदी के 11 साल!

(रमाकांत चौधरी)

पिछले 11 वर्षों (2014-2025) में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक प्रगति, बुनियादी ढांचे, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं। साहसिक सुधारों, समावेशी विकास और दूरदर्शी नीतियों के बल पर भारत ने विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। जैसे-जैसे देश 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर अग्रसर है, बीते दशक की उपलब्धियां एक मजबूत नींव प्रदान करती हैं। हालांकि, कारोबारी सुगमता को बढ़ाने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गहरा एकीकरण अभी भी महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं। इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए चुस्त नीति निर्माण और इनोवेशन पर जोर देना होगा। युवा शक्ति और गतिशील नेतृत्व के साथ, भारत वैश्विक विकास का नेतृत्व करने को तैयार है।

विकास की मजबूत कहानी


2014 से भारत की आर्थिक यात्रा शानदार रही है। देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 4.2 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, जिसने भारत को विश्व की 10वीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया, जापान को पीछे छोड़ते हुए। अनुमान है कि भारत जल्द ही जर्मनी को पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2014 से औसत विकास दर 6.4त्र रही है, जो हाल की तिमाही में 7.4त्र तक पहुंच गई। भारत लगातार चार वर्षों से सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था रहा है, जिसकी विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच ने सराहना की है, जो भारत को वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन मानते हैं।

प्रति व्यक्ति आय में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे जीवन स्तर में सुधार हुआ है। निर्यात में उछाल आया है, जो मैन्युफैक्चरिंग और व्यापार को बढ़ावा देने वाली नीतियों का परिणाम है। करदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है, और प्रत्यक्ष कर संग्रह में 248त्र की वृद्धि दर्ज की गई है। 2017 में लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने देश के जटिल कर ढांचे को एकीकृत किया, जिससे राजस्व बढ़ा और कंप्लायंस (अनुपालन) सरल हुआ। नियमों को सरल बनाने और पुराने कानूनों को हटाने से आर्थिक ढांचा और मजबूत हुआ है।

मजबूत और निर्णायक रुख

मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण को नया रूप दिया है, आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। आतंकी हमलों को युद्ध की कार्रवाई मानने का सिद्धांत सुरक्षा रणनीति का आधार बन गया है। 22 अप्रैल को पाहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर ने इस सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाया, जिसमें भारत ने आतंकवाद के स्रोत पर हमला किया। इस बदलाव ने देश की संप्रभुता की रक्षा करने की क्षमता में विश्वास जगाया है।

वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के खिलाफ लड़ाई में भी बड़ी सफलता मिली है। नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर 18 रह गई है, और शीर्ष नक्सली नेताओं को निष्प्रभावी किया गया है। 2019 में अनुच्छेद 370 को रद्द करना, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था,




एक ऐतिहासिक कदम रहा है, जिसने इसे शेष भारत के साथ बेहतर एकीकरण की दिशा में ले जाया। सामाजिक सुधार, जैसे त्रिपल तलाक पर प्रतिबंध और वक्फ (संशोधन) विधेयक का पारित होना, सरकार की साहसिक और समावेशी शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आधुनिक भारत का निर्माण

पिछले 11 वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसने देश की कनेक्टिविटी और पहुंच को बदल दिया है। सड़क नेटवर्क का विस्तार हुआ है, जिसमें 90,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग बनाए या उन्नत किए गए हैं। भारतमाला परियोजना ने दूरदराज के क्षेत्रों को जोड़ा है, जिससे व्यापार और गतिशीलता बढ़ी है। रेलवे क्षेत्र में आधुनिकीकरण हुआ है, जिसमें मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जैसे हाई-स्पीड कॉरिडोर और 90 प्रतिशत से अधिक रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण शामिल है। वंदे भारत ट्रेनें, जो अब कई मार्गों पर चल रही हैं, ने यात्रा समय को कम किया और यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाई है।

उड़ान योजना ने हवाई यात्रा को छोटे शहरों तक पहुंचाया है। 150 से अधिक हवाई अड्डों और हवाई पट्टियों को चालू किया गया है, और यात्री यातायात 2014 के बाद से दोगुना हो गया है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 100 शहरों में आधुनिक सुविधाएं, बेहतर सार्वजनिक परिवहन और टिकाऊ शहरी नियोजन विकसित किया गया है। इन प्रयासों ने एक अधिक जुड़े और कुशल भारत की नींव रखी है।

शासन और सेवाओं का नया युग

भारत की डिजिटल क्रांति ने शासन और सेवाओं तक पहुंच को फिर से परिभाषित किया है। डिजिटल इंडिया पहल ने यूपीआई जैसे मजबूत डिजिटल सार्वजनिक संसाधनों का निर्माण किया, जो वैश्विक वित्तीय लेनदेन का 50त्र से अधिक हिस्सा संभालता है। आधार, विश्व का सबसे बड़ा बायोमेट्रिक पहचान तंत्र, ने कल्याणकारी योजनाओं की डिलीवरी को सुव्यवस्थित किया है। जन धन, आधार और मोबाइल की जेएएम त्रिमूर्ति ने लाखों लोगों को बैंकिंग, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और डिजिटल सेवाओं तक पहुंच प्रदान की है।

डिजिलॉकर और मायगव जैसे ई-शासन मंचों ने पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी को बढ़ाया है। राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट की पहुंच बढ़ाई है, जिससे डिजिटल खाई कम हुई है। 1.2 बिलियन से अधिक मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं और 900 मिलियन इंटरनेट ग्राहकों के साथ, भारत का डिजिटल ढांचा विश्व के लिए एक मॉडल बन गया है।

स्वच्छ ऊर्जा पर भारत का ध्यान इसे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करता है। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 में 2.82 गीगावाट से बढ़कर 105.65 गीगावाट हो गई है, और कुल स्वच्छ ऊर्जा क्षमता 228.28 गीगावाट तक पहुंच गई है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक और चौथा सबसे बड़ा पवन ऊर्जा उत्पादक है। भारत द्वारा शुरू की गई अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित किया है।

स्मार्ट सिटी मिशन में सौर-संचालित स्ट्रीटलाइट, ऊर्जा-कुशल इमारतें और अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्र शामिल हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने रूफटॉप सौर स्थापना को प्रोत्साहित किया है। ग्रीन हाइड्रोजन और पवन ऊर्जा में निवेश भारत की टिकाऊ भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भारत ञ्च 2047~भविष्य का रोडमैप

2047 की ओर बढ़ते हुए, भारत एक विकसित राष्ट्र बनने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य बना रहा है। पिछले दशक में आर्थिक सुधार, बुनियादी ढांचे और डिजिटल क्रांति ने मजबूत आधार प्रदान किया है। हालांकि, चुनौतियां बाकी हैं। कारोबारी सुगमता को बढ़ाना निवेश और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण है। अनुपालन बोझ को कम करना और नौकरशाही बाधाओं को हटाना भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा।

वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकरण एक और प्राथमिकता है। मेक इन इंडिया और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजनाओं ने घरेलू विनिर्माण को मजबूत किया है, लेकिन भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए और प्रयासों की जरूरत है। उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए कार्यबल को कौशल प्रदान करना, अनुसंधान और विकास में निवेश, और नवाचार-प्रधान नीतियां दीर्घकालिक विकास को बढ़ाएंगी।

टिकाऊ विकास भारत का आधार रहेगा। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का विस्तार, हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना और जलवायु-अनुकूल प्रथाओं को अपनाना पर्यावरणीय और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगा। समावेशी विकास, जिसमें हाशिए पर रहने वाले समुदायों का उत्थान, स्वास्थ्य सेवा में सुधार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना शामिल है, संतुलित प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होगा।

मोदी सरकार के 11 वर्षों ने भारत की दिशा को नया रूप दिया है, जिससे यह वैश्विक शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे और डिजिटल नवाचार ने राष्ट्र की नींव को मजबूत किया है, जबकि निर्णायक सुरक्षा उपायों और सामाजिक सुधारों ने लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान किया है।

# आईएएस अधिकारी के रिश्वत में पकड़े जाने पर उठे सवाल

(अशोक मधुप)

रिश्?वत के आरोपी अधिकारी धीमन चकमा का जन्म त्रिपुरा के एक छोटे से कस्?बे कंचनपुर में हुआ। उनके पिता स्कूल टीचर हैं, जबकि मां हाउस वाइफ हैं। धीमन ने अगर्तला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक किया।

उडीसा के कलाहांडी जिले के धरमगढ़ में 2021 बैच के आईएएस अधिकारी डिप्?टी कलेक्टर धीमन चकमा को ओडिशा विजिलेंस ने 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। उनके निवास से 47 लाख रूपये अतिरिक्त बरामद हुए। विजिलेंस की जांच जारी है। मात्र चार साल के शुरूआती कैरियर में रिश्वत लेते पकड़े जाना, यह बताने के लिए काफी है कि आज भारतीय समाज के भ्रष्टाचार की जड़ कितनी गहराई तक पहुंच गई हैं। व्यवस्था की सभी खंबे आज बेईमानी की जद में हैं। हम अधिकारी, राजनेता और व्यवस्था के भ्रष्टाचार के खिलाफ तो खूब बोलते और लिखते है, किंतु





न्यायपालिका के कदाचार पर चुप्पी साध जाते हैं, जबकि वहां भी हालत सब जगह जैसी ही है। दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर नई दिल्ली स्थित 30, तुगलक क्रीसेंट स्थित सरकारी आवास के बाहरी हिस्से में 14 मार्च की रात आग लग गई। इसमें बड़ी तादाद में नोट जले। जस्टिस वर्मा को दिल्ली से इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज दिया गया, किंतु लगभग तीन माह बीत जाने के बाद भी उनके खिलाफ कोई आरोप दर्ज नहीं हुआ। यदि यह ऐसा मामला किसी मंत्री, राजनेता या प्रशासनिक अधिकारी का होता तो उसके खिलाफ मुकदमा ही दर्ज नहीं होता, जेल भी जाना पड़ता। न्यायिक अधिकारी अपने को मिले विशेष अधिकार के बूते मामले दबा रहे हैं। राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ भी इस पर तीखी टिप्पणी कर चुके हैं।

रिश्?वत के आरोपी अधिकारी धीमन चकमा का जन्म त्रिपुरा के एक छोटे से कस्?बे कंचनपुर में हुआ। उनके पिता स्कूल टीचर हैं, जबकि मां हाउस वाइफ हैं। धीमन ने अगर्तला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद धीमन ने यूपीएससी की तैयारी शुरू की। उन्हें पहले भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में जगह मिली और वह ओडिशा के मयूरभंज जिले में आईएफएस अधिकारी के तौर पर तैनात हुए। उनका सपना आईएएस बनने का था। 2020 में उन्होंने फिर से यूपीएससी की परीक्षा दी और इस बार 482वीं रैंक हासिल की। इस सफलता ने उन्हें 2021 बैच का ढ्ढस् अधिकारी बनाया और वह ओडिशा कैडर में शामिल हुए। 2020 की कामयाबी के बाद उन्?होंने एक साल की ट्रेनिंग ली। इसके बाद वर्ष 2021 बैच का आईएएस नियुक्?त किया गया। आठ जून 2025 को ओडिशा विजिलेंस ने धीमन चकमा को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। बताया जा रहा है कि एक स्?थानीय व्?यापारी से 20 लाख रुपये मांगे गए थे। इसी तय राशि में से आधी रकम दी गई थी। व्?यापारी का आरोप था कि चकमा ने उनके स्टोन क्रेशर यूनिट के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी थी। इसके बाद विजिलेंस ने जाल बिछाया और चकमा अपने सरकारी आवास पर रिश्वत लेते पकड़े गए। केमिकल टेस्ट में उनके हाथ और दराज दोनों पॉजिटिव पाए गए। इसके बाद उनके आवास से 47 लाख रुपये नकद और बरामद हुए। सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई लोगों ने इसे सिस्टम की नाकामी बताया, तो कुछ ने इसे व्यक्तिगत लालच का नतीजा माना। एक यूजर ने लिखा-चार साल की नौकरी में इतना भ्रष्टाचार? ये लोग यूपीएससी में एथिक्स कैसे पढ़ते हैं? यह पहला मामला नहीं है। अधिकारी रिश्वत लेते पकड़े जाते रहे हैं किंतु सेवा प्रारंभ होने के दौरान ही रिश्वत लेने का पहला मामला है।

# सोशल मीडिया बच्चों को हिंसक एवं बीमार बना रहा है

(ललित गर्ग)

स्मार्टफोन बड़ों ही नहीं, बच्चों के हाथ में आ गया है। जवान और बूढ़े ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे तक इसके आदी होते जा रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, गेम्स सब कुछ स्मार्टफोन पर होने की वजह से बच्चों और युवाओं में इसकी आदत अब धीरे-धीरे लत में तब्दील होती जा रही है।

सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से बच्चों का बचपन न केवल प्रभावित हो रहा है, बल्कि बीमार, हिंसक एवं आपराधिक भी हो रहा है। यह चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। यह बच्चों को समय के प्रति, परिवार एव सामाजिक कौशल के प्रति और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया ने बच्चों से बाल-सुलभ क्रीड़ाएं ही नहीं छीनी बल्कि दादी-नानी की कहानियों से भी वंचित कर दिया है। कुछ विशेषज्ञ इस बात से चिंतित हैं कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बच्चे अनैतिक, उग्र, जिद्दी एवं आक्रामक भी हो रहे हैं, जो उन्हें चिंता और अवसाद में धकेल रहे हैं। बच्चें सोशल मीडिया पर वक्त ज्यादा गुजार रहे हैं, ऑनलाइन गेम्स ने बच्चों की दुनिया ही बदल दी है। अब ये आवाज उठने लगी है कि क्यों न बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर देना चाहिए? टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में ऐसे ही चिन्ताजक तथ्य सामने आये हैं कि बड़ी संख्या में युवा माता-पिता कहानियों की बजाय डिजिटल मनोरंजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। पंचतंत्र से लेकर स्नो व्हाइट पिनोकियो जैसी कहानियां अब शेल्फ पर धूल फांक रही हैं। नये बन रहे समाज एवं परिवार में सोशल मीडिया जहर घोल रहा है।

स्मार्टफोन बड़ों ही नहीं, बच्चों के हाथ में आ गया है। जवान और बूढ़े ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे तक इसके आदी होते जा रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, गेम्स सब कुछ स्मार्टफोन पर होने की वजह से बच्चों और युवाओं में इसकी आदत अब धीरे-धीरे लत में तब्दील होती जा रही है। सोने के समय बच्चों को कहानियां सुनाना या उनके लिए लोरियां गाना कभी पारिवारिक संस्कृति का अहम हिस्सा हुआ करता था। दादी-नानी हों या माता-पिता की सुनाई गई परीकथाएं बच्चों के लिए नींद से पहले की सबसे प्यारी यादें होती थीं। लेकिन अब सोशल मीडिया के आने से इसके बिना बचपन सूना हो रहा है। बच्चे किताबों और खेलकूद के मैदानों से दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी उनकी आंखों के साथ दिमागी सेहत पर भी बुरा असर डाल रही है। इसके अलावा शारीरिक श्रम एवं रचनात्मकता भी कम हो गई है। यह केवल पश्चिमी देशों की ही नहीं, भारत की भी सच्चाई बन चुकी है। जेन जेड यानी 1996 से 2010 के बीच जन्मे युवा माता-पिता अब इस प्यारी परंपरा से मुंह मोड़ रहे हैं। हालिया शोधों से पता चला है कि अब कहानियां पढ़ना-सुनाना जेन जेड माता-पिता के लिए जिम्मेदारी एवं मनोरंजन नहीं बल्कि



एक थकाऊ काम बन गया है। मोबाइल अब केवल बच्चों के लिए ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े भी इसकी चपेट में हैं। यह सिर्फ फोन या मैसेज करने तक ही सीमित नहीं रहा है। ना जाने कितने ही तरह के ऐप्स, व्हाट्सएप, फेसबुक जैसी सोशल मीडिया एप, और गेम्स बड़ो एवं बच्चों को दिन भर व्यस्त रखते हैं। लेकिन अगर मोबाइल के बिना आपको बेचैनी होती है तो समझ जाइये कि आप भी इस एडिक्शन के शिकार होते जा रहे हैं जो आपके लिए चिन्ता की बात है।

टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में खासकर महानगरों और शहरी इलाकों में सोशल मीडिया का बच्चों में प्रचलन अधिक बढ़ रहा है। पढ़ने को मनोरंजन एवं ज्ञान का हिस्सा मानने की बजाय 'गंभीर पढ़ाई' से जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक नई पीढ़ी के अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को कहानी सुनाना एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है। शहरीकरण एवं पारिवारिक संरचना में बदलते स्वरूप से पिछले दस सालों में बड़े बदलाव हुए हैं, संयुक्त परिवार की जगह अब एकल परिवार हैं, जहां दादी-नानी जैसे कहानी सुनाने वाले सदस्य मौजूद नहीं है। समय की कमी, कामकाजी जीवन की व्यस्तता और थकान के कारण माता-पिता के पास बच्चों को कहानी सुनाने का समय नहीं बचता। नई पीढ़ी के माता-पिता खुद ही पढ़ने की आदत से दूर हो चुके हैं, जिससे बच्चों को प्रेरणा नहीं मिलती। स्कूल का होमवर्क भी इसमें बड़ी बाधा है। रिपोर्ट के आंकडों के अनुसार 41 प्रतिशत माता-पिता ही रोज अपने चार साल तक के बच्चों को कहानी सुनाते हैं। जबकि 2012 में यह आंकड़ा 64 प्रतिशत था। 28 प्रतिशत जेन जेड माता-पिता पढ़ने को एक मजेदार गतिविधि नहीं मानते। बच्चों की सोशल मीडिया चैनल्स पर उपस्थिति उन्हें वास्तविक जीवन से दूर करके वर्चुअल दुनिया में ले जा रही है। जहां दिखावटीपन एवं नकारात्मकता की भरमार है। इससे बच्चों का बचपन तो छिन ही रहा है, उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास भी अवरुद्ध हो रहा है। सोशल मीडिया यानी यूट्यूब-इंस्टा, अन्य सोशल साइट की लत बच्चों को वास्तविक दुनिया से दूर कर रही है और उनकी एकाग्रता, याददाश्त और ध्यान की क्षमता को कम करके उन्हें अपंग, बीमार एवं हिंसक बना रही है। बच्चे अपने प्रश्नों का हल या समस्या का निवारण किताबों में ढूँढकर पढ़ने के बजाय केवल मोबाइल पर ढूँढने के आदी होते जा रहे हैं जो उचित नहीं है। मोबाइल और साइबर एडिक्शन अब एक गम्भीर समस्या बनती जा रही है जो बच्चों की दिनचर्या पर बुरा असर डाल रही है। इससे मानसिक विचलन और चिड़चिड़ापन बढ़ता जा रहा है कि हम छोटी छोटी बातों पर घर-परिवार के सदस्यों पर गुस्सा करने लग गये हैं।

मोबाइल आपके बच्चे से उसका बचपन ही नहीं छीन रहा है बल्कि उसे हिंसक भी बना रहा है। हरियाणा में 9 साल के एक बच्चे को इसकी इतनी बुरी लत थी कि उसने स्मार्टफोन छीने जाने की वजह से अपना हाथ काटने की कोशिश की। मोबाइल की लत का ये इकलौता मामला नहीं है। 12 साल का अविनाश मोबाइल के बिना एक पल नहीं रह सकता। उससे अगर मोबाइल छीन लिया जाये तो वो गुस्से में आ जाता है। ऐसी ही लत है भोपाल यूनिवर्सिटी की प्रिया को। उसे व्हाट्सऐप की ऐसी लत लगी कि वह पूरी रात जगी रह जाती है। अब वह इस लत से छुटकारा पाने के लिए मानसिक अस्पताल में काउन्सलिंग ले रही है। मोबाइल की लत से बच्चे आपराधिक भी होते जा रहे हैं और गलत कदम तक उठा रहे हैं। अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा में एक 16 वर्षीय लड़के ने अपनी माँ और बहन की हत्या कर दी क्योंकि बहन ने शिकायत कर दी थी कि भाई दिन भर मोबाइल फोन पर खतरनाक गेम खेलता रहता है और इसलिए माँ ने बेटे की पिटाई की, उसे डाँटा और उसका मोबाइल छीन लिया। मोबाइल पर मारधाड़ वाले गेम खेलते रहने के आदी लड़के का गुस्सा इसी से बढ़ गया। इसी तरह कुछ महीनों पहले कोटा में एक 16 वर्षीय किशोर ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की जाँच पड़ताल में पता चला कि बच्चे को पबजी गेम खेलने की लत थी और दिनभर मोबाइल में गेम खेलता रहता था। जब घरवालों ने मोबाइल छीन लिया और देने से मना कर दिया तो यह गलत कदम उठा लिया।

देश में बड़े अस्पतालों में मोबाइल की लत के शिकार लोगों के इलाज के लिए खास क्लीनिक हैं। और यहाँ आने वाले मरीजों की संख्या जिनमें बच्चें बहुतायत में हैं, अब दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। मोबाइल और एप बनाने वाली कम्पनियाँ अपने मुनाफे के लिए कितनी अमानवीय हो गयी हैं कि यह सब जानते हुए भी लोगों को मानसिक रोग के गड्ढे में धकेल रही हैं। वे नये-नये गेम बनाकर मुनाफा बटोर रही हैं। परिवार एवं समाज में जागरूकता अभियान के साथ सरकार को इस उभर रहे बड़े संकट पर ध्यान देना होगा। बच्चों को खेल, कला, संगीत और अन्य गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जानकारी दें और उन्हें साइबर अपराधों से बचने के तरीके सिखाएं। बच्चों को सोशल मीडिया का उपयोग करने के बारे में सही जानकारी देना और उन्हें इसके नकारात्मक प्रभावों से बचाना जरूरी है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया कार्यक्रम

# खूंटी में राज्य स्तरीय विधिक सेवाएं-सह-सशक्तिकरण शिविर आयोजित

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम, खूंटी में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी द्वारा राज्य स्तरीय विधिक सेवाएं-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश एवं खूंटी न्याय मंडल के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में झालसा रांची की सदस्य सचिव सुश्री कुमारी रंजना अस्थाना, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-डालसा अध्यक्ष श्री रसिकेश कुमार, उपायुक्त खूंटी श्रीमती आर. रॉनिटा, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप समेत कई विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को पौधा, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने विधिक



जागरूकता और सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह प्रयास लोगों को न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। उन्होंने नशा उन्मूलन, डायन प्रथा के खिलाफ जनजागरूकता, एनडीपीएस एक्ट, पोक्सो एक्ट जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने 'नशा मुक्त झारखंड' के संकल्प के तहत सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई और कहा कि केवल शपथ लेना पर्याप्त नहीं, इसे व्यवहार में भी लाना होगा। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति ने पिपरा टोली, सहयोग विलेज खूंटी स्थित ओल्ड एज होम में अटल क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन किया तथा वर्चुअल माध्यम से वहां रह रहे वृद्धजनों से संवाद किया। उन्होंने सिविल सर्जन को क्लिनिक में नियमित चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देश भी दिए। विशिष्ट अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्री संजय कुमार द्विवेदी ने विधिक सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कोई भी नागरिक न्याय से वंचित न रहे, यही हमारी प्राथमिकता है। झालसा सदस्य सचिव सुश्री कुमारी रंजना अस्थाना ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उपायुक्त आर. रॉनिटा ने संबोधित करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

उपायुक्त ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ एवं पारदर्शी शासन के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों के नागरिकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगों को जागरूक करने, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने में लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मुंडारी भाषा में नालसा गान के माध्यम से आमजन को विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से सिलाई मशीन, साइकिल, छात्रवृत्ति, स्कूल बैग व किताबें, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को चेक, अबुआ आवास योजना के अंतर्गत गृह प्रवेश सामग्री व चाबी, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, धोती-साड़ी, हरा राशन कार्ड, बकरी, गाय, ट्रैक्टर, ट्राई साइकिल, वृद्धावस्था/विधवा पेंशन, मत्स्य संपदा योजना, बीज वितरण, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, आर्थिक सहयोग इत्यादि शामिल रहे। कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल का माननीय न्यायमूर्ति द्वारा निरीक्षण किया गया एवं अधिक से अधिक लाभुकों को सरकारी योजनाओं से जागरूक करने, उन्हें कानूनी परामर्श देने का निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाया गया तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-डालसा अध्यक्ष श्री रसिकेश कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अधिवक्ता, विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और लाभुकों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल और प्रभावशाली बनाया।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले में "चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान का समापन समारोह

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा), खूंटी, सिनी टाटा ट्रस्ट एवं प्लान इंडिया के द्वारा संयुक्त रूप से प्रखण्ड एवं पंचायत स्तरीय 'चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो' अभियान समापन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समापन समारोहे के दौराने पंचायत एवं ग्राम प्रतिभागियों द्वारा माहवारी स्वच्छता के सभी आयामों को अपनाने एवं दूसरों को भी जागरूक करने के लिए शपथ लिया गया। जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका एवं किशोरियों को इस कार्यकम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। लोगों से अपील की गयी कि उक्त अभियान को कार्यक्रम ना समझकर कर इसे लगातार तबतक करे जबतक स्वच्छता आपके जनमानस तक न पहुँच जाए। इस विषय पर किशोरियों को भ्रांतियों से दूर रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान लोगों के बीच माहवारी स्वच्छता से संबंधित लघु विडियो का प्रदर्शन कर अबतक किये गए कार्यो के संबंध में बताया गया। आयोजन में मुख्य रूप से सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक, प्रखण्ड समन्वयक एवं माहवारी विषय पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं का केस स्टडी सक्सेस स्टोरी साझा किया गया। 'चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो' अभियान में ग्राम, पंचायत प्रखण्डों में मुख्य रूप से किशोरियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी प्रखण्डों में स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के संबंध में सभी जलसहिया को जिला समन्वयक द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी को सिटीजन फीडबैक करने हेतु निर्देश दिया गया। 28 मई से आरंभ उक्त कार्यक्रम में किशोरियों द्वारा माहवारी विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम सभी माताओं से अनुरोध किया गया कि वे अपनी बच्चियों से माहवारी विषय पर बात करें और चुप्पी ताड़ने वाली बातों की जानकारी दें। उक्त अभियान के तहत मुखिया, जलसहियाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा चुप्पी तहत स्वच्छता के सभी आयामों को अपनाने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान ग्राम सभा, जागरूकता रैली, रात्री चौपाल, दीदी सम्मेलन, किशोरी सम्मेलन, भैया सम्मेलन जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को माहवारी स्वच्छता पर जागरूक किया गया। अभियान की सफलता में मुख्य रूप से जिला समन्वयक, प्रखण्ड समन्वयक, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, की अहम भुमिका रही। कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं सहायक अभियंता स्वच्छता प्रमण्डल, खूँटी द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी महत्ति भूमिका निभायी।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर में 49 सफेद बोरा में लोड अवैध डोडा बरामद

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि डोडा लदा एक ट्रैक्टर होड़ोंग बेड़ाहातू होते हुए बुण्डू कि तरफ जाने वाली है, मामले में अड़की पुलिस द्वारा त्वरित का कार्रवाई करते हुए बेड़ाहातू निर्माणधीन पुल के पहले छापामारी दल द्वारा ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया गया परंतु ट्रैक्टर चालक व उसका सहयोगी ट्रैक्टर से झाड़ियो की तरफ कुद गये और दोनों आदमी भागने में सफल रहे । उक्त ट्रैक्टर में 49 सफेद बोरा में लोड अवैध डोडा बरामद किया गया जिसका कुल वजन- 991.01 कि0ग्रा0 ,जिसका अनुमानित मूल्य करीब 1,48,65,152 रु है । इस संदर्भ में अड़की थाना में कांड दर्ज कर घटना में उपयोग में लाए गए ट्रैक्टर के अज्ञात मालिक, चालक व अन्य लोग जो इस अवैध डोडे के व्यापार में शामिल है उसका पता करने का प्रयास किया जा रहा है ।

### विश्रामपुर के पिथौरा स्कूल के बच्चों ने नशा मुक्ति के लिए चलाया जनजागरूकता अभियान

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के पिथौरा स्कूल के विद्यार्थियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बिहार सीमा से लगे बनाही गांव में जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से मिलकर नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। साथ ही नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को पुलिस पब्लिक रिलेशन, डायल 112 सेवा, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागेदारी रही। ग्रामीणों ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। इससे मुक्ति के लिए जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व पुलिस विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने बच्चों की इस पहल की प्रशंसा की। इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



### 78 शिक्षा सेवक एवं 40 तालिमी मरकज के रिक्त पदों पर कराया जाएगा नियोजन

निष्पक्षता और पूरी पारदर्शिता से सम्पन्न कराया जाएगा नियोजन : जिलाधिकारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में पश्चिम चम्पारण जिला में शिक्षा सेवक एवं तालिमी मरकज के रिक्त पदों पर नियोजन/चयन की कार्रवाई की जानी है। प्रखंड विकास पदाधिकारियों से प्राप्त सर्वेक्षण सूची के आधार पर पश्चिम चम्पारण जिला में शिक्षा सेवक के कुल 78 पद तथा तालिमी मरकज के 40 पद रिक्त हैं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि चिन्हित रिक्ति के विरूद्ध जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनता द्वारा लगातार कई शिकायत पत्र समर्पित किए गए हैं। साथ ही दूरभाष के माध्यम से भी शिकायतें की गई हैं। ऐसी परिस्थिति में रिक्ति संबंधी प्राप्त शिकायत के आधार पर सर्वेक्षण सूची के विरूद्ध दावा-आपत्ति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है ताकि नियोजन की प्रक्रिया शिकायत रहित एवं पूरे पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। आपत्ति प्राप्त करने और उसके निष्पादन तक के लिए चयन प्रक्रिया को स्थगित रखा गया है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सर्वेक्षण सूची के विरूद्ध एन.आई.सी. के पोर्टल पर दिए गए लिंक के माध्यम से अथवा ई-मेल आई.डीअथवा जिला शिक्षा पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के कार्यालय में दिनांक- 16.06.2025 से 23.06.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस के दौरान 10:00 बजे पूर्वा. से 05:00 बजे अप. तक भौतिक रूप से आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जीरी टोलरेंस की नीति पर कार्य करने पर जोर दिया जाता रहा है। इसे शिक्षा सेवकों के नियोजन की प्रक्रिया के दौरान भी समुचित रूप से लागु किया जाएगा तथा नियोजन की प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक संपन्न

सामाजिक एकजुटता से ही समाज का विकास संभव : सरिता रवानी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा धनबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला परिषद उपाध्यक्ष के आवास में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता धनबाद जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी एवं समाजसेवी शंकर रवानी ने संचालन किया। बैठक में धनबाद जिला के विभिन्न प्रखंडों एवं नगरों से 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा संबोधन के पूर्व अहमदाबाद विमान हादसा में मृत व्यक्तियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में सह सहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 29 जून को होने वाले समाज के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री के चुनाव में सह सहमति से अध्यक्ष एवं महामंत्री का चुनाव किया जाएगा। साथ ही निर्णय लिया गया की चंद्रवंशी समाज को धारदार एवं शसक्त बनाया जायेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता रवानी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज में व्याप्त कुरितियों को समाप्त करने के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना होगा एवं अपने बच्चों को इंजिनियर, डॉक्टर, वकील बनाएं तभी समाज का सर्वांगीण विकास सम्भव हैं। आगे उन्होंने कहा कि राजनीति भागीदारी के लिए पंचायत एवं विधानसभा में अधिक से अधिक अपने लोगों को भेजने का काम करें। गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी ने कहा कि समाज को ताकत वर बनाने के लिए सबसे पहले सभी को एक मंच पर आना होगा।उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक भागीदारी के लिए आपको अपने समाज के किसी को लीडर दिल से मानना होगा। पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार रंजन ने कहा कि वे भी चुनाव के पक्ष में नहीं है।इसपर सभी को बैठकर निर्णय लेना होगा। सभा को अशोक सिंह,पुरषोत्तम रंजन, नीलकंठ रवानी,दुर्गा प्रसाद रवानी,अशोक कुमार,मनोज रवानी, राजीव रंजन रवानी, अक्षबर प्रसाद,शक्ति रवानी,वरुण रवानी,राज किशोर रवानी,मर्डा विकास रमन, राजेन्द्र वर्मा,समीर रवानी, विकास बजरंगी, अमरजीत कुमार,जीतन रवानी, अधिवक्ता मेधनाथ रवानी,बादल रवानी,विष्णु रवानी,जीवन रवानी, गणेश रवानी, सहित चंद्रवंशी समाज से सैकड़ों लोगों ने संबोधित किया।

# विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने किया रक्तदान



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने आज समाहरणालय में शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) की ओर से आयोजित शिविर में रक्तदान किया। रक्तदान करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रक्त के महत्व और जरूरतमंद व्यक्तियों तक रक्त की पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर समाहरणालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। वहीं लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से हम किसी की जान बचाकर उन्हें नया जीवन दे सकते हैं। यह हमारे शरीर के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होता है। 18 से 65 वर्ष की उम्र के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान से पहले व्यक्ति को किसी भी गंभीर संक्रमण, बुखार या एलर्जी से मुक्त होना चाहिए। दो रक्तदान के बीच कम से कम 3 महीने का अंतर होना चाहिए। रक्तदाता को शराब, धूम्रपान या किसी अन्य नशे से दूर रहना चाहिए। शिविर में समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों के पुरुष एवं महिला कर्मियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर में 43 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

# पलामू क्षेत्र के लिए सुखद है डीआइजी नौशाद आलम का आना : अविनाश वर्मा

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा ने पलामू प्रमंडल के नवनियुक्त पुलिस उप महानिरीक्षक नौशाद आलम से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। मुलाकात के पश्चात अविनाश वर्मा ने कहा कि पलामू प्रमंडल जैसे क्षेत्र में समर्पित व प्रसन्नचित मुद्रा में रहने वाले व्यक्ति का डीआईजी के पद पर आना पलामू वासियों के लिए सुखद अनुभव होने वाला है। कहा कि गत दिन एक साहित्यिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डीआईजी नौशाद आलम ने अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से संस्कृत, हिंदी व उर्दू को मिश्रित करते हुए जिस अंदाज में शब्दों को बयां किया वह उनकी विलक्षण प्रतिभा के साथ हिंदुस्तानी मिट्टी से लगाव को दशार्ता है। उनके इसी प्यार, बड़प्पन, सादगी व मिलनसार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर अविनाश वर्मा ने उनके आवास पर जाकर शॉल, बुके के साथ अपने आवासीय परिसर में लगे मीठे व स्वादिष्ट आम भेंट कर स्वागत किया। साथ ही उनके बेहतर जीवन की कामना की। डीआईजी नौशाद आलम ने अविनाश वर्मा के भाव से प्रभावित होकर मुंह मीठा कराया और स्वयं इत्र लगाकर आभार प्रकट किया। कहा कि पुलिस पब्लिक के बीच में वे पुल का काम करेंगे। इस अवसर पर अविनाश वर्मा के पुत्र सह जेएस कॉलेज एबीवीपी के अध्यक्ष आकाश वर्मा व छात्र नेता सुमित पाठक मौजूद थे।



# झारखंड सरकार शिक्षा नीति को लेकर लगातार गंभीर युद्धस्तर पर साइकिलों का वितरण कार्यक्रम जारी

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सतारूढ़ दल के मुख्य सचेतक सह टुण्डी के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो जबकि उनके प्रतिनिधि बसंत महतो ने झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना साइकिल वितरण कार्यक्रम इन दिनों युद्धस्तर पर जारी रखा है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा आज तोपचांची प्रखंड के बालिका उच्च विद्यालय गोमो में छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया एवं वितरण के दौरान उपस्थित लोगों को अपने संबोधन में कहा कि बच्चियों को वर्तमान सरकार आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृत संकल्पित है एवं शिक्षा नीति को आगे बढ़ाने के लिए लगातार साइकिल वितरण जैसे योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रही है।साथ ही तोपचांची प्रखंड के विशनपुर (गोमो) निवासी दिनेश कुमार महतो के पिता के श्रद्धा कर्म में पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनाएं की। वहीं उनके प्रतिनिधि बसंत महतो ने पूर्वी टुंडी के कोपली उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आठवीं कक्षा की छात्राओं के बीच साइकिल योजना से आच्छादित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जगदीश प्रसाद चौधरी , बसंत महतो, सुनील सोरेन, वीरू सिंह समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।



# शोक सभा में प्रकाश चंद जैन सेवा सदन की संस्थापिका रतन देवी जैन को दी गई श्रद्धांजलि

उम्र के अंतिम पड़ाव में भी मां देती रही प्रेरणा : सुरेश जैन ● संस्थापक का सामाजिक योगदान भुलाया नहीं जा सकता : अजीत सिंह नामधारी

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नावाहाता स्थित प्रकाश चंद जैन सेवा सदन में शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सेवा सदन के अध्यक्ष अजीत सिंह नामधारी की अध्यक्षता में हुई। मौके पर उपस्थित लोगों ने संस्थापक रतन देवी जैन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

मौके पर अध्यक्ष अजीत सिंह नामधारी ने कहा कि रतन देवी जैन एक ऐसी महिला का नाम है जिनके उपर पति के निधन के बाद घर परिवार को देखते हुए पति के द्वारा स्थापित व्यवसाय का भी संचालन करने का जवाबदेही निभाई। विकट परिस्थिति में भी स्व रतन देवी विचलित नहीं हुई। काफी धैर्य व साहस के साथ अपने बाल बच्चों का परवरिश करते हुए व्यवसाय को भी आगे बढ़ाने का काम किया। आज उनके प्रेरणा से सेवा सदन की स्थापना की गई थी । इससे पलामू प्रमंडल ही नहीं बल्कि आसपास के गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार से लेकर सक्षम परिवार भी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले रहे हैं। आज वे हमलोगों के बीच नहीं रहते हुए भी अमर हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके आदर्शों को अपनाते हुए सेवा भाव से दीन हीनों की सेवा करनी है। मौके पर सेवासदन के सचिव सुरेश जैन ने कहा कि मां उम्र के अंतिम पड़ाव में भी प्रेरणा ही देती रही। आज उनकी प्रेरणा से उन्हें प्राप्त हुआ है उसे और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। मौके पर सुमित्रो भट्टाचार्य, डा पुनम सिंह, डा कामेंद्र सिंह, डा गरिमा प्रकाश, डा एसएस होरो, डा विकास चंद्र अग्रवाल, डा जयंत लकड़ा, डा सुमित कुमार, प्रभात अग्रवाल, कामता प्रकाश, कृष्णकांत ओझा समेत कई अस्पतालकर्मी व गणमान्य शामिल थे।



# 30 रक्तदाताओं ने किया जीवनदान, सिविल सर्जन ने किया शिविर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सोसाइटी हेल्पर ग्रुप ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर समाज को जीवनदान का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर अस्पताल सीवान के सिविल सर्जन श्रीनिवास प्रसाद ने फीता काटकर किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि "रक्तदान से किसी की जान बच सकती है। ऐसे शिविरों से ब्लड स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित होती है जो थैलेसीमिया और दुर्घटना पीड़ितों के लिए अत्यंत जरूरी है।"

**महिलाओं की सहभागिता बनी प्रेरणा, डॉ संगीता चौधरी सहित कई महिलाओं ने बढ़ाया हौसला**

इस शिविर में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। डॉ संगीता चौधरी ने खुद रक्तदान करते हुए कहा कि "रक्तदान न केवल दूसरों की जिंदगी बचाता है, बल्कि यह हमें भी कई बीमारियों से बचाता है। समय-समय पर हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।"

**संस्थापक अनमोल कुमार बोले - रक्तदान समाज सेवा का श्रेष्ठ रूप**

संस्था के संस्थापक अनमोल कुमार ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ह्लरक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जिससे अनगिनत लोगों की जान बचाई जा सकती है। हमें इस नेक कार्य के लिए समाज को और जागरूक करना होगा।ह्व उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की विशेष सराहना की।

**रक्तवीर संचालक नीतीश कुमार ने जताया संतोष, कहा - जागरूकता बढ़ी है**

रक्तवीर संचालन प्रमुख नीतीश कुमार ने कहा कि 'इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जनमानस में जागरूकता फैलाना था। जिस उत्साह से लोगों ने भाग लिया, वह बताता है कि अब समाज इस दिशा में गंभीरता से सोच रहा है।'

**रक्तदाताओं और सहयोगियों की रही खास भूमिका**

इस रक्तदान शिविर में जिन प्रमुख लोगों ने रक्तदान किया, उनमें डॉ संगीता चौधरी, सूरज कुमार, नीतीश कुमार, संजय कुमार, अंकित कुमार, गौरव कुमार, रितेश रंजन, समितेंद्र, आरती कुमारी, अजित, चन्दन, अभिषेक, काजल कुमारी, अमित, अनिकेत, निशु, नकुल, विनोद, कविता अग्रवाल, संजय कुमार, प्रकाश, विकास, राजा कुमार, राजेश सोनी, आदित्य सोनी, आरु सहित अन्य शामिल रहे।



# पशु भ्रूण प्रत्यारोपण शिविर आयोजित, साहीवाल नस्ल सुधार की दिशा में बिहार ने रचा इतिहास

राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की अभिनव पहल

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार ने पशुधन सुधार के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए पहली बार पशु भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक को प्रयोगशाला से निकालकर जमीनी स्तर पर लागू किया है. यह कार्य राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ है. गंगा ग्लोबल डेयरी परिसर, बेगूसराय में आयोजित इस एक दिवसीय विशेष शिविर में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने आसपास के गांवों की कुल 31 गायों का चयन किया. इन सभी में अत्याधुनिक क्ष्र्त्र्र्रतकनीक से विकसित उन्नत साहीवाल नस्ल के मादा भ्रूणों का प्रत्यारोपण अगले एक महीने में किया जाएगा. बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने बताया कि राज्य में यह पहला अवसर है जब भ्रूण प्रत्यारोपण जैसी अत्याधुनिक तकनीक को पशुपालकों तक सीधे पहुंचाया गया है. उन्होंने बताया कि बहुत जल्द राज्य के अन्य जिलों में भी इस तकनीक का विस्तार किया जाएगा और पशु चिकित्सकों को इसका विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा. उन्होंने क्ष्र्त्र्र्र तकनीक को पशुधन की गुणवत्ता सुधार के लिए एक बड़ा अवसर बताया और इसे किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर करार दिया. उन्होंने भारत सरकार और बिहार सरकार का विशेष आभार जताया, जिनके सहयोग से यह प्रोजेक्ट साकार हो सका है. शिविर में विशेष रूप से विधान परिषद सदस्य सर्वेश कुमार उपस्थित रहे. उन्होंने वैज्ञानिकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास बेगूसराय ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के डेयरी क्षेत्र के लिए बड़ी क्रांति साबित हो सकता है.



CMYK

# मॉर्गन स्टेनली ने कंपनी के 4.2 लाख शेयर बेचे

**पिछले महीने आया था आईपीओ**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मॉर्गन स्टेनली ने 4.2 लाख शेयर बेच दिए। इस दिग्गज ब्रोकरेज हाउस ने स्मॉल कैप कंपनी स्कोडा ट्यूब्स के 7.6 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए हैं। यह शेयरों की बिक्री ब्लॉक डील के जरिए हुई है। यह बिक्री मॉर्गन स्टेनली एशिया सिंगापुर प्रा. ने 181.42 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से हुई है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में 3.33 प्रतिशत की गिरावट के बाद 180 रुपये के लेवल पर बंद हुआ है। वहीं, एनएसई में यह स्टॉक 3.55 प्रतिशत की गिरावट के बाद 179.50 रुपये के लेवल पर बंद हुआ है। यह कंपनी स्टेनलेस स्टील पाइप्स और ट्यूब्स का उत्पादन करती है। कंपनी की मौजूदगी ग्लोबल मार्केट में है। बीते एक महीने में स्कोडा ट्यूब्स के शेयरों की कीमतों में 17 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। स्कोडा ट्यूब्स का 52 वीक हाई 195 रुपये और 52 वीक लो लेवल 136 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1078.36 करोड़ रुपये का है। पिछले महीने आया था आईपीओ स्कोडा ट्यूब्स के आईपीओ का साइज 220 करोड़ रुपये का है। कंपनी का आईपीओ के जरिए 1.57 करोड़ शेयर जारी करेगी। यह आईपीओ 28 मई को खुला था। कंपनी का आईपीओ 30 मई तक खुला था। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 140 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।

# खाने-पीने की चीजें होंगी सस्ती

- यूनियन बैंक ने अच्छे मानसून और टैक्स कटौती को बताई अहम वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अच्छे मानसून और खाद्य तेल पर आयात शुल्क में कटौती आने वाले महीनों में खाने-पीने की चीजों को सस्ता कर सकती हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है।

**सरकार ने खाद्य तेलों पर आयात शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत किया–** इसमें कहा गया कि सरकार ने 30 मई को सूरजमुखी, सोयाबीन और पाम तेल जैसे कच्चे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम से खुदरा उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलने की संभावाना है।

**समय से पहले आया मानसून–** रिपोर्ट में बताया गया कि इस बार मानसून की शुरुआत



सकारात्मक रही। केरल में मानसून समय से 5 दिन पहले पहुंच चुका है और देश के दूसरे भागों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। मई 2025 में भारत में औसत से लगभग 106 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। भारतीय मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि मानसून जून में भी सक्रिय रहेगा।

**बैंक ने दी मौसम संबंधी चेतावनी –** इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद बैंक ने मौसम को लेकर चेतावनी जताई है। चरम मौसम संबंधी घटनाएं वर्तमान मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति को बाधित कर सकती हैं। उत्तर भारत में गर्मी अभी भी तेज है और अगर बाढ़ या सूखा जैसी समस्याएं आईं, तो खाद्य पदार्थों की कीमत फिर से बढ़ सकती है।

**इजरायल-ईरान की लड़ाई से भारत को भी होगा नुकसान?**


# कच्चे तेल और शेयर बाजार पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव का भारत की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर शायद नहीं होगा। एक बड़े सरकारी अधिकारी ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर यह लड़ाई और ज्यादा बढ़ती है, तभी भारत को ज्यादा नुकसान हो सकता है। सरकार इस स्थिति पर पूरी नजर रख रही है।

अधिकारी ने माना कि इस लड़ाई की वजह से कच्चे तेल (क्रूड ऑइल) के दाम बढ़ सकते हैं। शेयर बाजार में भी उतार-चढ़ाव आ सकता है। रुपये की कीमत भी गिर सकती है। जहाजों से सामान भेजने का खर्च भी बढ़ सकता है। अधिकारी ने बताया कि अभी यह कहना मुश्किल है कि भारत पर इसका क्या असर होगा। वित्त मंत्रालय और अन्य सरकारी संस्थाएं बाजार पर नजर रख रही हैं। वे यह देखेंगे कि बाजार में क्या हो रहा है।

कीमतों पर कितना पड़ेगा असर?

अधिकारी ने यह भी कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है। इसलिए भारत इस तरह की किसी भी परेशानी से आसानी से निपट सकता है। भारत को ज्यादा नुकसान नहीं



होगा। अधिकारी ने यह भी कहा कि इस लड़ाई का असर दूसरी चीजों की कीमतों पर ज्यादा समय तक नहीं रहेगा।

## महंगा हो सकता है पेट्रोल-डीजल

इजरायल के हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतें 12 प्रतिशत बढ़कर 78.5 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। लेकिन बाद में कीमतें कम हो गईं और 75 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे आ गईं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि खबर आई कि इजरायल ने ईरान के तेल के ठिकानों पर हमला नहीं किया है। उसने सिर्फ ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था।

इजरायल के हमलों से डर है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण रास्ता है जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल जाता है। अगर ईरान ऐसा करता है, तो जहाजों से सामान भेजने और बीमा कराने का खर्च बहुत ज्यादा बढ़ सकता है। इसका असर भारत पर भी दिखाई दे सकता है। इससे भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। साथ ही दूसरे देशों से भारत आने वाले दूसरे सामान की कीमत पर भी असर दिखाई दे सकता है।

# सुजलॉन एनर्जी के टारगेट प्राइस में हुई कटौती




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रोकरेज हाउस जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज ने सुजलॉन एनर्जी की रेटिंग को घटा दिया है। साथ ह टारगेट प्राइस में भी कटौती की गई है। शुक्रवार को बीएसई में सुजलॉन एनर्जी के शेयर 1.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.74 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

**क्या है सुजलॉन एनर्जी का नया टारगेट प्राइस–** ब्रोकरेज हाउस जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज का कहना है कि यह स्टॉक 71 रुपये के लेवल तक जा सकता है। जोकि शुक्रवार को क्लोजिंग की तुलना में 17 प्रतिशत से अधिक है। ब्रोकरेज

## ब्रोकरेज ने रेटिंग भी घटाया

हाउस ने पहले 77 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया था। यानी सुजलॉन के शेयरों के लिए 6 रुपये की टारगेट प्राइस में कटौती की गई है। ब्रोकरेज हाउस की चिंता प्रोजेक्ट के क्रिन्यावन को लेकर है। जियोजित ने बड़े प्रोजेक्ट के क्रिन्यावन को लेकर सतर्कता जाहिर की है।

हालांकि, यह कमेंट ऐसे समय में आया है जब कंपनी की वित्तीय स्थिति काफी मजबूत है। मार्च तिमाही के दौरान सुजलॉन एनर्जी का प्रदर्शन शानदार रहा है। जिसकी वजह से नेट प्रॉफिट से लेकर रेवन्यू तक में तेज इजाफा देखने को मिला है। बता दें, मार्च क्वार्टर के दौरान सुजलॉन एनर्जी का नेट प्रॉफिट 1181.22 करोड़ रुपये रहा था।

## सुज़लॉन स्टॉक प्राइस ट्रेंड

सितंबर 2024 में सुजलॉन एनर्जी के शेयर 86.04 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंच गए थे। वहीं, कंपनी का 52 वीक लो लेवल 46 रुपये है। बता दें, मई के महीने में सुजलॉन एनर्जी के शेयरों की कीमतों में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, जून में यह रिन्यूएबल स्टॉक 10 प्रतिशत के करीब टूट चुका है। फरवरी में कंपनी के शेयरों में 14 प्रतिशथ की तेजी देखने को मिली थी।

# मूडीज ने यस बैंक की रेटिंग में किया बड़ा बदलाव, 20 रुपये शेयर भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक के शेयर पर आपका दांव है तो ये खबर आपके काम की हो सकती है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने यस बैंक की रेटिंग में बदलाव किया है। इस खबर के बीच यस बैंक के शेयर शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

**क्या है रेटिंग एजेंसी का फैसला–** मूडीज ने यस बैंक की रेटिंग को बीए3 से बढ़ाकर बीए2 कर दिया है। इसके अलावा बैंक के क्रेडिट प्रोफाइल




में सुधार के कारण आउटलुक को बदलकर स्थिर कर दिया है। यस बैंक के बेसलाइन क्रेडिट मूल्यांकन को भी बी1 से बढ़ाकर बीए3 कर दिया गया है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा– यस बैंक की बीए2 डिपॉजिट रेटिंग इसकी बीए3 बीसीए (बेसलाइन क्रेडिट असेसमेंट) से एक पायदान ऊपर है।

**प्रशांत कुमार के कार्यकाल का विस्तार–** इस बीच, यस बैंक ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लेंडर यानी यस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत कुमार के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दे दी है। यह विस्तार छह महीने का है, जो 6 अक्टूबर से प्रभावी होगा, या जब तक कोई नया एमडी और सीईओ कार्यभार नहीं संभाल लेता। बता दें कि बैंक ने नए सीईओ की तलाश शुरू कर दी है और वैश्विक भर्ती फर्मों के साथ बातचीत कर रहा है। बैंक के प्रमुख के रूप में प्रशांत कुमार का तीन साल का कार्यकाल अक्टूबर में समाप्त हो रहा है।

## यस बैंक की डील

मई के महीने में यस बैंक की हिस्सेदारी को लेकर एक बड़ी डील हुई थी। जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) ने भारतीय स्टेट बैंक से 13.19 प्रतिशत और अन्य बैंकों से 6.81 प्रतिशत की द्वितीयक हिस्सेदारी खरीद के माध्यम से यस बैंक में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक निश्चित समझौता किया था।

# एक बार फिर डिविडेंड देगी वेदांता, 18 जून को होगी बोर्ड बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अग्रवाल के स्वामित्व वाली माइनिंग कंपनी वेदांता लिमिटेड अंतरिम डिविडेंड देने वाली है। इसके प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बुधवार, 18 जून को बोर्ड बैठक आयोजित करेगी। यह पहला ऐसा प्रस्ताव होगा जिस पर कंपनी वित्तीय वर्ष 2026 के लिए विचार करेगी। अंतरिम डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड तिथि मंगलवार, 24 जून तय की गई है। बता दें कि वेदांता ने वित्तीय वर्ष 2025 में अपने शेयरधारकों को 40 रुपये से ज्यादा का डिविडेंड दिया था। कंपनी ने तिमाही आधार पर क्रमशः 4, 11, 20 और 8.5 प्रति शेयर की चार अलग-अलग किस्तों में 43.5 प्रति शेयर डिविडेंड के रूप में भुगतान किया था।

**कंपनी का शेयरहोल्डिंग पैटर्न–** शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो मार्च तिमाही के अंत में वेदांता लिमिटेड की प्रवर्तक इकाई वेदांता रिसोर्सेज की कंपनी में 56.38 प्रतिशत हिस्सेदारी है।




वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) के फ्यूचर प्लान की बात करें तो कंपनी निवेश श्रेणी की रेटिंग पाने का लक्ष्य बना रही है। इसके लिए कंपनी कर्ज को कम करने, अपनी भारतीय सब्सिडयरी कंपनी वेदांता लिमिटेड को अलग करने, मजबूत वृद्धि, परिचालन दक्षता और मजबूत वित्तीय प्रदर्शन पर जोर दे रही है। वेदांता रिर्सोसेज अपने महत्वपूर्ण खनिजों, संक्रमण धातुओं, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए वित्त वर्ष 2026-27 तक अपने कुल कर्ज को मौजूदा पांच अरब अमेरिकी डॉलर से घटाकर तीन अरब डॉलर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कारोबार बांट रही कंपनी

आपको बता दें कि वेदांता वर्तमान में विभाजन की प्रक्रिया से गुजर रही है। मौजूदा सूचीबद्ध इकाई को अलग-अलग व्यवसायों की सेवा करने वाली पांच अलग-अलग संस्थाओं में विभाजित किया जाएगा। कंपनी को इस साल सितंबर तक विभाजन प्रक्रिया पूरी करने का भरोसा है।

**78,000 करोड़ की नेटवर्थ और कोई नहीं जानता नाम...**

# 2,50,000 करोड़ की कंपनी शीन के मालिक हैं क्रिस शू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल में एक खबर आई थी कि भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस रिटेल बड़ा धमाका करने की तैयारी में है। रिलायंस रिटेल और ई-कॉमर्स कंपनी शीन भारत में कपड़ों का उत्पादन बढ़ाना चाहती हैं। साथ ही वे भारत में बने शीन ब्रांड के कपड़ों को दुनिया भर में बेचना चाहते हैं। शीन एक ई-कॉमर्स कंपनी है। इसकी शुरुआत चीन में हुई थी लेकिन अब इसका मुख्यालय सिंगापुर में है। शीन एक बड़ी फास्ट-फैशन कंपनी है। यह सालाना 30 अरब डॉलर से ज्यादा कमाती है। शीन सस्ते दाम और मार्केटिंग के जरिए ग्राहकों को आकर्षित करती है। लेकिन इसके मालिक के बारे में कम ही लोग जानते हैं।

शीन के फाउंडर क्रिस शू हैं जिन्हें स्काई शू के नाम से भी जाना जाता है। शू शीन के सह-संस्थापक और सीईओ हैं। शीन एक बहुत ही तेजी से आगे बढ़ने वाला फैशन ब्रांड है। यह तदृठ्ठ के बीच बहुत लोकप्रिय है। शीन 150 से ज्यादा देशों में ट्रेंडी कपड़े बेचता है। शीन ने 2018 में भारत में कारोबार शुरू किया था। लेकिन 2020 में भारत सरकार ने कुछ चीनी कंपनियों पर रोक लगा दी, जिसमें शीन भी शामिल थी।

**कैसे हुई शुरुआत–** 41 साल के शू के बारे में सार्वजनिक तौर पर ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसकी वजह यह है कि वह मीडिया से दूर रहते हैं। उनका जन्म 1984 में चीन के शेडोंग प्रांत में हुआ था। अब उनके पास सिंगापुर की नागरिकता भी है, जहाँ उनकी कंपनी का मुख्यालय है। उन्होंने चीन के किंगदाओ यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की है।

ग्रेजुएशन के बाद शू ने मार्केटिंग के क्षेत्र में काम किया। उन्होंने नानजिंग आओदाओ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी



कंपनी में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन में विशेषज्ञता हासिल की। इसके बाद शू को यह एहसास हुआ कि चीनी उत्पादों को ग्लोबल मार्केट में बेचने में बहुत संभावनाएं हैं। साल 2008 में शू ने दो बिजनस पार्टनर्स के साथ मिलकर नानजिंग डियानवेई इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की स्थापना की। इसे शीन का शुरुआती रूप माना जाता है। यह कंपनी शादी के कपड़े बेचती थी। 2015 में, कंपनी का नाम बदलकर शीन कर दिया गया। उसी साल शू ने कंपनी का मुख्यालय नानजिंग से गुआंगजो और फिर 2022 में सिंगापुर ट्रांसफर कर दिया। शू शीन के सीईओ हैं और माना जाता है कि वह कंपनी के सबसे बड़े इंडिविजुअल शेयरहोल्डर भी हैं। उनकी लीडरशिप में शीन ने दुनिया के सबसे बड़े फैशन रिटेलर्स में अपना नाम बनाया है। यह कंपनी अपने अल्ट्रा-फास्ट फैशन मॉडल, वाइड प्रोडक्ट रेंज और कम दामों के लिए जानी जाती है। फोर्ब्स के मुताबिक शू की नेटवर्थ 9.1 अरब डॉलर यानी करीब 78,000 करोड़ रुपये है।

# जून के पहले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा, 697 अरब डॉलर पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने जानकारी दी कि यह आंकड़ा 6 जून को समाप्त सप्ताह के दौरान



दर्ज किया गया। इसके पिछले हफ्ते यानि 30 मई को समाप्त सप्ताह में इसमें गिरावट देखने को मिली थी। यह 1.237 अरब डॉलर घटकर 691.485 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इसने अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को छूया था।

**विदेशी मुद्रा आस्तियों में हुई बढ़ोतरी –** शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 3.47 अरब डॉलर बढ़कर 587.68 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है।

**स्वर्ण भंडार 1.58 अरब डॉलर बढ़ा –** रिजर्व बैंक ने कहा कि इस सप्ताह के दौरान सोने के भंडार में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोना 1.58 अरब डॉलर बढ़कर 85.88 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने कहा कि स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) में भी 102 मिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई। यह 18.67 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की स्थिति 14 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.4 अरब डॉलर हो गई है।

# टाटा समूह के इतिहास का सबसे काला दिन...

**विमान हादसे के बाद बोले टाटा समूह के मुखिया**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भले ही यह कठिन समय हो, लेकिन समूह अपनी जिम्मेदारियां निभाएगा और सही काम करने से पीछे नहीं हटेगा। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने विमान हादसे के दिन को एअर इंडिया के इतिहास का सबसे काला दिन भी बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एयर इंडिया का स्वामित्व रखने वाला समूह विमान हादसे से जुड़ी सूचना देने के लिए अपनी प्रणाली में पूरी पारदर्शिता रखेगा।

**यात्रियों की सुरक्षा पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता- चंद्रशेखरन–** कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक संदेश में टाटा समूह के मुखिया ने कहा कि जब टाटा संस ने एअर इंडिया का अधिग्रहण किया था, तो यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता थी और इससे कोई समझौता नहीं किया गया।

टाटा समूह के प्रमुख की ओर से कर्मचारियों को भेजा गया यह संदेश एयर



इंडिया के लंदन जाने वाले बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद सामने आया है। इस विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की मौत हो गई थी। यह देश की सबसे भीषण हवाई दुर्घटनाओं में से एक थी।

चंद्रशेखन ने कहा, यह बहुत कठिन क्षण है। कल जो कुछ हुआ, वह समझ से परे है, और हम सदमे और शोक में हैं। एक ऐसे व्यक्ति को खोना जिसे हम जानते हैं, एक त्रासदी है, लेकिन एक साथ इतनी सारी मौतें होना समझ से परे है। चंद्रशेखरन ने कहा, यह टाटा समूह के इतिहास का सबसे काला दिन है। इस समय सांत्वना देने के लिए शब्द पर्याप्त नहीं हैं, लेकिन मेरी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं। हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा, मैं यह कहना चाहता हूं कि आपकी तरह हम भी यह समझना चाहते हैं कि क्या हुआ। अभी हमें नहीं पता, लेकिन हम समझ जाएंगे।

## नियमित उड़ान आपदा में कैसे बदली, प्रशिक्षित जांचकर्ता करेंगे पता

उन्होंने कहा कि इस समय समूह की कोशिश ऐसी व्याख्याओं की तलाश है जो इस आपदा के लिए सार्थक हों। चारों ओर इस बारे में बहुत सारी अटकलें हैं। इसमें से कुछ सही हो सकती हैं, कुछ गलत भी हो सकती हैं। इसलिए मैं धैर्य रखने का आग्रह करना चाहता हूं। चंद्रशेखरन ने कहा, यह नियमित उड़ान आपदा में क्यों बदल गई, यह जानने में प्रशिक्षित जांचकर्ता हमारी मदद करेंगे, जब उनका काम पूरा हो जाएगा। एक बार जब हम तथ्यों की पुष्टि कर लेंगे, तो हम इस त्रासदी के बारे में अपनी जानकारी में पारदर्शिता लाएंगे।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 14-06-2025 21:28 Page 1




# कोरोना संक्रमित मिलने से विभाग में हड़कम्प

## विभागीय टीम मरीज के कांटेक्ट ट्रेसिंग में जुटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** इस सीजन में धनबाद में कोरोना वायरस का पहला मरीज मिला। मनइटांड के कुम्हारपट्टी की रहने वाले 27 वर्षीय आकाश पंडित कोरोनावायरस से संक्रमित पाए गए हैं। बीमार होने के बाद आकाश जोड़ा फाटक स्थित पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में दो दिनों से भर्ती थे। जांच के लिए सैंपल निजी पैथोलॉजी को भेजा गया था।



इस सीजन का पहला मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। जिला महामारी रोग नियंत्रण विभाग की टीम मरीज के कांटेक्ट ट्रेसिंग में जुट गया है। कोरोना मरीज मिलने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। सबसे बड़ी लापरवाही यह सामने आई है कि युवक बिना बताए ही रांची चला गया है। युवक की जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आई है, इस बीच दो दिनों के इलाज करा कर युवक किसी काम से रांची चला गया।
अब स्वास्थ्य विभाग की टीम युवक की छानबीन में जुट गया है। उसके घर वालों से संपर्क किया गया है। घर वालों से जांच सैंपल लिए जाएंगे।
मजेदार बात यह है कि एक और कोरोना के मरीज मिलना शुरू हो गया है। तो दूसरी और मेडिकल कॉलेज और सदर अस्पताल में इसकी जांच की अभी तक व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई है, दोनों जगह पर जांच की किट नहीं है। ऐसे में लोगों को निजी जांच घर से जांच करानी पड़ रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री पर चौथी बार लगा जुर्माना

## जुर्माने की राशि झालसा में जमा करने का आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने पर हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा पर आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार( झालसा) में जमा करने का निर्देश अदालत ने दिया है। इसके पहले भी समय मांगने पर मधु कोड़ा पर हाईकोर्ट तीन बार जुर्माना लगा चुका है।
मधु कोड़ा लंबे समय से इस मामले में जवाब दाखिल नहीं कर रहे हैं। हर बार समय की मांग कर रहे हैं। जवाब दाखिल नहीं करने पर उन पर 13 दिसंबर 2024 को एक हजार, 17 जनवरी 2025 को दो हजार रुपये कोर्ट ने हजार्ना लगाया था। तीसरी बार भी जवाब दाखिल नहीं करने पर कोर्ट ने चार हजार का हजार्ना लगाया था।
ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में



सीबीआइ कोर्ट ने मधु कोड़ा के खिलाफ आरोप तय किया है। कोड़ा ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।
मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने मुख्यमंत्री पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आइवीआरसीएल के निदेशक डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपये रिश्वत ली थी। साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया।

# विधायक के जनता दरबार में हंगामा

- आबुआ आवास योजना में घालमेल का लगा आरोप
- कई विभागों के प्रतिनिधि रहे अनुपस्थित, झल्लाये लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अनगड़ा।** सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के जनता दरबार में आबुआ आवास योजना को लेकर जमकर हंगामा हुआ।
सोमवार को जोन्हा पंचायत सचिवालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया था। इसमें सिल्ली विस के पांच पंचायतों जोन्हा, बरवादाग, गुड़ीडीह, टाटी व सिंगारी पंचायत की जनता शामिल हुई।
विधायक अमित कुमार महतो समीक्षा शुरू ही किए थे कि समाजसेवी जयराम महली ने आबुआ आवास योजना में धांधली बरतने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। जयराम महली का आरोप है कि संपन्न लोगों को पैसा लेकर आबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया है। जबकी अनेक जरूरतमंद को योजना का लाभ देने से वंचित कर दिया गया। इसपर बीडीओ जयपाल सोय ने बताया कि पूरी पारदर्शिता के साथ आबुआ आवास का आवंटन लाभुकों के बीच किया गया है। ग्रामसभा से ही सूची तय की गई है। कई स्तर की जांच के बाद आवास योजना का लाभ दिया गया। किसी भी लाभुक से एक भी पैसा नहीं लिया गया। यह सरकार व प्रशासन को बदनाम करने का प्रयास है।
बाद में मौके पर एलान किया गया कि किनसे आवास योजना के लिए अवैध रूपया लिया गया है। कोई भी सामने नहीं आया। इसके आलावा पेंशन, जमीन में ऑनलाइन खाता नंबर, प्लाट नंबर आदि की इंट्री, मनरेगा योजना, वन अधिकार पटटा आदि के बारे में ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्या रखा।
जोन्हा निवासी विकास साहू द्वारा दी गई जानकारी पर तत्काल पेयजल स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता प्रभात कुमार ने जोन्हा कुम्हारटोली में पिछले एक पखवाड़ा से बंद पेयजल आपूर्ति को दो दिनों के अंदर बहाल करने का आवश्वासन दिया।
यहां के 60 उपभोक्ताओं के यहां पानी की सप्लाई बंद है। इस मौके पर बीडीओ जयपाल सोय, अंचल पदाधिकारी राजू कमल, बीएसओ संतोष कुमार, मुखिया कृष्णा मुंडा, झामुमो नेता रिझुवा मुंडा, हरदयाल मुंडा, अमानुल्लाह अन्सारी, मायाराम बेदिया, गणेश चंद्र बेदिया, ननकेश्वर मुंडा, बबुआ मानकी, सज्जाद आलम, मधु लोहरा, दिनेश प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे। सूचना देने के बावजूद अधिकांश विभाग के प्रतिनिधि कार्यक्रम से अनुपस्थित रहे। इससे विधायक अमित कुमार महतो काफी नाराज हुए। रिंची अस्पताल जोन्हा, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग सहित अन्य विभाग के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए।

# सांसद तीर्थ दर्शन-2025 योजना 29 जून से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के बतौर सांसद शपथ लेने के एक साल आगामी 24 जून को होने वाले हैं।
इस उपलक्ष्य में उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में एक अनोखी पहल करते हुए सांसद तीर्थ दर्शन-2025 योजना की शुरूआत कर रहे हैं।
इसका उद्घाटन व प्रथम जत्थे की रवानगी आगामी 29 जून 2025 को प्रातः 11:00 बजे हजारीबाग के कटकमदाग प्रखंड स्थित नृसिंह स्थान मंदिर प्रांगण, खपरियावां में समारोह पूर्वक किया जाएगा।
इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के नेता, कई प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के की जनता को आमंत्रित किया जा रहा है।
यह बातें सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार पूर्वाह्न अपने सांसद कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कही। इससे पहले सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य नेताओं ने गुरुवार को अहमदाबाद विमान हादसे की हृदयविदारक घटना में जान गंवाने वाले समस्त यात्रियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।
वहीं, हाल के दिनों में जिले की चरमराई बिजली आपूर्ति पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि इसलिए अब शनिवार को सुबह 11:00 बजे से बिजली विभाग कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा ताकि, विभाग को अपनी जिम्मेदारियों का एहसास हो और बिजली व्यवस्था में कुछ सुधार आ सके।
सांसद तीर्थ दर्शन-2025 योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए सांसद ने कहा कि योजना के तहत प्रति माह छह ट्रिप यात्रा कराया जाएगा, जिसमें प्रत्येक ट्रिप में 65 श्रद्धालु जा सकेंगे। इसके लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस वातानुकूलित बस होगी, जिसमें 45 सीट और 20 स्लीपर सीट होंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा के पांच- पांच पंचायत करके इस योजना को क्रियान्वित किया जाएगा।

# हाथियों को ट्रेन की टक्कर से बचाने के लिए रेलवे लगायेगा इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम

## कई हाथियों की जा चुकी है जानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में अब ट्रेनों से टक्कर होने पर हाथियों की मौत नहीं होगी। रेल प्रशासन ने चक्रधरपुर रेल मंडल के एलीफेंट जोन रेल खंड में हाथियों की सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम लगा रही है।
जिससे हथियों के ट्रेन से टकरा कर होने वाली मौत की घटना 99.5 फीसद बच जाएगी। इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम को लगाने के लिए रेलवे करीबन 15 करोड़ रुपये खर्च कर रही है।
इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम मूल रूप से प्रेशर-वेव्स आधारित तकनीक है। इसके साथ ऑप्टिकल फाइबर केबल्स और एआई एल्गोरिदम का भी सपोर्ट है। यह सिस्टम प्रेशर-वेव्स को महसूस करके हाथियों के पैरों के कंपन को पहचानता है और फिर ऑप्टिकल फाइबर केबल के जरिए नजदीकी स्टेशन मास्टर और सेंट्रल ट्रेन कंट्रोल रूम को सिग्नल भेजेगा।
इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम रेलवे लाइन पर हाथियों के विचरण और आवागमन को लगभग 200 मीटर दूर से पता कर लेगी।
जैसे ही वन क्षेत्रों से गुजरने वाली ट्रेनों के लोको पायलटों को अलर्ट मिलेगा, वे रेलवे लाइनों को पार करते समय हाथियों को बचाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में ट्रेन की गति धीमी कर देंगे।
मानीकुई-चांडिल रेल खंड में, धुतरा-बागडीह रेल खंड में, कुनकी-चांडिल रेल खंड में और जराईकेला-महादेव शाल रेल खंड में यह सिस्टम लगाया जाएगा। सभी रेल खण्डों में सिस्टम लगाने की प्रक्रिया अंतिम प्रक्रिया में है।
इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम का ग्राफ डेटा तैयार करने के लिए गुजरात से मंगवाया हाथी
इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम को जांचने और डेटा तैयार करने के लिए रेल प्रशासन ने विश्व के बड़े उद्योगपति में शुमार मुकेश अम्बानी के बेटे अनंत अंबानी के गुजरात जामनगर स्थित वनतारा से प्रशिक्षित हाथी को मंगवाया है। हाथी को सड़क मार्ग से चक्रधरपुर पहुंचने में छह दिन लगे है। यह हाथी चक्रधरपुर के आस पास सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग के द्वारा रेल लाइन में लगा गया इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम की ग्राफ डेटा तैयार करने में सहायता करेगा।
हाथी को रेल लाइन से दूर, नजदीक, और पास से गुजारा जाएगा। जिसे रेल लाइन के पास लगे इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम के द्वारा छोड़े वेव्स पता लाएंगे और एक ग्राफ डेटा तैयार करेंगे।
रेल प्रशासन इस ग्राफ डेटा को सिस्टम में फीड करेगी। जब यह सिस्टम एलीफैंट जोन रेल खंडों में लग जाएगी। इसके उपरांत जब हाथी रेल लाइन के आस पास होगा तो सिस्टम में फीड ग्राफ डेटा से उस वक्त का लाइव ग्राफ डेटा मैच होगी और नजदीकी स्टेशन मास्टर और सेंट्रल ट्रेन कंट्रोल रूम तक अलर्ट सिग्नल मिलेगा। जिसे एलीफेंट जोन में ट्रेनों की गति कम हो जाएगी और ट्रेन की टक्कर हाथी से नहीं होगी ।
चक्रधरपुर रेल मंडल घने पहाड़ी जंगल ईलाके में बसा हुआ रेल मंडल है। सारंडा, पोड़ाहाट, कोल्हान दलमा जैसे घनघोर जंगल ईलाका और पहाड़ी क्षेत्र हाथियों के संरक्षित इलाके इसी रेल मंडल में है। झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के राज्य में फैला यह रेल मंडल है ।यही वजह है की इस इलाके में हाथियों की चहलकदमी बनी रहती है।
कई बार हाथी रेल लाइन पार करते समय ट्रेन से टकराकर घायल हुए हैं या फिर उनकी जान तक चली गयी है ।वन विभाग का हमेशा से आरोप रहा है की सूचना के बावजूद रेल प्रशासन ध्यान नहीं देती है और हाथियों की मौत ट्रेन से टकराने के कारण लगातार हो रही है।

# जाल में फंसी अद्भुत मछली

- लगभग 300 मिलियन वर्ष पूर्व में था इसका अस्तित्व
- जल के साथ थल में भी कई वर्षों तक रह सकती है जिंदा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड के सिरसी गांव के एक निजी तालाब में जाल में एक अद्भुत मछली फंस गई।
सिरसी निवासी मो. सद्दाम ने बताया कि उसने शौक के तौर पर घर के पास स्थित निजी तालाब में मछली पकड़ने के लिए जाल डाला तो उसमें दूसरी मछलियों के साथ-साथ एक अद्भुत मछली दिखी।
आसपास के लोग उसे खाने के लिए मांगने लगे। लेकिन, उसने उससे पहले कभी उस तरह की मछली नहीं देखी थी। ऐसे में उसने किसी को नहीं दिया और उसे घर ले आया।
फुलवरिया निवासी निजी विद्यालय के शिक्षक मो. सोहराब शेख ने बताया कि गूगल पर इसकी छानबीन की गई तो पाया गया कि यह लंगफिश प्रजाति की मछली है, जो गोंडवाना लैंडस में पाई जाती थी।
भारत गोंडवाना लैंड का एक हिस्सा था, जो लगभग 300 मिलियन वर्ष पूर्व अस्तित्व में था। भारत के साथ-साथ दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका जैसे महाद्वीपीय ब्लाक इस गोंडवाना लैंड का प्रमुख भाग था।
ज्वालामुखी उद्गार और अन्य प्राकृतिक घटनाओं के उपरांत यह भूमि दब गई और अलग-अलग महाद्वीप में परिवर्तित हो गए।
उसने बताया कि यह मछली आस्ट्रेलियन लंगफिश प्रजाति की प्रतीत हो रही है, जिसके पूरे शरीर पर कांटा रूपी शल्क है तथा मुंह नीचे की तरफ है।
मूलतः यह मछली दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका या आस्ट्रेलिया में पाई जाती है। इसकी विशेषता है कि यह जल के साथ-साथ थल में बिना पानी के कई सालों तक जिंदा रह सकती है।
इसमें सांस लेने के लिए फेफड़ा भी है, जो इसे स्थल में सांस लेने योग्य बनाती है तथा गलफड़ा यानी गिल्स के माध्यम से पानी में सांस लेने में सक्षम बनाती है।
मछली को लेकर मछली धारक मो. सद्दाम काफी उहापोह में है कि आखिर इस मछली का वह क्या करें। मछली के चलते दिनभर घर में उसे देखने के लिए आने वालों की भीड़ से वह परेशान हो गया है।

# सीसीएल डीएवी के चार छात्रों ने नीट परीक्षा में पायी सफलता

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज एनटीए के द्वारा नीट का परिणाम घोषित किया गया। आज का यह परिणाम डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल,गिरिडीह के लिए भी खुशी ले कर आई। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने नीट के इस कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। सफल विद्यार्थियों में यश प्रसाद जिन्होंने 561 अंक प्राप्त कर पूरे भारत मे 7843 वाँ स्थान प्राप्त किया। वहीं नज्जत आफरीन ने 538 अंक लाकर 18665 वां स्थान प्राप्त की। श्वेता नारायण देव ने 532 अंक लाकर 22321 वाँ स्थान प्राप्त की और हर्ष कुमार ने 507अंक प्राप्त कर 44549वाँ स्थान प्राप्त किया।डी ए वी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, गिरिडीह के प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास का परिणाम है एवं परिजनों के अथक प्रयासों का भी अहम भूमिका रही है। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया

## बेंगाबाद के तन्मय तेजस ने नीट में हासिल की 170वीं रैंक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** बेंगाबाद प्रखंड के लिए गर्व का क्षण तब आया जब यहां के होनहार छात्र तन्मय तेजस ने नीट (नीट) 2025 परीक्षा में 635 अंकों के साथ ऑल इंडिया स्तर पर 170वीं रैंक हासिल की। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (नीट) द्वारा 14 जून 2025 को घोषित परिणाम में तन्मय की इस उपलब्धि ने उन्हें देश के टॉप मेडिकल कॉलेजों में दाखिले का मजबूत दावेदार बना दिया है।तन्मय, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज पोद्दार और डॉ. किरण पोद्दार के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध कर दिखाया है कि यदि दिशा सही हो और प्रयास सतत, तो सफलता अवश्य मिलती है। तन्मय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अभ्यास को देते हुए कहा यह सफर आसान नहीं था, लेकिन मेरे परिवार के समर्थन और मेरी मेहनत ने मुझे यह मुकाम दिलाया। मैं भविष्य में एक अच्छा डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहता हूं। बेंगाबाद में तन्मय की इस सफलता की खबर फैलते ही बधाइयों का तांता लग गया। स्थानीय स्कूल, शिक्षकों और समाज के विभिन्न वर्गों ने तन्मय को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आज एनटीए के द्वारा नीट का परिणाम घोषित किया गया। आज का यह परिणाम डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल,गिरिडीह के लिए भी खुशी ले कर आई। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने नीट के इस कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। सफल विद्यार्थियों में यश प्रसाद जिन्होंने 561 अंक प्राप्त कर पूरे भारत मे 7843 वाँ स्थान प्राप्त किया। वहीं नज्जत आफरीन ने 538 अंक लाकर 18665 वां स्थान प्राप्त की। श्वेता नारायण देव ने 532 अंक लाकर 22321 वाँ स्थान प्राप्त की और हर्ष कुमार ने 507अंक प्राप्त कर 44549वाँ स्थान प्राप्त किया। डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास का परिणाम है एवं परिजनों के अथक प्रयासों का भी अहम भूमिका रही है।

# भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा 27 जून को




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा इस वर्ष 27 जून को चौपारण की धरती पर ऐतिहासिक रूप से निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर आयोजन समिति और प्रेस क्लब चौपारण के बीच होटल सेलिब्रेशन में एक अहम समन्वय बैठक हुई, जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। रथयात्रा न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि यह चौपारण की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक समरसता और जनएकता का एक अद्वितीय संगम बनकर उभरेगा। आयोजन समिति और पत्रकारों ने मिलकर इस वर्ष रथयात्रा को इतिहास की सबसे भव्य यात्रा बनाने का संकल्प लिया है। प्रेस क्लब और आयोजन समिति ने संयुक्त रुप से जनता से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और श्रद्धा व अनुशासन के साथ इस आयोजन को सफल बनाएं साथ ही रथ खिंचाने का सौभाग्य पाएं, भगवान जगन्नाथ की कृपा बरसाएं!

# फरार हत्यारोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह ।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मोतीलेदा पंचायत अंतर्गत सिझूवा गांव निवासी आरोपी के घर शनिवार को बेंगाबाद पुलिस के सहयोग से गिरिडीह मुफ्फसिल पुलिस ने चिपकाया इश्तहार बताया गया कि 2021 में सिहोडीह में एक विवाद को लेकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी जो मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 67/21 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।तब से जिनके घर पर इश्तहार चिपकाया गया आरोपी फरार चल रहे हैं इसी आलोक में हत्या के आरोप में सिकन्दर कोल, पिता बाबूलाल कोल, सिझुवा, थाना-बेंगाबाद,आरोपी के घर पर बेंगाबाद पुलिस के सहयोग से मुफ्फसिल पुलिस ने ढोल ओर डुगडुगिया के साथ इश्तेहार चिपकाया हैं। बताया गया कि बहुत ही लंबे समय से हत्याकांड में संलिप्त आरोपी फरार चल रहे हैं। मुफ्फसिल पुलिस के द्वारा आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर कई बार छापेमारी की गई लेकिन गिरफ्तारी के डर से अभियुक्त फरार हैं। ओर अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं अंततोगत्वा आरोपी को कोर्ट में सरेंडर करने की बात कही है वहीं हत्यारोपी को सरेंडर नहीं करने पर उनके घर में कुर्की जप्ती करने की बात कही हैं। इसको लेकर बेंगाबाद थाना के सहयोग से मुफ्फसिल थाना के एसआई नंदू पाल,समेत अपने दल बल के साथ उनके घर पहुंचकर आरोपि के घर में कुर्की जब्ती को लेकर इश्तेहार चिपकाया गया है।

# आंदोलन का समझौते के साथ समाधान

## मामला बसंत साव की आत्महत्या का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** बीजीआर वर्कशॉप में सल्फास खाकर आत्महत्या करने वाले बसंत साव के मामले में शव को माइंस गेट पर रखकर मुआवजे की मांग को लेकर परिजन एवं ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे आंदोलन का अंत समझौता वार्ता के साथ हो गया है।
इस मामले के समाधान हेतु अंचल अधिकारी केरेडारी रामरतन वर्णवाल, थाना प्रभारी विवेक कुमार, पगार ओपी प्रभारी विक्की ठाकुर, एनटीपीसी केरेडारी के एसपी गुप्ता, और बीजीआर के प्रोजेक्ट हेड श्रीनिवास राव की उपस्थिति में परिजनों एवं ग्रामीणों के साथ सौहार्दपूर्ण समझौता किया गया।
प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को आश्वासन एवं सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया गया। अधिकारियों ने संवेदनशीलता के साथ मामले को संभालते हुए सभी पक्षों से संयम और सहयोग की अपील की।

# सांसद समर्थकों और कांग्रेस नेता पुत्र के समर्थक सड़क पर भिड़े

## दुकानों के गिरे शटर, इलाके में रही अफरातफरी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरवाअड्डा (धनबाद)।** धनबाद में धैया में प्रभातम मॉल के समीप फिर सांसद ढुलू महतो के समर्थकों और कांग्रेस नेता रणविजय सिंह के पुत्र रणवीर सिंह के समर्थकों के बीच सड़क पर ही हिंसक झड़प हो गई।
पुलिस-प्रशासन को चुनौती देते हुए हफ्ते भर के भीतर ही इस बार दोनों के समर्थकों ने जमकर एक-दूसरे पर पथराव किया। इससे इलाके में अफरातफरी मच गई और आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए। कुछ देर के लिए प्रभातम मॉल को भी बंद करना पड़ा।
उधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के समर्थकों को खदेड़ने के लिए जमकर लाठियां चटकाईं। इसके बाद दोनों के समर्थक भाग निकले। प्रभातम मॉल के पास दोनों पक्षों से समर्थकों का जुटान होने की खबर दोपहर ढाई बजे से ही थी।
कहा जा रहा है कि सांसद समर्थकों को रणविजय सिंह के पुत्र रणवीर सिंह की ओर से मुकाबला करने की चुनौती दी गई थी। वाट्सएप पर संदेश भेजकर कहा गया था कि हिम्मत है तो तीन बजे प्रभातम मॉल के पास आकर फरिया लो।
इसके बाद सांसद समर्थक प्रभातम मॉल के पास आ डटे। वहां सांसद समर्थक प्रेम महतो के साथ लोग मोर्चा संभाले खड़े थे। वहीं रणविजय सिंह के धैया स्थित आवास के पास भी उनके पुत्र के समर्थक डटे हुए थे। फिर रणवीर के साथ लोग मॉल के पास आ गए। वहां आमना-सामना होते ही पथराव शुरू हो गया।
इससे भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर खूब पथराव किया। दोनों के बीच कई नकाबपोश भी थे जो संभवतः हथियारबंद थे। पथराव के थोड़ी ही देर के बाद ही रणवीर सिंह अपने समर्थकों के साथ लौट गए, वहीं सांसद समर्थक मॉल के बाहर नारेबाजी करने लगे।
इस बीच सूचना पाकर धनबाद, बरवाअड्डा समेत कई थानों की पुलिस पहुंच गई और नारेबाजी कर रहे सांसद समर्थकों पर लाठी चार्ज कर दिया। इससे भगदड़ मच गई और सभी भागने लगे। मॉल के आसपास खड़े कई आम लोग भी पुलिस की लाठियों का शिकार बन गए।
पुलिस ने सभी दुकानों में बैठे लोगों को खदेड़ दिया। बता दें कि पिछले शुक्रवार को सांसद समर्थक प्रेम महतो और रणवीर सिंह के बीच प्रभातम मॉल में ही गाड़ी निकालने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला था। इसी घटना को लेकर दोनों पक्षों में विवाद कायम था।
पुलिस ने मॉल के पास से सांसद ढुलू महतो के समर्थक प्रेम महतो समेत दो अन्य को हिरासत में ले लिया है। सांसद समर्थक प्रेम महतो के नेतृत्व में ही मौके पर लोग जुटे थे। इसके बाद पुलिस ने रणविजय सिंह के आवास के पास से भी तीन लोगों को पकड़ा। सभी से थाने में पूछताछ की जा रही है।

CMYK

शुभमन गिल की कप्तानी पर अश्विन ने कहा-

# उम्मीद है कि उन्हें अच्छी शुरुआत मिलेगी ताकि कोई सवाल न उठे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ से पहले शुभमन गिल की भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में नियुक्ति पर अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ खिलाड़ियों रोहित शर्मा के संन्यास के बाद यह सीरीज़ भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत है और विराट कोहली टेस्ट से और अश्विन खुद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से। अश्विन ने कहा, मुझे लगता है कि गिल पहले से ही उस ध्यान और जिम्मेदारी से बहुत अभिभूत हैं जो उन्हें मिल रही है। अगर मैं उनकी जगह होता और इतने दबाव वाले काम पर होता, तो मैं बल्लेबाज के तौर पर बहुत अच्छी शुरुआत करना चाहता। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड में बल्लेबाजी करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और गिल को कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर खुद को साबित करना होगा।

उन्होंने कहा, बल्लेबाज के तौर पर, उनके स्थान को लेकर कई सवाल उठेंगे, क्योंकि इंग्लैंड में बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल हो सकता है। लेकिन अगर वह रन बनाते हैं, तो रन बनाने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और यह कप्तानी पर भी असर डालेगा।÷ गिल को÷बहुत खास खिलाड़ बताते हुए अश्विन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि वह किसी भी सवाल से बचने के लिए बहुत अच्छी शुरुआत करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि ऋषभ शुभमन की तुलना में सीरीज में बहुत अधिक निश्चितता के साथ उतरेंगे। टेस्ट क्रिकेट में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती और विकसित होती है। हाल ही में रांची में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच में शुभमन की दूसरी पारी में 50 रन की पारी ने उनके रवैये और बदलाव की क्षमता को दर्शाया।

अश्विन ने विराट कोहली के संन्यास पर भी बात की, जिन्होंने इंग्लैंड सीरीज से कुछ ही हफ्ते पहले 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से बाहर होने की घोषणा की थी। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को आगामी सीरीज में कोहली की कमी खलेगी, अश्विन ने कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि जिसने भी खेल खेला है या खेलेगा, वह खेल से बड़ा है। मैदान पर कोई भी व्यक्ति खेल के लिए अच्छा नहीं करता - खेल उनके लिए अच्छा या बुरा करता है। मुझे विराट पसंद है, लेकिन वह आया, खेल खेला, खेल को छोड़ा, इसे एक बेहतरीन जगह पर छोड़ा। इसे आगे ले जाने का काम किसी और का है।÷ उन्होंने उम्मीद जताई कि गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल जैसे युवा खिलाड़ी इस अवसर पर खरे उतरेंगे। अब शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल जैसे प्रतिभाओं के रवैये और इच्छा को आगे बढ़ाने का इंतजार है।

अब यह देखने का समय है कि क्या वे विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों द्वारा इन सभी वर्षों में मैदान पर दिखाई गई तीव्र ऊर्जा को दोहरा सकते हैं। अश्विन ने कहा, ÷यह कहने के बाद, टीम में हर किसी की जिम्मेदारी है कि वह उस ऊर्जा और इच्छा को दिखाए। यह श्रृंखला जून से अगस्त 2025 तक आयोजित की जाएगी, जिसके मैच लीड्स में हेडिंग्ले, बर्मिंघम में एजबेस्टन, लंदन में लॉर्ड्स और द ओवल और मैनचेस्टर में ओल्ड ट्रैफर्ड में निर्धारित हैं। इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम÷ शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## क्रिकेट के नियमों में बड़ा बदलाव, बाउंड्री पर उछलकूद वाले ये कैच होंगे अवैध!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने हाल ही क्रिकेट के नियमों में एक बड़ा बदलाव किया है। ये बदलाव बाउंड्री पर उछलकूद करते हुए कैच पकड़ने को लेकर है। नए नियमों के तहत अब बाउंड्री पर 'बनी हॉप' अवैध होगा। बनी हॉप का मतलब है जब कोई फिल्?डर बाउंड्री के बाहर जाकर हवा में उछलते हुए गेंद को सीमा रेखा के अंदर फेंककर कैच पकड़ना है। नए नियम के तहत अब सीमारेखा के अंदर रहकर गेंद को छूना ही वैध होगा। आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन में ये बदलाव इसी महीने 17 जून से खेले जाने वाले श्रीलंका बनाम बांग्?लादेश मैच से लागू हो जाएगा। जबकि एमसीसी में अक्टूबर 2026 में होगा। रिपोर्ट के अनुसार, नए नियम के तहत अब हवा में फील्डर सीमा रेखा से बाहर होने पर गेंद को सिर्फ एक बार ही छू सकता है। कैच पूरा करने के लिए उसे फिर से सीमा रेखा के अंदर आना होगा। जबकि पहले एक फील्डर गेंद को सीमा रेखा के बाहर कई बार हवा में उछाल सकता था। बशर्ते वह बॉल के संपर्क में आने के दौरान हवा में हो। माइकल नेसर की द्वारा बीबीएल 2023 के दौरान इस तरह का एक काफी सुर्खियों में रहा था।बिग बैश लीग 2023 में नेसर के कैच से पहले 2020 के सीजन में मैट रेनशॉ ने भी इसी तरह फील्डिंग करते हुए कैच पकड़ा था, जिसमें उन्होंने गाबा के मैदान पर मैथ्यू वेड को आउट किया था। रेनशॉ ने बाउंड्री के पार जाकर गेंद को टॉम बैंटन की ओर मैदान पर फेंका था, जिन्होंने कैच को पूरा किया था। इस साल की शुरुआत में ही एमसीसी ने कथित तौर पर आईसीसी को नोट भेज नेसर के कैच को 'बन्नी हॉप्ड' बताया और नियम बदलने की मांग की।एमसीसी की ओर से ये भी बताया गया है कि उन्होंने एक नया शब्द तैयार किया है, जिसमें सीमा से परे 'बन्नी हॉप' को हटा दिया गया है। हालांकि ऐसे कैच, जिनमें एक फील्डर गेंद को सीमा रेखा के अंदर से ऊपर की ओर धकेलते हुए बाहर चला जाता है और फिर अंदर आकर गेंद को पकड़ लेता है तो वह कैच वैध है।

## यह जानना महत्वपूर्ण है कि कब तैयार रहना है : प्रसिद्ध कृष्णा

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है और अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं। चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया और सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है। प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ''आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। उन्होंने कहा,''जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है। प्रसिद्ध ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम सभी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि कब स्विच ऑन और कब स्विच ऑफ करना है।

# साउथ अफ्रीका बना वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का चैंपियन



### माथे से हटा चोकर्स वाला टैग

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का चैंपियन बन गया है। लॉर्ड्स मैदान में साउथ अफ्रीका ने टेस्ट के चौथे दिन एडन मार्कराम के शानदार शतक की मदद से खिताब जीता। मार्कराम ने 136 रन बनाए। वहीं कप्तान तेंबा बवुमा ने 64 रन बनाए।

इससे पहले साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 212 रनों पर ढेर हो गई थी। इस दौरान कागिसो रबाडा ने 5 विकेट लिए। वहीं जवाब में साउथ अफ्रीका की पहली पारी भी महज 138 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के पास 74 रनों की बढ़त थी। लगा कि साउथ अफ्रीका फिर खिताब जीतने का सपना टूट जाएगा, लेकिन दूसरी पारी में उनके गेंदबाजों ने फिर कमाल दिखाया और कंगारूओं को 207 रनों पर ढेर कर दिया। ऐसे में साउथ अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे टीम ने फिर आसानी से हासिल कर लिया।

इसी के साथ उसके माथे पर 27 साल से लगा चोकर्स टैग भी हट गया है। दरअसल, साउथ अफ्रीका की टीम को बड़े टूर्नामेंट में हारने के लिए जाना जाता है। यह टीम ज्यादातर सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो जाती थी या फिर फाइनल में। ऐसे में इसे चोकर्स का टैग दिया गया। 1998 में ढाका में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (इसका नाम बाद में चैंपियंस ट्रॉफी रख दिया गया था) जीतने के बाद से वे किसी भी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट का खिताब नहीं जीत पाई थी।

### लॉर्ड्स में शतक लगाकर ब्रैडमैन-ग्रीनीज के क्लब में शामिल हुए मार्करम

लॉर्ड्स में शतक लगाने के साथ ही मार्करम ऑस्ट्रेलिया के महान सर डॉन ब्रैडमैन और वेस्टइंडीज के गॉर्डन ग्रीनीज के खास क्लब में शामिल हो गए। अजीत अगरकर के रूप में इस क्लब में भारत का भी एक खिलाड़ी है। मार्करम का शतक किसी आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा लगाया गया पहला शतक है। यह टेस्ट में उनका आठवां शतक रहा। मार्करम लॉर्ड्स में चौथी पारी में शतक लगाने वाले छठे बल्लेबाज (इंग्लैंड के बाहर के किसी बल्लेबाज द्वारा) बन गए। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के महान ब्रैडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ 1938 में, वेस्टइंडीज के रॉय फ्रेडरिक्स ने इंग्लैंड के खिलाफ 1976 में, वेस्टइंडीज के ही गॉर्डन ग्रीनीज ने इंग्लैंड के खिलाफ 1984 में, भारत के अजीत अगरकर ने इंग्लैंड के खिलाफ 2002 में और ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ 2009 में यह कमाल किया था।

## इंट्रा-स्क्वाड में चमके गिल, राहुल और शार्दुल

### हेडिंग्ले टेस्ट से पहले फुल जोश में टीम इंडिया



**नई दिल्ली।** बेकेनहम में खेले जा रहे इंट्रा-स्क्वाड मैच के पहले दिन टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने शानदार अर्धशतक जड़े। ये मुकाबला आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए टीम इंडिया खेल रही है।

मैच बंद दरवाजे के पीछे खेला जा रहा है, जिसको लेकर बीसीसीआई ने अपने आधिकारिक (पहले ट्विटर) अकाउंट पर मैच की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें नए कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल को बड़े शॉट लगाते हुए देखा जा रहा है।

दरअसल, इंट्रा-स्क्वाड मैच बंद दरवाजों के पीछे खेला जा रहा है और यही वजह है कि इसकी कोई लाइव स्ट्रीमिंग या टेलीकास्ट उपलब्ध नहीं है। इस महीने के अंत में होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए इंडिया-ए ने पिछले हफ्ते इंग्लैंड लायंस के साथ दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों की सीरीज खेली थी और दूसरे अनौपचारिक मैच के दौरान केएल राहुल ने एक शानदार शतक भी जड़ा था।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान केएल राहुल पारी की शुरुआत करते हुए नजर आएंगे। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान भी ओपनिंग की थी और अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से सभी को इंप्रेस किया था। उन्होंने इंट्रा स्क्वॉड मैच में भी शानदार फिफ्टी ठोकी। उनके साथ ही कप्तान गिल ने भी अर्धशतक जड़ा। वहीं गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर ने महफिल लूटी। ठाकुर ने अपने इस प्रदर्शन के जरिए प्लेइंग ङ्गद्ध में शामिल होने की दावेदारी पेश की है।

बीसीसीआई ने तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, बेकेनहम...इंट्रा-स्क्वाड गेम में एक ठोस शुरुआती दिन! केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल के लिए अर्धशतक, शार्दुल ठाकुर ने विकेट लिए।

# स्टीव स्मिथ इंजरी की वजह से वेस्टइंडीज दौरा भी कर सकते मिस



**नई दिल्ली।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका उस वक्त लगा, जब स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ उंगली की गंभीर चोट के कारण मैच के बाकी हिस्से से बाहर हो गए।

लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेले जा रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के दौरान, अनुभवी क्रिकेटर को पहली स्लिप में फील्डिंग करते समय उनकी दाहिनी छोटी उंगली में डिसलोकेशन हो गई। स्टीव स्मिथ से ना तो टेम्बा का कैच बच सका और न ही उनकी उंगली बच पाई। बावुमा का कैच जब ड्रॉप हुआ, तब वह महज 2 रन बनाकर खेल रहे थे।इस मैच के बीच चोट लगने के बाद स्टीव को तुरंत ही मैदान छोड़ना पड़ा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने द ऐज को बताया कि स्टीव की चोटिल उंगली की जांच के लिए उन्हें एक्स-रे के लिए ले जाया गया।दरअसल, साउथ अफ्रीका की टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 282 रन का टारगेट दिया और इसका पीछा करते हुए तीसरे दिन स्टंप्स तक अफ्रीका ने 213 रन बना लिए थे। टेम्बा बावुमा का कैच ड्रॉप होने के बाद स्टीव स्मिथ इंजर्ड होकर मैदान छोड़कर लौटे।

# भारतीय फुटबॉल में विवाद जारी, एआईएफएफ प्रमुख चौबे ने भूटिया पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शुक्रवार को बाईचुंग भूटिया पर अपने 'निहित स्वार्थ' के लिए व्यावसायिक अकादमियां चलाने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान ने हालांकि इन आरोपों को निराधार बताया।

चौबे का यह आरोप हाल ही में एएफसी एशियाई कप क्वालद्धफाइंग दौर के मैच में हांगकांग से भारत की चौंकाने वाली हार के बाद भूटिया द्वारा एआईएफएफ प्रमुख के पद से इस्तीफा मांगने के जवाब में था। भूटिया ने कहा था कि चौबे ने भारतीय फुटबॉल को नष्ट कर दिया है। चौबे से जब भूटिया की टिप्पणियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, वह अपने नाम से एक व्यावसायिक फुटबॉल स्कूल चलाते हैं। वह 20 विभिन्न शहरों में हैं।





इस फुटबॉल स्कूल में खिलाड़ी 1000 से एक लाख रुपये तक का भुगतान करते हैं। उनसे एक हजार से 10000 रुपये तक महीना लिया जाता है।

चौबे बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) का जिक्र कर रहे थे, जिसकी देश भर में कई अकादमियां हैं। एआईएफएफ अध्यक्ष ने कहा, यह पूरी तरह से निहित स्वार्थ है, पूरी तरह से व्यावसायिक है। वे (अकादमी) परिवारों की भावनाओं, लोगों की भावनाओं के साथ खेलकर अनुचित लाभ उठा रहे हैं। लोग सोचते है कि उस व्यक्ति ने भारतीय फुटबॉल के उच्चतम स्तर पर पहुंच बनाई है और अगर मैं (अकादमी में बच्चा) उनकी अकादमी का हिस्सा बन सकता हूं, तो मैं भी एक फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में अपना जीवन बना सकता हूं।

भूटिया ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चौबे को इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि अकादमी कैसे चलाई जाती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने फुटबॉल स्कूल अपनी मेहनत की कमाई से खोले हैं। भूटिया ने सिक्किम से 'पीटीआई' से कहा, %वह (चौबे) ऐसे व्यक्ति हैं जिनके पास जानकारी का आभाव है। वह बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्हें फुटबॉल अकादमी के बारे में कुछ भी नहीं पता। मैंने 14 साल पहले अपनी मेहनत की कमाई से फुटबॉल स्कूल खोले हैं। राज्यों, केंद्र और कॉरपोरेट्स से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिली।

उन्होंने कहा, पिछले दो सालों में बच्चों की मदद के लिए केवल कुछ ही प्रायोजक आए हैं। देश भर में मेरे स्कूलों में हर दिन 6000 से अधिक बच्चे खेलते हैं। एआईएफएफ भी ऐसा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, वह फीस की बात कर रहे हैं लेकिन मेरे स्कूलों में 150 योग्य कोच और उनके द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मैदानों का खर्च कौन उठाएगा, कोई भी मुझे वित्तीय रूप से मदद नहीं कर रहा है। अकादमी चलाने के लिए मुझे फीस तो लेनी ही होगी। लेकिन मुझे नहीं पता कि वह कहां से 10,000 रुपये प्रति बच्चा प्रति माह की फीस की बात कर रहे हैं।हम इतना शुल्क नहीं लेते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 10 साल की बच्ची से रेप; परेशान देख मां ने पूछा तब बयां किया दर्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में 10 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बच्ची पड़ोस के फ्लैट में पानी लेने गई थी। पड़ोस के ही आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने 35 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची परिवार के साथ किराए के फ्लैट में रहती है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता सोमवार को पड़ोस के फ्लैट में ठंडा पानी लेने गई थी। इस दौरान उसका छोटा भाई भी साथ था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अंकल ने पहले दोनों को गुड़ खाने के लिए दिया। फिर उसके छोटे भाई को घर भेजकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, घटना से सहमी बच्ची ने दो दिनों तक परिजन को कुछ नहीं बताया। गुरुवार को बच्ची को परेशान देख मां ने पूछा, तो उसने पूरी बात बताई। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

वहीं दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में पुरानी रंजिश के कारण एक दुकान के बाहर गोलीबारी के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात साढ़े आठ बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने एक दुकान पर दो बार गोलियां चलाईं। इसके बाद वह भाग गया। शिकायत के आधार पर दयालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनस (21) और जीशान (21) के रूप में हुई है, जबकि 17 वर्षीय एक नाबालिग पकड़ा गया है। शिकायतकर्ता और आरोपी एक-दूसरे को जानते थे। उनके बीच पहले भी झगड़ा हो चुका है। शिकायतकर्ता के छोटे भाई सारिक और आरोपी के बीच पुरानी दुश्मनी के कारण गोलीबारी की गई थी।

### दिल्ली-यूपी में जानलेवा हुई गर्मी, राजस्थान में तापमान 49 डिग्री पार; पंजाब-हरियाणा में रेड अलर्ट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई हिस्सों में गर्मी का कहर जारी है। शुक्रवार को देशभर में 22 स्थानों पर अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया गया। राजस्थान के गंगानगर में इस मौसम में सबसे अधिक तापमान 49.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से आठ डिग्री अधिक है। उमस और गर्मी के कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़े हैं। गर्मी के कारण उत्तर प्रदेश में 17 और पंजाब में दो लोगों की मौत हो गई। कुछ जगहों पर मौसम बदला तो बारिश और वज्रपात भी पड़ा। इससे उत्तर प्रदेश में तीन और उत्तराखंड में दो लोगों की मौत हो गई। आइएमडी के मुताबिक, गर्मी की स्थिति कम से कम दो दिन और बनी रहेगी। हालांकि दिल्ली में तापमान में मामूली कमी आई है।


उप्र में शुक्रवार को आगरा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि झांसी में 44.9, बांदा में 44.6, हमीरपुर में 44.2 और लखनऊ में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### प्रिंस हत्याकांड की 'गलत जांच' पर बड़ा ऐक्शन, गुरुग्राम के पूर्व एसीपी समेत 4 पुलिसवालों पर चलेगा केस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रिंस हत्याकांड मामले की जांच में लापरवाही बरतने और निर्दोष को फंसाने के आरोप में तत्कालीन रिटायर्ड एसीपी समेत चार पुलिसकर्मियों पर मुकदमा चलेगा। पंचकूला की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने शुक्रवार को चारों पुलिसकर्मियों को आरोपी मानते हुए यह आदेश दिया। विशेष सीबीआई अदालत ने आजीवन कारावास की धाराओं में पुलिस कर्मियों पर मुकदमा चलाने का आदेश दिया। चारों पुलिस कर्मियों को 15 जुलाई को अदालत में पेश होने के लिए सम्मन भी जारी किया गया। इसी दिन इनके खिलाफ आरोप तय किए जाएंगे। बता दें कि 8 वर्षीय प्रिंस की हत्या के बाद गुरुग्राम पुलिस ने स्कूल में कार्यरत बस कंडक्टर अशोक कुमार को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने जांच के बाद अशोक को क्लीनचिट दी थी। साथ ही स्कूल में पढ़ने वाले 12वीं कक्षा के भोलू को आरोपी बताते हुए गिरफ्तार किया था।

# हीरे और सोना जड़ा 25 लाख का मोबाइल फोन रखती थी शाजिया, विदेश से मंगाईं कई बिल्ली





**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक न्यूज चैनल के सीईओ और मुख्य संपादक से 60 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जांच में सामने आया है कि महिला एंकर शाजिया निसार हीरे-सोने से जड़ा 25 लाख की कीमत का लिमिटेड एडिशन वाला मोबाइल रखती थी। शौक के लिए विदेश से कई बिल्लियां मंगाई थीं।

यही नहीं, इसी साल 7 फरवरी को उसने 25 लाख रुपये की स्कॉर्पियो गाड़ी भी खरीदी थी। इसका भुगतान शाजिया के खाते से किया गया। शाजिया के बैंक खातों से 30 लाख रुपये से अधिक की रकम जुलाई 2024 से जून 2025 तक सहयोगी आदर्श झा को भेजी गई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रंगदारी मामले में एक समाचार चैनल की महिला पत्रकार (एंकर) शाजिया निसार और डिजिटल मीडिया के एंकर आदर्श झा को गिरफ्तार किया गया है।

दोनों आरोपी समाचार चैनल के सीईओ से दो करोड़ 26 लाख रुपये की रकम ऐंठ चुके थे। शेष रकम न देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे थे। चैनल के अधिकारियों की तरफ से दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। जांच के बाद दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जांच के दौरान सामने आया कि जुलाई 2024 से मई 2025 तक शाजिया के खाते में दो करोड़ 26 लाख रुपये भेजे गए। 15 जुलाई 2024 को तीन लाख, 23 अगस्त और 30 नवंबर 2024 को 11-11 लाख, एक फरवरी को 51 लाख, दस मार्च और तीन अप्रैल को 50-50 लाख, 15 मई को दो बार में 50 लाख रुपये भेजे गए। कुल आठ बार में शाजिया के खाते में रकम आई।

इस दौरान शाजिया के खातों से 30 लाख से अधिक की रकम आरोपी आदर्श झा के खाते में ट्रांसफर की गई। बताया जा रहा है कि दिल्ली के तिलक नगर में शाजिया ने इस दौरान एक फ्लैट भी खरीदा। पुलिस फ्लैट के दस्तावेजों की जांच कर रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि शाजिया के साथ आदर्श झा कई बार जयपुर गया। जयपुर में दोनों की साथ में कई फुटेज भी पुलिस को मिली हैं। दावा यह भी किया जा रहा है कि शाजिया ने 60 करोड़ रुपये की रकम अदा करने के लिए चार महीने का समय दिया था। हर महीने 15 करोड़ रुपये देने की रियायत उसकी ओर से दी गई थी। इस हाईप्रोफाइल मामले के अलग-अलग एंगल से तेजी से जांच की जा रही है।

### मोबाइल में नहीं मिला वीडियो

पुलिस का दावा है कि शाजिया के मोबाइल फोन में कोई भी आपत्तिजनक वीडियो अब तक नहीं मिला है। उसके बयानों में भी किसी वीडियो का जिक्र नहीं आया है। हालांकि, शिकायतकर्ता की ओर से पुलिस को बताया गया कि शाजिया ने कुछ फर्जी मैसेज बनाए। इसमें कई आपत्तिजनक बातें थीं। इसी के आधार पर वह लगातार ब्लैकमेल कर रही थी। शाजिया का सालाना पैकेज 13 लाख रुपये के करीब था। शाजिया और आदर्श की पहचान 2018 में हुई। आदर्श नोएडा में किराये का फ्लैट लेकर रह रहा है। उसकी संपत्ति समेत अन्य दस्तावेजों की जांच करने की बात पुलिस कह रही है। दोनों के 60 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला चर्चा का केंद्र बना हुआ है। इस सिंडिकेट में कई अन्य आरोपियों के शामिल होने की भी अटकलें लगाई जा रही हैं।

### यह था मामला

सेक्टर-62 में एक न्यूज चैनल का मुख्यालय है। चैनल के सीईओ और मुख्य संपादक ने सेक्टर-58 थाने में दो पत्रकार और एक महिला पत्रकार की मां के खिलाफ केस दर्ज कराया। उनका कहना था कि उनके चैनल में वर्ष 2022 से शाजिया निसार एंकर के रूप में कार्यरत हैं। वह उन्हें दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने और आत्महत्या करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रही हैं। वह उनके अवैध रूप से साठ करोड़ रुपये की मांग कर रही हैं। पिछले एक वर्ष में कई बार में चेक के माध्यम से दो करोड़ 26 लाख रुपये ले चुकी हैं। शिकायतकर्ता का दावा है उनके पास इसका साक्ष्य भी है। ब्लैकमेल करने में एक डिजिटल मीडिया शाखा में पदस्थ एंकर आदर्श झा सहयोग कर रहा है।

### अपनी दुल्हन से भी पॉर्न साइट पर करा रहा था न्यूड ऐक्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कमाई के लिए वेबसाइट के जरिये अश्लीलता का कारोबार करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए गाजियाबाद साइबर थाना पुलिस ने दो युवतियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ है। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि मुखबिर ने साइबर क्राइम थाने में सूचना दी कि बजरिया के होटल महादेव में कमरा किराये पर लेकर स्ट्रिपचैट वेबसाइट के जरिये वीडियो कॉल पर अश्लील कृत्य किया जाता है। इसके बदले में लोगों से रकम वसूली जाती है। सूचना पर पुलिस टीम होटल पहुंची। वहां पता चला कि विजयनगर की रोजी कॉलोनी निवासी मोहित और उसकी पत्नी ने कमरा नंबर-107 बुक कराया है। कमरे के बाहर मिले मोहित ने पूछताछ में बताया कि वह पंचशील कॉलोनी निवासी अनुज त्यागी और द्वारका दिल्ली निवासी राज के साथ मिलकर अश्लीलता का धंधा कर रहा है। वह स्ट्रिपचैट वेबसाइट पर लड़कियों की आईडी बनाते हैं। इसके बाद वीडियो कॉल पर लड़कियों से अश्लील कृत्य कराते हैं। लोगों को अश्लील कृत्य का प्रलोभन देते हैं। इसके बदले में रकम ट्रांसफर कराते हैं। कमरे से दो लैपटॉप, दो मोबाइल, मास्क और आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ है। मोहित, उसकी पत्नी और एक अन्य लड़की को पकड़ा गया है।

**दो युवतियां अश्लीलता करती मिलीं-** एडीसीपी के मुताबिक, कमरे में दो युवतियां नग्न हालत में लैपटॉप पर वीडियो कॉल के जरिये अश्लील कृत्य कर रही थीं। उनमें से एक मोहित की पत्नी थी, जिससे मोहित ने कुछ दिन पहले आर्य समाज मंदिर में शादी की थी।

## एनसीआर की 20 से अधिक अवैध कॉलोनियों पर चलेंगे बुलडोजर, बिना नोटिस दिए ढहाने का प्लान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अब और सख्त हो गया है। अधिग्रहीत जमीन पर हुए अवैध निर्माण को अब बिना नोटिस ध्वस्त किया जाएगा। प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन ने मिलकर कार्रवाई करने का खाका तैयार किया है। जून और जुलाई माह में 20 से अधिक अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट इलाके में ग्रामवार अवैध निर्माण चिंहित कर सूची तैयार की गई है। अवैध निर्माण की सबसे ज्यादा शिकायत ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके में है। इसके खिलाफ अभियान चलाने को लेकर प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारियों की बैठक हो चुकी है। अधिकारी के मुताबिक अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने की कार्यसूची (रोस्टर) तैयार कर ली गई है। जून और जुलाई माह में 20 से अधिक अवैध कालोनियों पर बुल्डोजर चलाने की तैयारी है। यह कार्रवाई प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन मिलकर करेंगे। किस दिन कहां पर कार्रवाई की जाएगी, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी।


**टीम करेगी पहरेदारी =** अवैध निर्माण पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए सभी वर्क सर्किल में प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, तकनीकी सुपरवाइजर और सुपरवाइजर की एक टीम गठित की जाएगी। इस संबंध में परियोजना विभाग के सभी वरिष्ठ प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं। इस टीम का काम नियमित रूप से पहरेदारी करना होगा। नया अवैध निर्माण प्रारंभ होते पाया जाए तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक को देते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं छोटे-मोटे अवैध निर्माण को तत्काल हटाया जाएगा।

## दिल्ली पुलिस हेड क्वार्टर और अंबेडकर अस्पताल की फायर एनओसी रद्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) ने दिल्ली पुलिस हेड क्वार्टर और डॉ. बीआर अंबेडकर अस्पताल को फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट (एफएससी) देने से इनकार कर दिया है। डीएफएस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दोनों जगहों पर प्रमुख फायर सेफ्टी मानदंडों का उल्लंघन देखने को मिला।

डीएफएस की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों जगहों पर निरीक्षण में कई गंभीर कमियां सामने आईं, जो अग्नि सुरक्षा के लिए खतरा थीं। इसके चलते दमकल विभाग ने इन कमियों के दूर होने तक सर्टिफिकेट जारी करने से रोक दिया।

जयसिंह रोड पर स्थित 17 मंजिला दिल्ली पुलिस मुख्यालय परिसर ने 21 अप्रैल को फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट रिन्युअल के लिए आवेदन किया था। 30 मई को दिल्ली पुलिस कर्मियों के साथ संयुक्त निरीक्षण के बाद डीएफएस ने कम से कम चार गंभीर उल्लंघनों की पहचान की। 8.09 एकड़ में फैले इस दिल्ली पुलिस मुख्यालय भवन का उद्घाटन 2019 में हुआ था। डीएफएस की मुख्य चिंताओं में 17वीं मंजिल पर अनिवार्य फायर-चेक डोर के स्थान पर नियमित कांच के दरवाजे लगाना, कई फायर-चेक डोर पर दरवाजा बंद करने वाले उपकरणों का न होना और लिफ्ट लॉबी में प्रेशराइजेशन सिस्टम को हटाना शामिल है - जो आग लगने के दौरान धुएं के प्रवेश को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण सिस्टम है।



अधिकारियों ने लिफ्ट लॉबी के अंदर अनधिकृत रूप से एक रिसेप्शन डेस्क को भी चिन्हित किया, जिसकी अनुमति नहीं है।

डीएफएस ने 5 जून को अपने फॉर्मल कम्युनिकेशन में रिन्युअल ऐप्लिकेशन को अस्वीकार करते हुए कहा, लिफ्ट लॉबी में रिसेप्शन की अनुमति नहीं है, जो लॉबी को उद्देश्यहीन बना देता है।

इसके अलावा, डीएफएस ने 11 जून को लिखे पत्र में रोहिणी सेक्टर 6 में डॉ. बी.आर. अंबेडकर अस्पताल को भी एफएससी रिन्युअल देने से इनकार कर दिया, क्योंकि 24 मई को अधिकारियों और अस्पताल के अधिकारियों द्वारा साइट निरीक्षण किया गया था, जिसमें पहले से निर्धारित सुरक्षा शर्तों का लगातार उल्लंघन पाया गया था।

डीएफएस के पत्र में अस्पताल में कई बड़ी कमियों का हवाला दिया गया है, जिसमें वार्ड ब्लॉक की सभी मंजिलों पर वैकल्पिक निकास स्थायी रूप से बंद पाए गए और स्टोरेज सामान और अन्य वस्तुओं से अवरुद्ध पाए गए। पूरे केंद्रीय ब्लॉक में स्प्रिंकलर गायब थे और फायर कंट्रोल रूम अव्यवस्थित और खराब तरीके से प्रबंधित पाया गया।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि अस्पताल में 500 से अधिक बेड होने के बावजूद, फायर सेफ्टी नियमों के अनुसार कोई फायर सेफ्टी ऑफिसर नियुक्त नहीं किया गया था। साथ ही धुआं प्रबंधन प्रणाली को अपर्याप्त माना गया। इसके अतिरिक्त, अस्पताल के कई हिस्सों में मैनुअल फायर अलार्म सिस्टम या तो गायब थे या काम नहीं कर रहे थे, जिससे आग लगने की स्थिति में सुविधा की तैयारियों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई थीं।

अस्पताल को पहले मार्च 2022 में एफएससी जारी किया गया था, जिसे अब लगातार उल्लंघन के कारण रद्द कर दिया गया है। डीएफएस ने रिन्युअल ऐप्लिकेशन को अस्वीकार करने के पीछे डीएफएस नियम-2010 के नियम 37 का हवाला दिया।

चीफ फायर ऑफिसर वीरेंद्र सिंह ने पत्र में कहा, अस्पताल ने अभी तक पिछले एफएससी की शर्त संख्या 8 का अनुपालन नहीं किया है... और एफएससी के रिन्युअल के लिए आपके अनुरोध को उप नियम (3) के तहत अस्वीकार किया जाता है। डीएफएस चीफ अतुल गर्ग को बार-बार कॉल और संदेश भेजे जाने के बाद भी वे टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हुए।

## पश्चिम एशिया भी जंग की ओर! इजराइली हमले बाद अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता टूटी



**न्यूयार्क, एजेंसी।** इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही परमाणु बातचीत से खुद को हटा लिया है। यह फैसला इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर किए गए हवाई हमलों और उसके जवाब में तेहरान द्वारा की गई ड्रोन हमलों की कार्रवाई के बाद लिया गया है।यह वार्ता 2015 के परमाणु समझौते को दोबारा शुरू करने के लिए की जा रही थी।इस समझौते के तहत ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना था और इसके बदले अमेरिका उसे प्रतिबंधों से राहत देने वाला था। लेकिन 2018 में ट्रंप प्रशासन ने इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने अमेरिका की नीतियों की कड़ी आलोचना की और संकेत दिया कि अब ईरान किसी दबाव में आकर बातचीत नहीं करेगा।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ आगामी परमाणु वार्ता ''निरर्थक है। सरकारी टेलीविजन ने एक खबर में यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई की टिप्पणियों से दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में होने वाली वार्ता पर संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। खबर में बाघेई के हवाले से कहा गया, ''अमेरिका ने ऐसा काम किया है कि बातचीत का कोई अर्थ नहीं बचा। उन्होंने कहा कि इजराइल ने अपने हमलों के ज़रिए ''आपराधिक कृत्य करके सभी लक्ष्मण रेखाएं पार कर दी हैं। हालांकि, उन्होंने यह कहने से परहेज किया कि वार्ता रद्द कर दी गई है। ईरान की न्यायपालिका द्वारा संचालित मीज़ान समाचार एजेंसी ने उन्हें यह कहते हुए उद्धृत किया, ''रविवार की वार्ता के बारे में फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

**ट्रंप की प्रतिक्रियाः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैंने दो महीने पहले ईरान को 60 दिन का समय दिया था बातचीत के लिए। आज 61वां दिन है। उन्होंने मेरी बात नहीं मानी। अब शायद उनके पास 'एक दूसरा मौका' है।उन्होंने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दिया। इजराइल के हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसी द्रुश्न ने भी चिंता जताई है। द्रुश्न ने कहा कि ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमले से 'रेडियोधर्मी और रासायनिक प्रदूषण' फैलने का खतरा है।

### इजरायली हमले से ईरान के साथ परमाणु समझौता करने में मिल सकती है मदद- ट्रंप

**ह्यूस्टन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मानना है कि इजरायली हमले से उनके प्रशासन को ईरान के साथ परमाणु समझौता करने में मदद मिल सकती है। मीडिया आउटलेट एक्सियोस ने जब ट्रंप से पूछा कि क्या इजरायल की बमबारी ने समझौते को खतरे में डाला? इस पर ट्रंप ने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता। शायद इसके विपरीत। शायद अब वह गंभीरता से बातचीत करेंगे। मैं उन्हें 60 दिनों में डील करने के लिए राजी नहीं कर सका। वह डील के करीब थे, उन्हें यह करना चाहिए था। शायद अब यह हो जाएगा। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने एक्सियोस की रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि ट्रंप ने हमले के बाद पहली बार शुक्रवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर हुई इस बातचीत का विवरण देने से इनकार कर दिया है। वह इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहते थे कि नेतन्याहू ने संयुक्त राज्य अमेरिका से सीधे ऑपरेशन में शामिल होने के लिए कहा था या नहीं। शुक्रवार को ट्रंप ने कई मीडिया आउटलेट्स को इंटरव्यू दिए। इस दौरान ट्रंप ने बार-बार ईरान से इजरायल के आगे के हमलों से बचने के लिए परमाणु समझौता करने का आग्रह किया।

# अमेरिका ने आर्मी डे पर पाक सेना प्रमुख आसीम मुनीर को नहीं बुलाया, वाइट हाउस ने दी सफाई

**वाशिंगटन , एजेंसी।** 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेना दिवस (आर्मी डे) समारोह आयोजित होने वाला है। हाल ही में इस परेड से जुड़ी एक बड़ी खबर ने भारत, पाकिस्तान और वैश्विक कूटनीति में हलचल मचा दी थी। खबर थी कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर को इस समारोह में आमंत्रित किया गया है। अब खुद अमेरिका ने इसको लेकर सफाई दी है। व्हाइट हाउस ने स्पष्ट रूप से इन खबरों का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर को अमेरिकी सेना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली परेड में सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बयान जारी कर कहा, यह खबर पूरी तरह गलत है। किसी भी विदेशी सैन्य नेता को इस परेड के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। यह परेड अमेरिकी सेना के 250 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। 14 जून यानी आज ही संयोगवश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 79वां जन्मदिन भी है।



### दक्षिण एशिया में गलत खबरों से उपजा विवाद

गौरतलब है कि 26 लोगों की जान लेने वाले पहलगाम आतंकी हमले के लिए भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों को जिम्मेदार ठहराया था। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इस घटनाक्रम ने दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया। ऐसे में जनरल मुनीर का अमेरिका दौरा भारत के लिए कूटनीतिक और सामरिक दृष्टि से एक बड़ा झटका माना जा रहा था। मुनीर को भारत विरोधी रुख और हाल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले भड़काऊ बयानों के लिए जाना जाता है। दक्षिण एशियाई मीडिया में खबरें थीं कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर को इस परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इन खबरों ने भारत में विवाद को जन्म दिया, जहां इसे एक कूटनीतिक झटके के रूप में देखा गया। रैंड कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ रक्षा विश्लेषक डेरेक ग्रॉसमैन ने इन अफवाहों की आलोचना करते हुए इसे भारत के लिए कूटनीतिक झटका करार दिया। भारत में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, असीम मुनीर ने दो-राष्ट्र सिद्धांत, हिंदू और मुसलमानों के बारे में भड़काऊ और उत्तेजक बयान दिए थे, और जिनके बयानों का 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई घटना से सीधा संबंध है, उन्हें 14 जून को अमेरिका में विशेष निमंत्रण मिलना समझ से परे है। हालांकि, व्हाइट हाउस के स्पष्टीकरण के बाद यह साफ हो गया कि ये खबरें आधारहीन थीं।

**पाकिस्तानी संगठनों की प्रतिक्रिया :** इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की अमेरिकी शाखा ने असीम मुनीर के कथित दौरे के विरोध में वाशिंगटन डी.सी. में पाकिस्तानी दूतावास के सामने एक विशाल विरोध रैली की घोषणा की थी। पीटीआई यूएसए ने कहा, हम और 12 से अधिक पाकिस्तानी डायस्पोरा संगठन मिलकर पाकिस्तान में अघोषित मार्शल लॉ के खिलाफ और स्वतंत्र व निष्पक्ष पाकिस्तान के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए यह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन व्हाइट हाउस के बयान के बाद यह विरोध रैली अब नहीं होगी।

# बीएसएल में 'मंथन' संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनाँक 14 जून को बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के साथ 'मंथन' नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, बीजीएच के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. संवाद कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा ने सभी का स्वागत किया तत्पश्चात निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस्पात कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई. संवाद कार्यक्रम के तहत ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की वरीय प्रबंधक प्रीति कुमारी तथा सी आर एम-क्क्र की प्रबंधक निहारिका अनुपम ने प्रस्तुतीकरण







के माध्यम से बीएसएल के उत्पादन, उत्पादकता, उपलब्धियों और संबन्धित पहलुओं की नवीनतम जानकारी, इस्पात उद्योग परिदृश्य इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला. निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में सभी को सकारात्मक और नवोन्मेषी सोच विकसित करने की अपील की तथा पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश दिया, तथा संयंत्र के उत्पादन में सुरक्षा एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की. उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग के तेजी से बदलते दौर में बीएसएल को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए अपने उत्पादन लागत तथा बेहतर इनवेंटरी प्रबंधन के साथ प्रदर्शन के स्तर को और भी बेहतर बनाने की जरुरत है. कार्यक्रम में उत्पादन, उत्पादकता और वित्तीय प्रदर्शन के अलावा सुरक्षा और नवाचार जैसे पहलुओं पर भी चर्चा हुई. परिचर्चा खण्ड में प्रतिभागियों ने भी कार्यप्रणालियों में बेहतरी और अन्य प्रासंगिक विषयों पर अपने सुझाव वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखे. कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग से वरीय प्रबन्धक सुश्री प्रीति कुमारी ने किया.

**बीएसएल में आयोजित हुआ 'अधिशासी निदेशक (संकार्य) एक्सीलेंस प्रतियोगिता 2024-25' के विजेताओं का सम्मान समारोह**

बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 'अधिशासी निदेशक (संकार्य) एक्सीलेंस प्रतियोगिता 2024-25' के पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ परम्परागत तरीके से मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा तथा अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित सभी कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। बीएसएल द्वारा कार्यस्थल पर नवाचार, दक्षता एवं तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता की शुरूआत एक सशक्त पहल के रूप में की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के तकनीकी कौशल का विकास करना, उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार करना तथा संस्थान में सतत अधिगम की संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। यह प्रतियोगिता कुल 10 प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों- वेल्डर, हाइड्रॉलिक्स, टर्नर, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन मैकेनिक्स, कंप्यूटर ऑपरेशन एवं प्रोग्रामिंग एप्लिकेशन, प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर्स और ड्राइव्स में किया गया था। अपने संबोधन में अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा ने प्रतिभागियों के समर्पण, प्रतिबद्धता एवं तकनीकी उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के युग में तकनीकी दक्षता ही किसी भी उत्पादन इकाई की स्थिरता और सतत प्रगति की मूल आधारशिला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल कर्मचारियों की प्रतिभा को उजागर करती हैं, बल्कि उनमें निरंतर सीखने की प्रवृत्ति और श्रेष्ठता की ओर अग्रसर रहने की भावना को भी सशक्त बनाती हैं। अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और सतत सीखने की प्रवृत्ति की सराहना करते हुए सभी पुरस्कार प्राप्त विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों के कुल 30 विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बीएसएल द्वारा की गई यह पहल न केवल कर्मचारियों के कौशल विकास के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय कदम है, बल्कि यह संयंत्र की उत्पादकता, गुणवत्ता और कार्यसंस्कृति में निरंतर सुधार की दिशा में एक प्रेरक प्रयास है.

**बीजीएच में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस**

प्रत्येक वर्ष दिनाँक 14 जून को पूरे विश्व मे विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है. इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस मनाने का 21 वां वर्ष है, इसलिए इस साल आज का दिन विशेष महत्त्व रखता है. इस वर्ष रक्तदाता दिवस का थीम 'रक्त दो-आशा दो: साथ मिलकर हम जीवन बचाएँ' है. विश्व रक्तदाता दिवस की 21वीं वर्षगांठ दुनिया भर के रक्तदाताओं को उनके जीवन रक्षक दान के लिए आभार प्रकट करने और मरीजों और दाताओं दोनों पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव का सम्मान करने का एक उत्कृष्ट और सामयिक अवसर है. यह निरंतर चुनौतियों का समाधान करने और ऐसे भविष्य की दिशा में प्रगति को गति देने का भी एक सामयिक अवसर है, जहाँ सुरक्षित रक्त आधान सार्वभौमिक रूप से सुलभ हो. आज विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बोकारो जेनरल अस्पताल के ब्लड बैंक में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सहयोग ट्रस्ट के द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन बोकारो जेनरल अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय ने किया. आज के रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. इसका उद्देश्य खून की कमी से लोगों की जान न जाए, इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है.

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीसी कैडेटों ने किया रक्तदान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 25 एनसीसी कैडेटों एवं पीआई स्टाफ ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के द्वारा आयोजन किया गया था। डॉक्टर चंद्रभानु प्रताप एवं टीम ने 25 एनसीसी कैडेटों एवं पी आई का रक्तदान कराया। इस मौके पर झारखंड बटालियन के आफिसर कर्नल संजय कंडवाल, सूबेदार मेजर रामकुमार सिंह, सूबेदार हिम बहादुर थापा, नायक सूबेदार श्याम सिंह, हवलदार सुखबीर सिंह एवं जगबंधु रवानी ने हिस्सा लिया।



### चार ग्राम हीरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने निर्देश पर बालीडीह थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। राजेंद्र नगर के आर्या बिहार क्षेत्र में छापेमारी कर मकदुमपुर निवासी सलीम अंसारी के पास से 13 पुड़िया में रखे 4 ग्राम हीरोइन बरामद किया है। आरोपी सलीम अंसारी बाइक से घूम-घूम कर हीरोइन को बेचने का काम करता था। इसके पास से पुलिस ने 3 हजार एक सौ रुपया भी बरामद किया है। इस अभियान में मुख्यालय डीएसपी थाना प्रभारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शामिल थे। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि हमें इसके नेटवर्क चेन को पड़कर ध्वस्त करने की जरूरत है। इसके लिए सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है। सबसे दुखद बात यह है कि युवा ही इसको बेचने का काम कर रहा था और इसका कारण आसानी से पैसे कमाना है। जिले में नशे के कारोबार को ध्वस्त करने के लिए एक विशेष अभियान चलाई जाएगी। कल मिली उपलब्धि आगे की कार्रवाई में मददगार साबित होगी।

### अपराध गोष्ठी में क्राइम पर अंकुश को निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में एसपी हरविंदर सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभी डीएसपी इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी मौजूद रहे। अपराध गोष्ठी में एसपी ने सभी अधिकारियों को अनुसंधान को इंप्रूव करने, आम जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाने के साथ-साथ, आगामी मुहर्रम त्यौहार को लेकर सभी मुकम्मल तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने नक्सल क्षेत्र के डीएसपी,इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी को इलाके में पूर्व की तरह मूवमेंट जारी रखने का निर्देश दिया। वहीं नक्सलियों को भी हिदायत देते हुए कहा कि अगर सरकार के सरेंडर पॉलिसी के तहत वे मुख्य धारा में अगर नहीं जुड़ते हैं तो जिले में जो अंजाम पिछले दिनों नक्सलियों हुआ है वह भी आगे जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास में अगर नक्सली बड़ा बनने का काम करेंगे तो उन्हें छोड़ नहीं जाएगा हम चाहते हैं कि मुख्यधारा में लौटे और आम लोगों की तरह वे भी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।



### स्वदेशी जागरण मंच ने विदेशी कंपनियों का किया विरोध प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी जागरण मंच ने आज विदेशी कंपनियों के वहिष्कार को लेकर सेक्टर 4 स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो के नारे भी लगाए गए। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल स्वदेशी जागरण मंच के लोगों ने कई विदेशी कंपनियों की तख्तियां हाथ में लेकर विरोध किया। मीडिया से बात करते हुए भारतीय स्वदेशी मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार ने कहा कि हमें पूरी तरह से अमेरिका और चाइनीज कंपनियों का भारत में विरोध करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जिस तरह से अमेरिका ने अपने देश के 250 वें राष्ट्रीय दिवस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुनीर को अतिथि बनाया है। जिस तरह से प्रधानमंत्री ने तुर्किये के भारतीय हवाई अड्डों में जांच करने के लाइसेंस को रद्द किया था। जिसे उच्च न्यायालय ने स्टे कर दिया। आज उसका परिणाम है कि अहमदाबाद में एक बड़ा विमान हादसा हुआ है। इसकी जांच चल रही है और आगे परिणाम भी आएगा। लेकिन हमारे देश में विदेशी शक्तियां बड़ी साजिश कर रही है। इस कारण हम विदेशी का विरोध कर रहे हैं।



### अनुमंडलीय निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आज अनुमंडलीय निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की अधिसूचना के अनुसार हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूर्णतः समाप्त है।



इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता फैलानी है। यदि ऐसा करने वाला कोई व्यक्ति मिलता है तो उसके पुनर्वास और रोजगार के लिए उसे बैंक द्वारा ऋण मुहैया कराना है। यदि कोई जबरन उनसे हाथ से मैला ढोने के लिए कहते हैं तो अधिनियम के तहत ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई होगी। बैठक में धनबाद नगर निगम एवं पूर्व मध्य रेलवे के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनके यहां मैकेनिकल तरीके से मैला ढोया जाता है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्र नाथ ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, सहायक नगर आयुक्त मोटाय बांद्रा, पूर्व मध्य रेलवे के सहायक कार्मिक पदाधिकारी अजय प्रभाकर, एलडीएम अमित कुमार, सामाजिक संस्था ज्ञान विज्ञान समिति के भोलानाथ राम, आशा किरण की मालती तांती, मुखिया विजेन्द्र पासवान, विनोद रजवार, जिला कल्याण पदाधिकारी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बोकारो बार परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ भवन परिसर में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर बोकारो के प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा और उपायुक्त अजय नाथ झा ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने मुख्य अतिथियों, प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा और उपायुक्त अजय नाथ झा को गुलदस्ता भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। दोनों अतिथियों ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संक्षिप्त संबोधन में बाबा साहब के विचारों और उनके सामाजिक न्याय के योगदान को रेखांकित किया।कार्यक्रम का संचालन बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के प्रभारी महासचिव महेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता हरि प्रकाश सिंह, राम सिंहासन राम, अनिमेष चौधरी, एम.के. श्रीवास्तव, आर.के. सिंह, आर.पी. सिंह, अशोक महतो, दिनेश शर्मा, सोमनाथ शेखर,अतुल कुमार सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।यह आयोजन बाबा साहब के आदर्शों और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसने अधिवक्ता समुदाय को सामाजिक समानता और न्याय के प्रति प्रेरित किया।



## बंद घर से चोरों ने नकद सहित लाखों के जेवरात उड़ाए

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के चीरा चास थाना क्षेत्र स्थित वसुंधरा कॉलोनी के अलीशा अपार्टमेंट में आज सुबह एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित गुंजन कुमार सिंह ने बताया कि वे घर में अकेले थे और उनके परिवार के सदस्य गर्मी की छुट्टियों में बाहर गए हुए थे। सुबह करीब 6 बजे गुंजन कुमार घर में ताला लगाकर मॉर्निंग वॉक पर गए हुए थे। जब वे लगभग 8:30 बजे लौटे, तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और दरवाजा खुला था। घर के अंदर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि अलमारी भी खुली हुई थी और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से करीब ₹5 लाख के सोने के गहने और नकदी ले गए। हालांकि जल्दबाजी में चोरों की नजर कुछ चांदी के बर्तन और एक मोबाइल बॉक्स में रखे 25 हजार रुपए पर नहीं पड़ी।

# बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल की बैठक बोकारो में सम्पन्न

## अपना हक पाने को एकताबद्ध संघर्ष ही एक मात्र रास्ता : हेमंत मिश्रा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर स्थित बिरसा भवन, नया मोड़ में बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के सदस्यों की एक दिवसीय बैठक हुई, संगठन के अध्यक्ष साथी हेमंत कुमार मिश्रा ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पूर्व मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष साथी प्रदीप मुखर्जी, महासचिव साथी त्रिनाथ डोरा, बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के महासचिव जगदीश चन्द्र मित्तल एवं सचिवालय के साथी एवं हजारीबाग मंडल के सभी शाखाओं के डेलीगेट शामिल हुए, जिसमें महिला सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। विभिन्न शाखाओं से आए डेलीगेट का स्वागत संयुक्त सचिव साथी दिलीप कुमार झा ने किया। महासचिव साथी जगदीश चन्द्र मित्तल द्वारा प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष साथी विजय कुमार चौबे द्वारा आय व्यय का लेखा जोखा सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।




इस पर लगभग 22 वक्ताओं ने हिस्सा लिया और ध्वनि मत से इसे पारित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष साथी प्रदीप मुखर्जी ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक मजदूरों को अपना कोई भी हक बिना संघर्ष किया प्राप्त नहीं हो पाया है। और आज फिर से ऐसी स्थिति उत्पन्न की जा रही है, जहां हमें अपना अस्तित्व को बचाने के साथ-साथ इंडस्ट्री को भी बचाने के लिए तथा इसे जनोंन्मुख बनाए रखने के लिए संघर्ष हेतु खड़ा होना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए मानसिक रूप से पूर्णरूपेण संगठित होकर संगठन के नेतृत्व में सतत संघर्ष करना होगा, कारण संगठन का कोई विकल्प नहीं है। पूर्व मध्य क्षेत्र के महासचिव त्रिनाथ डोरा ने कहा कि कर्मचारियों पर काम का दबाव होना इस सब के पीछे कर्मचारी संवर्ग में बहाली नहीं होने के साथ-साथ हमारे आम सदस्यों में अपने हितार्थ ज्ञान एवं समझदारी का अभाव भी एक बड़ा कारण है।

उन्होंने आगे बताया की अनेकों विषम परिस्थितियों के बावजूद संगठन लगातार अपने सदस्यों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत रहता है। सदस्यों को विदित ही है कि संगठन के सतत प्रयास और एकताबद्ध संघर्ष से अपने हक प्राप्त करने की दिशा में सफलता पाते है। सदस्यों से आगे उन्होंने आह्वान किया कि संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा द्वारा 9 जुलाई 2025 को आहूत एक दिवसीय हड़ताल को सफल करने के लिए हम सभी पूरे मनोयोग से भाग लेंगे, कारण इनके मांगों में हमारे मांगे भी शामिल हैं। अध्यक्ष साथी एच के मिश्राने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा क बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के साथी को उनके आंदोलन के लिए क्रांतिकारी अभिनंदन देते हुए एक जूट होकर पूर्व की तरह ही एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।

धनवाद से संयुक्त सचिव नीरज कुमार, अमरजीत राजवंशी , सुरेश कुमार, रामायण गुप्ता, गिरिडीह से धर्म प्रकाश साव, अनुराग मुर्मू, शंकर कुमार, मनोरंजन कुमार, महावीर यादव, अरविंद कुमार आदि ने अपना विचार रखा। बैठक में सांगठनिक सचिव सुशील कुमार सिंह, सहायक सचिव राकेश चन्द्र शर्मा, अजय कुमार, विनोद कुमार दास,निताई बनर्जी,राज कुमार, रणजीत कुमार, नवीन कुमार सिंह, कुंदन कुमार, राहुल कुमार, गणेश कुमार भी शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन साथी सुशील कुमार सिंह ने दिया।

# धनबाद सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद सदर अस्पताल में शनिवार को रोटी बैंक यूथ क्लब ,रेड क्रॉस सोसाइटी, भुली डोनर गुरूप, एनसीसी कैडेट्स के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह मौजूद रहीं। सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ राकेश कुमार ने बताया कि 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस है। इस अवसर पर अस्पताल के परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।



उन्होंने बताया कि विभिन्न संगठनों के द्वारा ब्लड डोनेशन संग्रह कराया गया है। उन्होंने बताया कि 50 यूनिट ब्लड संग्रह करने का प्रयास है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जितने भी ब्लड डोनर है। उनको प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है इसके साथ ही उन्होंने बताया कि लोग ब्लड डोनेशन के लिए आगे आए। सिविल सर्जन ने कहा लोगों में एक भ्रांति है की रक्तदान करने से शरीर कमजोर हो जाता है लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। रक्तदान करने से कई फायदे हैं। उन्होंने बताया कि जो भी स्वस्थ व्यक्ति हैं। वह रक्तदान कर सकते हैं।

वहीं भूली ब्लड डोनर ग्रुप के रवि सिंह ने बताया कि विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आज रक्तदान शिविर के अवसर पर जो भी रक्तदान करते हैं उनके लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। इस शिवर में अब तक 34 यूनिट का संग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे संस्था के द्वारा लगातार इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। लोगों से अपील करते हैं कि अधिक से अधिक रक्तदान करें। कार्यक्रम में सिविल सर्जन महोदय चन्द्र भानु प्रतापन, सदर अस्पताल उपाधीक्षक संजीव कुमार, डाक्टर राकेश कुमार , रेडक्रास समिति धनबाद के चेयरमेन कौशलेंद्र कुमार सिंह, चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह सहयोग करते नजर आए कुमार मधुरेंद्र सिंह ने खुद शिविर में रक्त दान किया। इसके अलावा नोडल पदाधिकारी ब्लड प्रोग्राम बेनजीर परवीन, रोटी बैंक युथ क्लब रविशेखर और उनके अन्य सदस्य, भुली डोनर ब्लड ग्रुप से रवि सिंह, सदर अस्पताल से हीरा कुमार, तबस्सुम, ताजुद्दीन, शर्मिष्ठा, धनंजय, जीतेन्द्र, एवं अन्य सदर अस्पताल धनबाद के कर्मचारी उपलब्ध रहें।

# बच्चों का जल्द से जल्द बनवाएं हेल्थ कार्ड : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को जिला शिक्षा स्थापना समिति एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मोनिटरिंग कमेटी की बैठक की। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने शिक्ष स्थापना समिति में रखें गए चार विषयों पर क्रमवार समीक्षा किया। इस क्रम में शिक्षकों को नई पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में अनुमान्यता पर कमेटी द्वारा लिए निर्णय को अनुमोदित किया। पांच शिक्षकों को सेवा सम्पुष्टि की स्वीकृति दी। वहीं, शेष मामलों में राज्य मुख्यालय से मार्ग-दर्शन प्राप्त करने को निर्देश दिया। उधर, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मोनिटरिंग कमेटी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का सामाजिक अंकेक्षण कराने, योजना के अंतर्गत रसोईया-सह-सहायिकाओं के पुनश्चर्या प्रशिक्षण का आयोजन करने, कृषि विज्ञान केंद्र से समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों में पोषण वाटिका का विकसित करने का निर्देश दिया। बैठक क्रम में उपायुक्त ने विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का हेल्थ कार्ड निर्माण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराते हुए हेल्थ कार्ड निर्माण करने के दिशा में कार्य करने को कहा। इसके लिए सिविल सर्जन से बच्चों के स्वास्थ्य जांच के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षकों की विद्यालय में उपस्थिति शत प्रतिशत होने एवं उनके समस्याओं का निराकरण डीईओ झ्र डीएसई द्वारा नियमित करने को कहा। उपायुक्त ने अगली समीक्षा बैठक डीईओ/डीएसई कार्यालय में ही करने की बात कहीं।




# अंचल स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बलियापुर अंचल में अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अंचल स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। जिसमे खनिजो के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के लिए बहुत से अहम फैसले लिए गये। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गोल्डन पहाड़ी गोकुल पथ बिल थोड़ा एवं सुरंगा एरिया में किए जा रहे ओबी डंप के कारण वहां रह रहे निवासियों को संकट का सामना करना पड़ रहा है इसे कभी भी हादसा हो सकता है। इसके लिए बीसीसीएल प्रबंधन को निर्देशित किया गया था कि अविलंब एक सर्वे रिपोर्ट देने को कहा गया था जिस पर बीसीसीएल प्रबंधन ने आज कहा की दो दिनों के अंदर रिपोर्ट अंचल कार्यालय को उपलबध करा दिया जायेगा साथ ही प्रबंधक द्वारा कहा गया है अभी तक जितने लोगों को आवास आवंटित हुई है और जिनको होना है उसकी भी संयुक्त रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध करा दी जाएगी। बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि पहाड़ीगोड़ा के इलाके में अवैध उत्खनन की सूचना है। इस पर सीआईएसफ, बीसीसीएल थाना एवं अंचल की संयुक्त टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। अभी कहीं भी कोई उत्खनन नहीं हो रहा है। आज भी वन भूमि पर ओबी डंप के मामले को प्रमुखता से बैठक में उठाया गया, जिसमें बीसीसीएल के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि हमलोगों के द्वारा आउटसोर्सिंग कंपनी को वन भूमि में एनओसी नहीं दिया गया है, बल्कि आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा जबरन वन भूमि में ओबी डंप किया जा रहा है जो गैर कानूनी तरीके से किया जा रहा है। बीसीसीएल के द्वारा बताया गया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा ओबी हटाया जा रहा है ' बैठक में बीसीसीएल को निर्देशित किया गया था कि अपने जमीन का सर्वे करते हुए उसे पर बाड लगाने का काम जल्द शुरू करें या तत्काल सीमांकन करें। बीसीसीएल प्रबंधक इस पर कार्य कर रही है चुकी कोलियरी प्रोग्रेसिव है इसीलिए बाड़ लगाने में समस्या आ रही है। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीसीसीएल (लौदना, बस्ताकोला), समादेष्टा, सी.आई.एस. एफ, बलियापुर, प्रक्षेत्र, थाना प्रभारी (बलियापुर, तीसरा) एवं ओ पी प्रभारी, अलकडीहा उपस्थित थे।



## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव संबंधित प्रशिक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरकारी कल्याणकारी योजना से जुड़ाव तथा जेंडर समानता को लेकर सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान रिसोर्स पर्सन प्रकाश कुमार झा ने बताया कि किशोरियों तथा महिलाओं के लिए सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं, जिसकी जानकारी सभी के पास होना चाहिए। सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव हेतु सभी दस्तावेजों को हमेशा अपडेट रखने की जरूरत है । तथा ऑनलाइन तथा ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन किया जाना है। इस दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, स्कूली छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण योजना, मैया सम्मान योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना , गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई । तथा सभी योग्य लाभुकों को आवेदन की प्रक्रिया समझाइए गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि लड़के-लड़कियों के बीच व्याप्त जेंडर विभेद को दूर करने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाएं हैं, जिस पर चरणबद्ध तरीके से लाभ प्राप्त किया जा सकता है । उन्होंने कहा सहयोगिनी के द्वारा कसमार प्रखंड के 30 गांव में किशोरी नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से लड़कियां सबल हो रही है। इस दौरान सहयोगिनी की मंजू देवी, सीमा रजवार, नीतू मुर्मू आदि उपस्थित थी।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com